दैनिक

राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

करनाल

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26

www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com

मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी | संपादक - डा.के.के.संधू | प्रबन्ध संपादकः सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227 वर्ष 9 अंक 166 बुधवार 17 जून, 2026 Wednesday 17 June, 2026 मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12 मोब :9416406615,7404278000,9215537704


### सोरेन सरकार का फैसला, अब जंगली जानवर के हमले में मौत पर मिलेंगे 10 लाख

**रांची,16 जून ( निस ) :** झारखंड सरकार ने जंगली जानवरों के हमले से मौत होने पर मुआवजे की राशि चार लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने को मंजूरी दे दी। यह फैसला सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। कैबिनेट सचिवालय की अतिरिक्त मुख्य सचिव वंदना डडेल ने बताया कि( शेष पृष्ठ दो पर )









## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विकास को लेकर रिजनल प्लान 2041 होगा तैयार

### केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की 42वीं बैठक में लिया गया निर्णय

### एनसीआर के एरिया में नहीं होगा कोई बदलाव - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**एनसीआर में आरआरटीएस के साथ विकसित होंगे चार नए ग्रीन फील्ड नमो सिटी**




चंडीगढ़, 16 जून (अमृतपाल सिंह) केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआर प्लानिंग बोर्ड) की 42वीं बैठक हुई। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा व राजस्थान के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा इस बैठक में शामिल हुए।हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बैठक के उपरांत संवाददाताओं से बातचीत के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। आज बैठक में तय किया गया कि राष्ट्रीय( शेष पृष्ठ दो पर )

## जी7 सम्मेलन में गर्मजोशी से मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप



**नई दिल्ली 16 जून ( निस ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस के एवियन में G7 समिट के दौरान गर्मजोशी से हाथ मिलाया; यह 16 महीनों में उनकी पहली आमने-सामने की मुलाकात थी। यह मुलाकात तब हुई जब नेता फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मेज़बानी में हो रहे समिट के लिए इकट्ठा हुए थे। कार्यक्रम स्थल से आई तस्वीरों में पीएम मोदी को ट्रंप का मुस्कुराते हुए अभिवादन करते देखा गया, जिसके बाद दोनों नेता दुनिया के अन्य नेताओं के साथ अपनी-अपनी जगह पर बैठे। हालांकि, मोदी-ट्रंप की मशहूर गले मिलने वाली तस्वीर इस बार देखने को नहीं मिली। पीएम मोदी और ट्रंप के बीच यह मुलाकात, फरवरी 2025 में पीएम की वॉशिंगटन यात्रा के बाद आमने-सामने की पहली बातचीत थी। यह यात्रा ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर अपना दूसरा कार्यकाल शुरू करने के कुछ ही समय बाद हुई थी। दोनों नेताओं की यह मुलाकात भारत-अमेरिका संबंधों में हालिया तनाव के माहौल में हुई; यह तनाव ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी घटनाओं और भारतीय सामानों पर अमेरिकी टैरिफ के कारण बढ़ा था। प्रधानमंत्री मोदी समिट में हिस्सा लेने के लिए दो दिन के दौरे पर एवियन पहुंचे। यह G7 समिट में प्रधानमंत्री मोदी की लगातार सातवीं मौजूदगी है, जो वैश्विक चर्चाओं में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है। समिट के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम उच्च-स्तरीय कूटनीतिक मुलाकातों से भरा हुआ है। वह कई द्विपक्षीय बैठकें करेंगे, जिनमें कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और UAE( शेष पृष्ठ दो पर )

## नीट री-एग्जाम तक भारत में टेलीग्राम पर रोक

**नई दिल्ली 16 जून ( निस ) :** भारत सरकार ने नीट की दोबारा परीक्षा को लेकर भारत में टेलीग्राम मैसेजिंग एप के इस्तेमाल पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। एनटीए ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 69ए के तहत टेलीग्राम पर रोक लगाई है। यह रोक 22 जून 2026 तक रहेगी। हालांकि आदेश कब से लागू होगा, इसकी तारीख नहीं दी गई है।नीट री-एग्जाम 21 जून को होगा। सरकार ने एग्जाम के बाद भी टेलीग्राम को अपना मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद रखने का निर्देश दिया है। यानी भारत में टेलीग्राम( शेष पृष्ठ दो पर )

## धैर्य, विवेक और दूरदर्शिता सफलता की कुंजी- प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली 16 जून ( निस ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक संस्कृत सुभाषित साझा करते हुए धैर्य, विवेक और दूरदर्शिता के महत्व को रेखांकित करते हुए समझाइश दी है। उन्होंने कहा कि सुख-समृद्धि और सफलता उन्हीं लोगों को प्राप्त होती है जो हर निर्णय सोच-समझकर और पूरी समझदारी के साथ लेते हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पोस्ट में लिखा, धैर्य, विवेक और दूरदर्शिता से किए गए कार्यों से ही सुख-समृद्धि के द्वार खुलते हैं, इसलिए हर निर्णय में पूरी समझदारी जरूरी है, क्योंकि सोच-समझकर उठाया गया कदम ही सफलता का आधार बनता है। इस संदेश के साथ उन्होंने संस्कृत का एक श्लोक भी साझा किया, यथा-

**सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।**
**वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव सम्पदः॥**

इस श्लोक का भावार्थ बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी कार्य को बिना विचार किए नहीं करना चाहिए, क्योंकि अविवेकपूर्ण निर्णय बड़ी समस्याओं और विपत्तियों का कारण बन सकते हैं। इसके विपरीत, जो व्यक्ति धैर्य और विवेक के साथ हर पहलू पर विचार कर निर्णय लेता है, सफलता और समृद्धि स्वयं उसका साथ देती हैं।

**नवाचार और विविधता पर भी साझा कर चुके हैं सुभाषित** - इससे पहले 15 जून को प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य संस्कृत सुभाषित साझा किया था, जिसमें विविधता, नवाचार और सृजनात्मक सोच के महत्व को रेखांकित किया गया था। उन्होंने कहा था कि प्रत्येक व्यक्ति की सोच, प्रतिभा और कार्यशैली अलग( शेष पृष्ठ दो पर )

## पीएम को तीन भारतीय नाविकों की मौत का मामला ट्रंप के समक्ष उठाना चाहिए-प्रियंका



नई दिल्ली, 16 जून(निस) कांग्रेस सांसद एवं पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने तीन भारतीय नागरिकों की मौत को लेकर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने इस मुद्दे (अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत का मामला) को उठाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर हैरानी जाहिर की है कि अभी तक इस मामले पर सरकार ने खुलकर कोई बात ही नहीं की है। कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, पीएम मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के सामने तीन भारतीय नाविकों की मौत का मामला उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह( शेष पृष्ठ दो पर )

## आधार का इस्तेमाल केवल पहचान तक सीमित रहे- सुप्रीम कोर्ट का केंद्र और राज्यों को नोटिस



**नई दिल्ली 16 जून ( निस ) :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महत्वपूर्ण जनहित याचिका पर सुनवाई कर केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों, केंद्रशासित प्रदेशों, भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) को नोटिस भेजा है। याचिका में यह सुनिश्चित करने की मांग की गई है कि आधार का उपयोग केवल पहचान के प्रमाण के रूप में करे, न कि नागरिकता, निवास, पते या जन्मतिथि के सबूत के तौर पर इसका उपयोग किया जाए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर सहमति जताकर संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में बताया गया है कि आधार अधिनियम, 2016 की धारा 9 स्पष्ट रूप से कहती है कि आधार नागरिकता या निवास का प्रमाण नहीं है। यूआईडीएआई के अपने दिशानिर्देश भी स्पष्ट करते हैं कि आधार केवल पहचान का सबूत है, न कि नागरिकता, पते( शेष पृष्ठ दो पर )

## शिक्षक भर्ती मामले में ईडी के सामने पेश हुए अभिषेक,कई घंटों तक चली पूछताछ



**कोलकाता,16 जून ( निस ) :** शिक्षक भर्ती से जुड़े कथित घोटाले की जांच के तहत तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को लंबी पूछताछ की। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब एक दिन पहले ही उनसे एक अन्य मामले में राज्य की जांच एजेंसी द्वारा भी सवाल-जवाब किए गए थे। सूत्रों के अनुसार, ईडी के समन पर अभिषेक बनर्जी सुबह कोलकाता स्थित एजेंसी के कार्यालय पहुंचे, जहां उनसे आठ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई। जांच एजेंसी ने कथित शिक्षक भर्ती अनियमितताओं और उससे जुड़े वित्तीय लेन-देन के संबंध में उनका बयान दर्ज किया। अधिकारियों ने वित्तीय दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और अन्य आरोपियों के बयानों के आधार पर उनसे कई सवाल किए। जांच से जुड़े सूत्रों का कहना( शेष पृष्ठ दो पर )

## ईडी ने मुंबई, खंडाला और नई दिल्ली में 17 स्थानों पर मारे छापे- मनी लॉन्ड्रिंग और फर्जी लोन ट्रांसफर मामले में कार्रवाई




**नई दिल्ली 16 जून ( निस ) :** यस बैंक से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और फर्जी लोन ट्रांसफर मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने मुंबई, खंडाला और नई दिल्ली में 17 स्थानों पर छापे मारे। जांच का केंद्र उन सौदों पर है, जिनमें संकटग्रस्त संपत्तियों को कम कीमत पर हासिल करने, फर्जी दावों और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन के जरिए फायदा पहुंचाने के आरोप हैं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईडी के मुंबई जोनल ऑफिस-1 ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया है। यह कार्रवाई मुंबई, खंडाला और नई दिल्ली में एक साथ की गई। जांच एजेंसी ने कुल 17 स्थानों पर छापेमारी कर अहम दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जुटाने की कोशिश की। मामला यस बैंक और कुछ एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनियों के बीच मिलीभगत से जुड़ा हुआ है।ईडी ने जिन संस्थाओं और लोगों के परिसरों पर छापेमारी की है, उनमें सुरक्षा एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, सुरक्षा रियल्टी लिमिटेड, ख्याति रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड और इनके प्रमोटर, निदेशक और कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा यस बैंक के एक पूर्व कर्मचारी को भी जांच के दायरे में लिया गया है। एजेंसी को शक है कि इन संस्थाओं और व्यक्तियों की भूमिका संदिग्ध वित्तीय लेनदेन में रही हो सकती है। जांच का मुख्य आधार यस बैंक के एक बड़े लोन खाते से जुड़ा है। ईडी के मुताबिक वित्त( शेष पृष्ठ दो पर )

## योगमय हुआ हरियाणा विधान सभा परिसर

### मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों ने लिया योग प्रोटोकॉल अभ्यास में भाग



**चंडीगढ़,16 जून ( के.के. संधू ):**12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा विधान सभा परिसर मंगलवार को योगमय वातावरण से सराबोर हो गया। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में आयोजित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, मुख्य सचेतक रामकुमार कश्यप, अनेक विधायक, वरिष्ठ अधिकारी तथा विधान सभा के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगाभ्यास किया। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन योगाचार्य डॉ. जयदीप आर्य और उनकी टीम ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की गौरवशाली धरोहर है, जिसकी प्रासंगिकता वैदिक साहित्य से लेकर आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधानों तक निरंतर प्रमाणित होती रही है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को आत्मबोध और आत्म-साक्षात्कार की दिशा में अग्रसर करता है तथा संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज यह विश्व समुदाय के लिए भारत की अमूल्य देन बन चुका है। विकसित भारत-2047 के संकल्प की सफलता के लिए प्रत्येक नागरिक का स्वस्थ, ऊर्जावान और जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी सकारात्मकता, ऊर्जा और कार्यक्षमता के पीछे नियमित योगाभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका है। विधान सभा अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार के 'योग युक्त-नशा मुक्त' अभियान की( शेष पृष्ठ दो पर )

## कांग्रेस की घर वापसी मुहिम:वेणुगोपाल और गहलोत ने दिए पुराने साथियों को लौटने के संकेत



**नई दिल्ली 16 जून( निस ) :** हाल के दिनों में कांग्रेस पार्टी से अलग हुए धड़ों की संभावित वापसी को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं जारी हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी जैसी पार्टियों के कांग्रेस में विलय की अटकलों के बीच, कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने अपने पुराने सदस्यों और समान विचारधारा वाले दलों को घर वापसी का निमंत्रण दे दिया है। यह पहल विपक्षी एकता को मजबूत करने और आगामी चुनावों में भाजपा के खिलाफ एक सशक्त मोर्चा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल ने हाल ही में स्पष्ट किया कि जो भी कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास रखता है, उसका पार्टी में स्वागत है। उन्होंने कहा कि इसतरह के विलय और घर वापसी से भाजपा की फासीवादी ताकतों के खिलाफ लड़ाई और मजबूत होगी। वेणुगोपाल ने कहा कि जो भी पार्टियां कांग्रेस में शामिल होना चाहती हैं, वे उनसे संपर्क कर सकती हैं। हालांकि, उन्होंने तुरंत स्पष्ट किया कि एआईसीसी के पास फिलहाल विलय का कोई औपचारिक प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है और ये सभी बातें मीडिया की अटकलें मात्र हैं। बात दें कि वेणुगोपाल से पहले, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने भी इसतरह की बात कही थी। उन्होंने उद्धव ठाकरे की शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत के सुझाव का समर्थन किया था, जिसमें कहा गया था कि कांग्रेस से अलग हुए क्षेत्रीय दलों( शेष पृष्ठ दो पर )

## पृष्ठ एक का शेष...

### कांग्रेस की घर वापसी मुहिम:वेणुगोपाल और गहलोत ...

को वापस कांग्रेस में शामिल होना चाहिए। पूर्व सीएम गहलोत ने जोर दिया था कि देश में लोकतंत्र खतरे में है और विपक्षी एकता समय की मांग है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस से अलग हुई पार्टियां वापस आती हैं और राहुल गांधी को पूरे दिल से अपना नेता स्वीकार करती हैं, तब इससे देश भर में मतदान का पैटर्न पूरी तरह बदल सकता है। गहलोत का मानना है कि जनता अब नरेंद्र मोदी बनाम राहुल गांधी का सीधा मुकाबला देखना चाहती है, और यदि विपक्ष इस मोर्चे पर एकजुट होकर राहुल गांधी के पीछे खड़ा होता है, तब आगामी चुनावों की तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है।

### राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विकास को लेकर ....

राजधानी क्षेत्र के क्षेत्रीय दायरे में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और वर्तमान सीमा बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का रीजनल प्लान-2041 पर चर्चा हुई। इसमें एनसीआर के भविष्य के विकास, शहरी नियोजन, पर्यावरण संरक्षण, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और सस्टेनेबल ग्रोथ से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई।रीजनल प्लान-2041 को अंतिम रूप देने के लिए केंद्र सरकार और संबंधित राज्य सरकारों (हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान एवं दिल्ली) के वरिष्ठ अधिकारियों की एक सब-कमेटी गठित की गई है। यह सब-कमेटी 15 अगस्त, 2026 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट बोर्ड को सौंपेगी।मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी योजना बोर्ड की अगली बैठक दिसंबर 2026 में गुरुग्राम (हरियाणा) में आयोजित की जाएगी। आज की बैठक में आरआरटीएस (रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम) के साथ-साथ चार नए ग्रीनफील्ड शहर विकसित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बोर्ड के सभी सदस्य राज्य एक-एक नए ग्रीन फील्ड शहर की विकास योजना भेजेंगे। नमो सिटी के नाम से विकसित होने वाले यह शहर आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और आत्मनिर्भर शहरी केंद्र के रूप में विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी योजना बोर्ड के इन निर्णयों से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र का संतुलित और सशक्त विकास सुनिश्चित होगा। हरियाणा सरकार एनसीआर के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और ग्रीनफील्ड शहरों तथा आरआरटीएस परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कातिकिथाला, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर सहित एनसीआर क्षेत्र से संबंधित राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### शिक्षक भर्ती मामले में ईडी के सामने पेश हुए अभिषेक,कई ...

है कि पूछताछ के दौरान बनर्जी ने खुद को एक सामान्य और जमीनी स्तर का राजनीतिक कार्यकर्ता बताते हुए कथित घोटाले से किसी भी प्रकार के संबंध से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। हालांकि, जांच एजेंसी उनके जवाबों और प्रस्तुत तथ्यों का विस्तृत परीक्षण कर रही है। ईडी का मुख्य फोकस कथित रूप से अवैध तरीके से अर्जित धन के स्त्रोत और उसके प्रवाह का पता लगाना है। जांचकर्ता यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि धन का प्रबंधन किस स्तर पर किया गया, उसे किन खातों और संस्थाओं के माध्यम से स्थानांतरित किया गया तथा क्या उसकी वास्तविक उत्पत्ति को छिपाने के लिए जटिल वित्तीय लेन-देन का सहारा लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ के दौरान पहले जमा किए गए दस्तावेजों और हाल में प्राप्त सामग्री के बीच सामने आई विसंगतियों को लेकर भी स्पष्टीकरण मांगा गया। इसके अलावा, फॉरेंसिक विश्लेषण में सामने आए कथित बिचौलियों और लाभार्थी संस्थाओं की भूमिका पर भी सवाल उठाए गए।जांच एजेंसी का कहना है कि उसने बैंक खातों से जुड़े रिकॉर्ड और संचार संबंधी डेटा एकत्र किए हैं, जिनके आधार पर कई व्यक्तियों की संभावित भूमिका की पड़ताल की जा रही है।


**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।
**मोब: 9416406615**

**पाठकों हेतु आवश्यक सूचना**

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

**सूचना**

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।
**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

**सदा आपके साथ**

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp**: 9896359037,8307425115

**आवश्यक सूचना**

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**



कृष्ण कुमार सन्धु,सम्पादक,पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )
PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227


### योगमय हुआ हरियाणा विधान सभा ...

सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने अपने विधान सभा क्षेत्र घरौंडा के गांव अलीपुर खालसा की योगशाला का उल्लेख करते हुए बताया कि हाल ही में सुबह के समय वहां 45 से 50 युवाओं को नियमित योगाभ्यास करते देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि योगशालाएं युवाओं को अनुशासित, स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की दिशा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विधान सभा, प्रदेश सरकार और पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारी कैपिटल कॉम्प्लेक्स में सामूहिक योगाभ्यास करें, ताकि समाज में एक प्रेरणादायक संदेश जाए। योग को संविधान के मूल्यों से जोड़ने का समय है।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा 'योग युक्त-नशा मुक्त' अभियान युवाओं को स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की दिशा देने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल आसनों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को संतुलित, अनुशासित और सार्थक बनाने की संपूर्ण पद्धति है। विधान सभा परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम इस बात का प्रतीक है कि हरियाणा का नेतृत्व और जनजीवन योग आधारित स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री ने कहा कि योग सुशासन और जनसेवा का भी आधार है, क्योंकि स्वस्थ और तनावमुक्त व्यक्ति अधिक प्रभावी ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। राज्य के 883 गांवों में स्थापित व्यायामशालाओं में नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है, जहां 859 आयुष योग सहायक सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा 397 आयुष औषधालय संचालित किए जा रहे हैं तथा 109 उप-स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित किया गया है। यहां 156 योग प्रशिक्षक नियुक्त किए गए हैं।मुख्यमंत्री ने बताया कि नई पीढ़ी को योग से जोड़ने के उद्देश्य से पहली से दसवीं कक्षा तक योग को अनिवार्य विषय बनाया गया है। उच्च शिक्षण संस्थानों में योग क्लब स्थापित किए गए हैं। उन्होंने सरकारी कार्यालयों में लागू 'योग ब्रेक' पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे कर्मचारियों के तनाव में कमी आई है तथा उनकी कार्यक्षमता और उत्पादकता में सकारात्मक वृद्धि हुई है।कार्यक्रम के दौरान योगाचार्य डॉ. जयदीप आर्य ने योग प्रशिक्षक डॉ. जसप्रीत कौर, रमेश भाटी तथा उनकी टीम के साथ प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया और नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। डॉ. आर्य ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम रखा है। हरियाणा योग आयोग इसी थीम को आधार बनाकर कार्य कर रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधायकगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### ईडी ने मुंबई, खंडाला और नई दिल्ली में 17 स्थानों पर मारे ...

वर्ष 2016-17 और 2017-18 में मैसर्स मैकस्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के लोन और इस तरह के अन्य कर्ज खातों के असाइनमेंट में कअनियमितताएं हुई थीं। आरोप है कि इन लोन खातों को ऐसे तरीके से ट्रांसफर किया गया, जिससे कुछ पक्षों को अनुचित लाभ पहुंचाया जा सके। अब एजेंसी इस पूरे वित्तीय ढांचे की गहराई से जांच कर रही है। ईडी को शक है कि कुछ एआरसी और यस बैंक के बीच मिलीभगत के तहत सर्कुलर ट्रांजेक्शन किए गए। इन लेनदेन के जरिए संकटग्रस्त परिसंपत्तियों पर धोखाधड़ी से नियंत्रण हासिल करने की कोशिश की गई। जांच एजेंसी यह भी देख रही हैं कि कहीं नीलामी के दौरान संपत्तियों का मूल्य जानबूझकर कम तो नहीं आंका गया था। इसके साथ ही फर्जी या बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए दावों की भी जांच की जा रही है। ईडी की जांच राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण की कॉर्पोरेट इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोसेस से जुड़े पहलुओं तक पहुंच गई है। ईडी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कहीं लेनदारों के वोटिंग अधिकारों का गलत इस्तेमाल तो नहीं हुआ और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता प्रभावित तो नहीं की गई। तलाशी अभियान का उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े ठोस सबूत जुटाना है। आने वाले दिनों में इस मामले में और खुलासे होने की संभावना है।

### सोरेन सरकार का फैसला, अब जंगली जानवर ...

कैबिनेट ने जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान के लिए राज्य की मुआवजा नीति में बदलाव को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने बताया कि संशोधित नियमों के तहत, जंगली जानवरों के हमलों के कारण गंभीर रूप से घायल होने पर मिलने वाले मुआवजे को मौजूदा 1.5 लाख रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपए कर दिया है। वहीं, मामूली रूप से घायल होने पर मुआवजे की राशि को 25,000 से बढ़ाकर 35,000 रुपए कर दी है। इसके साथ ही हमले के कारण होने वाली स्थायी विकलांगता के मामले में मुआवजे की राशि को 3.25 लाख रुपए से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपए कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने मुआवजे का समय पर वितरण करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया को भी मंजूरी दे दी है। वंदना डडेल ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत, मुखिया द्वारा प्रमाणन किए जाने पर मृतक के परिवार को एक लाख रुपए की तत्काल राहत राशि मिलेगी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृत्यु प्रमाण पत्र जमा करने पर शेष नौ लाख रुपए जारी किए जाएंगे।

### आधार का इस्तेमाल केवल पहचान तक सीमित

... या जन्मतिथि का सबूत है। इसके बावजूद, यह दस्तावेज व्यापक रूप से स्कूल में दाखिले, प्रॉपर्टी के लेनदेन, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और नए वोटर रजिस्ट्रेशन (फॉर्म-6) जैसे विभिन्न कार्यों के लिए उम्र, निवास, नागरिकता और पते के सबूत के तौर पर स्वीकार किया हो रहा है। याचिकाकर्ता ने नए वोटर रजिस्ट्रेशन में जन्मतिथि और निवास के लिए आधार के उपयोग को विशेष रूप से चुनौती दी है, इस आधार और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के खिलाफ बताया है। याचिका में तर्क दिया गया है कि आधार नामांकन फ्रेमवर्क के तहत, भारत में करीब 182 दिनों से रह रहे विदेशी नागरिक भी आधार प्राप्त करने के हकदार हैं। आरोप है कि इस ढीले वेरिफिकेशन सिस्टम का फायदा उठाकर कथित घुसपैठिए और अवैध प्रवासी आधार कार्ड पा लेते हैं। वे बाद में इन आधार कार्डों का उपयोग राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और वोटर पहचान पत्र जैसे अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज प्राप्त करने के लिए करते हैं। यह प्रक्रिया आधार अधिनियम के तहत स्थापित पहचान फ्रेमवर्क की विश्वसनीयता को कमजोर करती है और अयोग्य लोगों को सब्सिडी और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने में मदद करती है, जिससे सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग होता है और वास्तविक लाभार्थियों को वंचित होना पड़ता है।

### धैर्य, विवेक और दूरदर्शिता सफलता की कुंजी-

... होती है तथा यही विविधता नई संभावनाओं और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रधानमंत्री ने उस अवसर पर कहा था कि जैसे हर जल स्त्रोत का स्वाद अलग होता है, उसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति अपनी विशिष्ट प्रतिभा और योग्यता के कारण अलग पहचान रखता है। इन विविध क्षमताओं के समन्वय से ही नवाचार और विकास संभव होता है।

**नारी शक्ति को बताया था राष्ट्र निर्माण की आधारशिला** - इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 12 जून को भी एक संस्कृत श्लोक साझा कर नारी शक्ति के योगदान को रेखांकित किया था। उन्होंने कहा था कि भारत की माताएं, बहनें और बेटियां राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं और वे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और कौशल से देश का गौरव बढ़ा रही हैं।

# सफलता हमेशा क्षमता और अवसर से मिलती है : मंत्री अनिल विज

*शहर में नया बल्ब जगता है तो मेरा दिल भी खुशी से जग उठता है फीनिक्स क्लब में नए हॉल के उद्घाटन पर बोले ऊर्जा मंत्री अनिल विज*




**अम्बाला, 16 जून (रवि पाहुजा):** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि शहर में कहीं नया बल्ब जगता है तो मेरा दिल भी खुशी से जग उठता है, आज सेंट्रल फीनिक्स क्लब में आपने नए हॉल का निर्माण कर अम्बाला छावनी में कुछ नया जोड़ दिया है जहां विभिन्न वर्गों के लोग कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे। विज गत देर शाम अम्बाला छावनी के सेंट्रल फीनिक्स क्लब में नवनिर्मित सैफरान हॉल के उद्घाटन के उपरांत क्लब सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उनके कार्यक्रम में पहुंचने पर क्लब चेयरमैन शैलेंद्र खन्ना व अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में बहुत ही सुंदर हाल का निर्माण किया गया है और इसकी आवश्यकता भी थी। पहले दो हाल थे जिनको जोड़कर एक बनाया गया है। लोगों को कार्यक्रम आयोजन के लिए यह बेहतर स्थान मिलेगा। इसके अलावा यहां अन्य कई गतिविधियां हो सकेंगी। इस अवसर पर क्लब महासचिव अश्विनी भाटिया, कोषाध्यक्ष सौरभ गांधी, संयुक्त सचिव संजय अग्रवाल, सदस्य धीरज भंडारी, संजीव जैन, सुनीत जैन, हरनीत सिंह, विशाल हांडा, राजीव गोयल, विकास चौना, संजीव वालिया, डा. नीरज पराशर, नरेश साही, नवल सूद व अन्य मौजूद रहे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने क्लब चेयरमैन शैलेंद्र खन्ना की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह उन्हें अच्छी तरह जानते हैं। इनमें कुछ न कुछ नया, सुंदर और बेहतर करने की हर समय ललक रहती है और यह मेरे छोटे भाई की तरह हैं। कुछ नया कर वहीं कर सकता है जिसके पास क्रिएटीविटी हो, क्रिएटीविटी होगा और करने का अवसर नहीं मिलेगा। क्रिएटीविटी शैलेंद्र खन्ना में थी और आप सदस्यों ने इन्हें चेयरमैन बना दिया जिस कारण इन्हें काम करके दिखाने का अवसर मिला। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि हर आदमी में कोई न कोई क्षमता होती है। सफलता हमेशा क्षमता और अवसर से मिलती है, यदि आप में क्षमता है और आपको अवसर नहीं मिला तो सफलता नहीं मिलेगा, इसी प्रकार यदि अयोग्य व्यक्ति को अवसर मिलता है तो भी उसे सफलता नहीं मिलेगी। यह हम हर तरफ देखते हैं। सारे देश, प्रदेश व जिले में नजर दौड़ाकर देख सकते हैं कि अवसर तो मिला मगर किया कुछ नहीं। अनेकों लोग है जिन्हें अवसर मिला है मगर उन्होंने कुछ नहीं किया। अवसर लेने के लिए भी कई प्रकार के तंत्र-मंत्र लड़ाए जाते हैं। हमारी राजनीति में भी कई तरह के दांव लोग लगाते हैं। कई बार अवसर मिल भी जाता है मगर परिणाम शून्य ही होता है, इसलिए दोनों का मिलना जरूरी है। हमारा संसार क्रिएटिव लोगों से ही भरा हुआ है। मानव ने धीरे-धीरे विकास के रथ को आगे बढ़ाया और जो लोग करना चाहता है यह उन्हीं का कमाल है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि एक बार एक सज्जन ने लोगों के बीच उन्हें समस्या बताई कि अम्बाला के लड़कों की शादी नहीं होती क्योंकि यहां कोई घूमने-फिरने की जगह नहीं है, इसलिए कोई लड़की यहां ब्याह कर आना नहीं चाहती। मगर अब हमने अम्बाला छावनी में कई सुंदर स्थान घूमने-फिरने के बना दिए, सुभाष पार्क में तो महिलाएं व अन्य वर्गों के लोग झूमते-नाचते है और इसका लुत्फ उठाते है। फीनिक्स क्लब भी इस प्रकार लोगों को छू रहा है जहां सदस्य आते हैं।

# प्राकृतिक खेती अपनाकर आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ भविष्य दें : श्याम सिंह राणा



**मोरनी, 16 जून (अरुण वर्मा):** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पंचकूला द्वारा प्राकृतिक खेती जागरूकता अभियान के तहत गांव बिधना भोज नाइटा खंड मोरनी में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय श्याम सिंह राणा कृषि मंत्री महोदय ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि रासायनिक खेती को त्यागकर प्राकृतिक खेती को अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती के दुष्परिणाम आज समाज के सामने स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। कीटनाशकों एवं रासायनिक तत्वों के अवशेष हमारे खाद्य पदार्थों के माध्यम से मानव शरीर तक पहुंच रहे हैं तथा नवजात बच्चों तक भी इनका प्रभाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी भूमि, जल, पर्यावरण तथा आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाएं और एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करें। गोष्ठी को संबोधित करते हुए खंड कृषि अधिकारी डॉ. मुकेश भांखड़ ने किसानों को फसलों में लगने वाली सुंडी के प्रभावी प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कीटनाशकों के लगातार उपयोग से कीटों में प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है, जिसके कारण समय के साथ उनका प्रभाव कम हो जाता है। परिणामस्वरूप किसानों को बार-बार स्प्रे करना पड़ता है, जिससे खेती की लागत बढ़ती है। उन्होंने बताया कि मक्का, टमाटर एवं अन्य फसलों में सुंडी नियंत्रण के लिए फेरोमोन ट्रैप का उपयोग अत्यंत लाभकारी है। फेरोमोन ट्रैप खेत में संकेतक का कार्य करते हैं और पतंगों (मॉथ) की उपस्थिति की जानकारी देते हैं। सही समय पर नियंत्रण उपाय अपनाकर किसान सुंडी के प्रकोप को प्रभावी ढंग से रोक सकते हैं जब मोथ फेरोमोन ट्रैप में पकड़ा जाए अन्यथा स्प्रे की जरूरत नहीं होती द्व किसान नियंत्रण के उपाय सिर्फ सुंडी को सेखर करता है है जबकि उपायमोथ को देखकर करना चाहिए द्व एक मोथ लगभग 200 अंडे देती है उसके बाद वो सुंडिया बनती है हमे नियंत्रण मोथ का ही करना है। इस अवसर पर किसानों ने पहाड़ी क्षेत्रों में प्रतिवर्ष होने वाले भूमि कटाव की समस्या भी उठाई। इस पर माननीय मंत्री महोदय ने संबंधित अधिकारी डॉ. राहुल बड़कोदिया, एएससीओ पंचकुला से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि भूमि संरक्षण कार्यों के लिए लगभग 2000 सिर्फडंगों के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि उपलब्ध बजट के तहत केवल लगभग लाभाग 44 डंगों का कार्य मोरनी के सात भोज में हुए है द्व जबकि लगभग 450 कार्य इनमें रिटेनिंग वॉल, क्रेट वायर स्ट्रक्चर, डाइवर्जन बंड, ड्रॉप स्ट्रक्चर एवं सिंचाई टैंक जैसे कार्य शामिल हैं वो हो पाए है। मंत्री ने संबंधित विभाग को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा आश्वासन दिया कि हरियाणा सरकार एवं भारत सरकार के स्तर पर आवश्यक बजट उपलब्ध करवाने के लिए गंभीर प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में कृषि विभाग से डॉ. सुरेंद्र यादव (जेडीए), डॉ. राकेश पोरिया (डीडीए), डॉ जेपी. शर्मा (एसडीएओ), डॉ संजय सेलवाल (एसएमएस-पीपी), डॉ. पुनिया (क्यूसीआई) डॉ हेमराज मोरनी तथा बागवानी विभाग से डॉ. प्रत्युष (एचडीओ) मोरनी सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# फॉरेस्ट कॉम्प्लेक्स पिंजौर में जनकल्याणकारी योजनाओं का विशेष शिविर आयोजित



**पिंजौर, 16 जून (अजीत सिंह,अख्तर फ़ारूक़ी):** कृष्ण लाल लाम्बा नगर परिषद चेयरमैन ने बताया कि फॉरेस्ट कॉम्प्लेक्स, पिंजौर में आयोजित जनकल्याणकारी योजनाओं के विशेष शिविर में उपस्थित होने का उन्हें अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विधायक शक्ति रानी शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में आमजन को आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। ऐसे शिविरों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलती है तथा सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता है।

### नीट री-एग्जाम तक भारत में टेलीग्राम ...

पर पहले से भेजे गए मैसेज 30 जून तक एडिट नहीं हो पाएंगे। एनटीए के मुताबिक कुछ लोग टेलीग्राम का इस्तेमाल परीक्षाओं में पेपर लीक होने के फर्जी सबूत बनाने के लिए करते रहे हैं। ऐसे मामलों को रोकने और परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### जी7 सम्मेलन में गर्मजोशी से मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ...

के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बातचीत शामिल है। इन मुलाकातों में संबंधों को मजबूत करने और अहम क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। शाम को वह फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित गाला डिनर में अन्य विश्व नेताओं के साथ शामिल होंगे। इस समिट के एजेंडे में ग्लोबल इकोनॉमिक स्टेबिलिटी, एनर्जी सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, यूक्रेन और मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्षों और व्यापक जियोपॉलिटिकल घटनाक्रमों पर फोकस किए जाने की उम्मीद है। हालांकि भारत G7 का सदस्य नहीं है, फिर भी वह इस फोरम में नियमित रूप से शामिल होता रहा है। उम्मीद है कि नई दिल्ली इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल ग्लोबल साउथ की चिंताओं को उजागर करने और विकासशील देशों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर ज़्यादा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए करेगी।

### पीएम को तीन भारतीय नाविकों की मौत का मामला ट्रंप के समक्ष ...

हैरानी की बात है कि जो हो रहा है, उस पर सरकार ने आज तक खुलकर कोई बात ही नहीं की है। यहां प्रियंका गांधी ने कहा, मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी को निश्चित रूप से यह मुद्दा उठाना चाहिए।कांग्रेस पार्टी की सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, कि अमेरिका ने एमटी सेटेबेलो जहाज पर हमला करके तीन भारतीय नाविकों की क्रूर हत्या कर दी। अमेरिका जहाज पर हमला करते वक्त यह जानता था कि उसमें भारतीय नाविक सवार हैं, बावजूद इसके उसने हमला किया। इस युद्ध से हमारा कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन हमारे लोगों की हत्या करने का साहस अमेरिका ने किया है। इससे पूरा देश गमगीन है। उन्होंने सरकार की खामोशी पर सवाल खड़े किए और कहा, सरकार की चुप्पी विफल विदेश नीति का ही उदाहरण है। उन्होंने कहा मोदी सरकार ऐसा कुछ भी नहीं कर पाई और न ही अमेरिका ने ही माफी मांगी या शोक व्यक्त किया, उल्टा उसने हमें ही धमका दिया और हत्याओं को जायज ठहराया। गौरतलब है कि अमेरिका ने बीते 10 जून को पलाऊ के ही ध्वज वाले जहाज सेटेबेलो पर हमला किया था, जिसमें सवार 24 भारतीय नाविकों में से तीन की मौत हो गई थी।

# जनता का विश्वास और दुनिया का सम्मान, प्रधानमंत्री ने बढ़ाया भारत का मान : सुभाष चंद्र

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में बदल रही भारत की तस्वीर, विकास और जनकल्याण के लिए नए कीर्तिमान स्थापित



**करनाल, 16 जून ( रविन्द्र मलिक ):** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को केवल नई योजनाएं ही नहीं दीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। आज भारत विश्व की प्रमुख शक्तियों में शामिल हो रहा है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी सोच, मजबूत नेतृत्व और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली कार्यशैली को जाता है। सुभाष चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व और कार्यशैली देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा देशहित को राजनीति से ऊपर रखा है और गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा तथा व्यापारी वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। यही कारण है कि देश के हर वर्ग में उनके प्रति विश्वास और सम्मान लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को आधुनिक बुनियादी ढांचे की दिशा में अभूतपूर्व गति दी है। देशभर में एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, मेट्रो नेटवर्क और डिजिटल सेवाओं का विस्तार हुआ है। वंदे भारत ट्रेन जैसी आधुनिक रेल सेवाओं ने भारतीय रेलवे की तस्वीर बदल दी है। आज भारत का रेल नेटवर्क तेजी से आधुनिक हो रहा है और यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल रही हैं। सुभाष चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन देश के इतिहास का सबसे बड़ा जनआंदोलन साबित हुआ है। स्वच्छता को लेकर लोगों की सोच में बदलाव आया है और गांव से लेकर शहर तक सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वयं झाड़ू उठाकर देशवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया और करोड़ों लोगों को इस अभियान से जोड़ा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, हर घर जल, जनधन योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को सीधा लाभ पहुंचाया है। इन योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। सुभाष चंद्र ने कहा कि आज भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है। विश्व के बड़े देशों में भारत की बात गंभीरता से सुनी जाती है और वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से किसान, मजदूर, कर्मचारी और व्यापारी वर्ग को मजबूती मिली है। किसानों को विभिन्न योजनाओं और तकनीकों का लाभ मिल रहा है, वहीं व्यापारियों के लिए बेहतर कारोबारी माहौल तैयार किया गया है। सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। सुभाष चंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, उसे पूरा करके दिखाने का संकल्प रखते हैं। उनके नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में और तेजी से आगे बढ़ेगा तथा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाइयों को छुएगा।


### बेदखली सूचना

मैं सतपाल गिल्ल पुत्र श्री अजमेर सिंह निवासी नीलोखेड़ी तहसील नीलोखेड़ी जिला करनाल सूचित करता हूं कि मेरा लड़का प्रवेश व इसकी पत्नी सुमन रानी जोकि ये दोनों मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों से लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। **-शपथकर्ता**

### बेदखली सूचना

मैं राजो देवी पत्नी श्री सोमा निवासी गांव डबकौली कलां तहसील इंद्री जिला करनाल सूचित करती हूं कि मेरी पुत्रवधु कोमल पत्नी स्व. श्री पिन्टू पुत्र श्री सोमा जोकि मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**-शपथकर्ता**

### COURT NOTICE

**In the Court of**
**Sh. Manoj Kumar Rana**
**ADSJ**
**Additional District and Sessions Judge, Jhajjar**
**CNR No. HRJR01-001713-2026**
**Next Date : 10.07.2026**

Mehar Singh s/o Raghbir Singh
Versus
chander Kalan (deceased) wd/o Mange Ram through LRs No. 2 to 6 Anita d/o Mange Ram

Notice to: Urmila d/o Raghbir Singh and w/o Ramesh r/o village Badhwana tehsil and distt. Charkhi Dadri

In above titled case the the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that the defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 10.07.2026 at 10:00 A.M.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_ notice&district= Jhajjar

Dated this day of 16-06-2026

**Sd/- ADSJ Additional District and Sessions Judge, Jhajjar**


## नगर निगम ने 75 एकड़ 30 कनाल 65 मरले कृषि योग्य भूमि को एक वर्ष के लिए दिया पट्टे पर

*अपील- नियम व शर्तों का पालन करें बोलीदाता*

**करनाल, 16 जून ( प्रवीन ):** नगर निगम में सम्मलित गांवों में उपलब्ध कृषि योग्य सरकारी जमीन को एक वर्ष केलिए ठेके पर दिया गया है। नगर निगम कार्यालय के सभागार में मंगलवार को गठित कमेटी ने गांव उचाना, झंझाडी, जरीफा विरान, कैलाश तथा फूसगढ़ गावों की बोली करवाई। बोली में इन गावों के 13 प्लॉट शामिल थे, जिनका कुल रकबा करीब 124 एकड़ था। इनमें से 75 एकड़ 30 कनाल 65 मरले के 7 प्लॉट की सफलतापूर्वक बोली सम्पन्न हुई, जिससे नगर निगम को 50 लाख 69 हजार 500 रुपये की सालाना आय होगी। संयुक्त आयुक्त दलजीत सिंह ने बताया कि बोली की कार्यवाही करीब 11 बजे शुरू हुई, जो दोपहर 3 बजे तक चली। बोली शुरू होने से पूर्व सभी को नियम व शर्ते बताई गई। शर्तों के अनुसार बोली जून 2026 से अप्रैल 2027 तक प्रभावी रहेगी। भूमि में खड़े पेड़, डोल, सिंचाई के नलकूप, खाल इत्यादि व अन्य कोई भी भवन की रखवाली सम्बंधित सफल बोलीदाता को ही करनी होगी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के नियमानुसार ही फसल की बुआई की जाएगी। फसल कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों में आग नहीं लगाई जाएगी तथा किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा की स्थिति में नुकसान के जिम्मेवार वे स्वयं होंगे। उन्होंने बताया कि बोली में कुल 19 बोलीदाताओं ने भाग लिया। पहले बोलीदाताओं द्वारा 50 हजार रुपये की धरोहर राशि जमा करवाई गई। इसके बाद बोली की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। सफल रहे 7 बोलीदाताओं की ओर से साढे 3 लाख रुपये की राशि नगर निगम में जमा करवाई गई। सफल बोलीदाताओं को शेष राशि एकमुश्त जमा करवाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। पूरी राशि जमा करवाने के बाद ही भूमि का कब्जा दिया जाएगा। बोली की जानकारी देते उन्होंने बताया कि सबसे पहले गांव जरीफा विरान की बोली करवाई गई। इसका प्लॉट नम्बर 2, जिसका कुल रकबा 7 एकड़ 3 कनाल 5 मरले है, को 1 लाख 71 हजार 500 रुपये में पट्टे पर दिया गया है। इसके पश्चात गांव उचाना की बोली करवाई गई। इसका प्लॉट पर नम्बर 1 से 4 का टुकड़ा जिसका रकबा 41 एकड़ 4 कनाल 3 मरले है, को 31 लाख 77 हजार रुपये बोली पर दिया गया है। यह प्लॉट जनरल श्रेणी के व्यक्ति के पास गया है। उचाना का ही प्लॉट नम्बर 6, रकबा 8 एकड़ 11 कनाल 7 मरले भूमि को 5 लाख 36 हजार 500 रुपये तथा प्लॉट नम्बर 7, रकबा 8 एकड़ 2 कनाल 13 मरले भूमि को 6 लाख 3 हजार रुपये में बोली पर दिया गया है। यह दोनो प्लॉट एस.सी. श्रेणी के व्यक्ति के पास गए हैं। गांव उचाना के कुल 5 प्लॉट थे, जिसमें से 2 प्लॉट की बोलीदाताओं द्वारा रेट ज्यादा होने के कारण बोली नहीं दी गई। इसी प्रकार गांव कैलाश की भूमि की बोली में एक ही प्लॉट था, जिसका रकबा 6 एकड़ 5 कनाल 13 मरले है। यह 1 लाख 62 हजार रुपये में जनरल केटेगरी के व्यक्ति के पास गया है। गांव झंझाड़ी के 2 प्लॉट थे। इसका प्लॉट नम्बर 1, रकबा 4 एकड़ 13 मरले है। यह 2 लाख 90 हजार 500 रुपये में जनरल श्रेणी के व्यक्ति के पास गया है। प्लॉट नम्बर 2, रकबा 1 एकड़ 5 करनाल 11 मरले है। यह 1 लाख 28 हजार 500 रुपये में एस.सी. श्रेणी के व्यक्ति के पास गया है। बोली में गांव फूसगढ़ के 3 प्लॉट रखे गए थे। रेट ज्यादा की बात कहकर किसी भी बोलीदाता ने उसकी बोली नहीं लगाई। गांव जरीफा विरान के एक प्लॉट की भी रेट ज्यादा होने के कारण किसी ने बोली नहीं लगाई।

**कमेटी में यह रहे शामिल :** गठित कमेटी में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त दलजीत सिंह बतौर अध्यक्ष मौजूद रहे। कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी, अनुभाग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, भूमि शाखा के अधीक्षक मनोज मान, नायब तहसीलदार विरेन्द्र शर्मा कमेटी में शामिल थे, जिन्होंने बोली सम्पन्न करवाई। उपायुक्त प्रतिनिधि के तौर पर तहसील कार्यालय से कानूनगो गौरव अरोड़ा बोली में शामिल हुए। इनके अतिरिक्त भूमि सहायक प्रदीप शर्मा, सहायक जितेन्द्र मान, कानूनगो राज कुमार तथा लिपिक सलीम अहमद मौजूद रहे।

## हिमाचल कल्याण सभा द्वारा छबील का आयोजन, लोगो ने लिया सेवा और शीतल जल का लाभ

**कालका, 16 जून ( अख्तर फ़ारूक़ी,अजीत सिंह ):** गर्मी के मौसम में सेवा और मानवता का संदेश देते हुए हिमाचल कल्याण सभा द्वारा



कालका बस स्टैंड के सामने छबील का आयोजन किया गया। यह जानकारी वाईस चेयरमैन व प्रेस सचिव नरेश धीमान द्वारा दी गई है। इस अवसर पर राहगीरों, स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारो को शीतल छबील वितरित की गई। इस नेक कार्य को सचिन ठाकुर एसोसिएट्स ने स्पॉन्सर किया। नौजवानों को ऐसे निस्वार्थ होकर ऐसे कामो को करने के लिए आगे आना चाहिये। कार्यक्रम में सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सभी ने मिलकर सेवा भाव से लोगों की सेवा की। आयोजन स्थल पर आने वाले लोगों ने सभा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य समाज में भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। सभा के प्रतिनिधियों ने बताया कि छबील का उद्देश्य केवल शीतल जल वितरण नहीं, बल्कि समाज में सेवा, प्रेम और मानवता का संदेश फैलाना भी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे । इस मौके पर हिमाचल कल्याण सभा के अध्यक्ष आर. एस. राणा,प्रधान विजय ठाकुर,सीनियर उप प्रधान दीप सिंह ठाकुर, महासचिव नवजीवन धीमान, उप प्रधान रिखी राम,केशियर सी. एस. राणा, जगबीर ठाकुर,रविंद्र पटियाल,रेखा बाली,प्रेम कुमारी, पार्षद उजाला बक्शी,मोहित ठाकुर,साई,चतर सिंह,हेमराज,खुश्बू, गरिमा,साक्षी आदि अन्य लोग व बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों के धन्यवाद एवं समाज सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 12 वर्ष सेवा सुशासन और जन कल्याण को समर्पित : जयभगवान शर्मा डीडी

*सरकार की 12 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धि से आमजन को मिल रहे लाभकारी योजनाएं से लाभ*



**पिहोवा, 16 जून ( विवेक ):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पिहोवा बीडीपीओ कार्यालय में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा वरिष्ठ नेता जय भगवान डीडी शर्मा ने किया। इस दौरान सरकार द्वारा 12 साल में शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास सुशासन सुरक्षा जनकल्याण के क्षेत्र में भूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य किया है। आज गरीब, किसान, महिला, युवाओं, मजदूर, व्यापारी वर्ग के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केवल वर्तमान की आवश्यकताओं को ही नहीं बल्कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का स्पष्ट रोड मैप भी तैयार किया है। उनकी दूरदर्शी सोच के कारण भारत वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है। जयभगवान शर्मा डीडी ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना ही इस जन संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, उज्ज्वला योजना, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं में करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की की जो सरकार द्वारा संचालित योजना की जानकारी प्राप्त कर उन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं इस अवसर पर क्रीड़, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बिजली वितरण निगम, जिला नागरिक संसाधन, सूचना एवं जनसंपर्क भाषा विभाग, मार्केट कमेटी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, उद्यान विभाग, रोजगार कार्यालय, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा लगाई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की पात्र लाभार्थी तक योजना का लाभ प्राथमिकता के आधार पर पहुंचना सुनिश्चित करें तथा आमजन को योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। प्रत्येक पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ उठा सके। इस अवसर पर पिहोवा बीडीपीओ विवेक कुमार, बीडीपीओ इस्माईलाबाद अंकित पूनिया, सीएमओ मनिषा सिंह, उप मंडल कृषि अधिकारी मनीष वत्स, भाजपा कार्यकर्ता राकेश पुरोहित, मंडल अध्यक्ष सुखबीर सिंह, नौमीनेट सदस्य सुखबीर सैनी सहित विभिन्न गांव के सरपंच व पांच और विभिन्न विभागों के अधिकार एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## कालका गांधी चौक में ऑटो चालकों द्वारा खट्टा-मीठा जलजीरा छबील का आयोजन

**कालका,16 जून ( अख्तर फ़ारूक़ी, अजीत सिंह ):** भीषण गर्मी के



बीच कालका के गांधी चौक में ऑटो चालकों द्वारा श्रद्धा और सेवा भाव से खट्टा-मीठा जलजीरा छबील का आयोजन किया गया। इस दौरान राहगीरों, यात्रियों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को ठंडा एवं स्वादिष्ट जलजीरा वितरित किया गया। ऑटो चालकों ने बताया कि गर्मी के मौसम में लोगों को राहत पहुंचाने और सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह छबील लगाई गई। जलजीरा पीकर लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की और इस नेक पहल की सराहना की। आयोजन के दौरान भाईचारे और मानव सेवा का संदेश दिया गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज में आपसी प्रेम और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

## पीडब्ल्यूडी नरवाना कर्मचारियों का हल्ला बोल, मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ जताया रोष

*कार्यकारी अभियंता को सौंपा ज्ञापन, मांगें पूरी न होने पर मंत्रियों के कार्यालयों के घेराव की चेतावनी*



**नरवाना, 16 जून ( नरेन्द्र कुमार ):** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबद्ध, के नेतृत्व में मंगलवार को कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग के कार्यकारी अभियंता, नरवाना को ज्ञापन सौंपकर सरकार से जल्द मांगों पर कार्रवाई करने की मांग की।प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए ब्रांच प्रधान संतोष शर्मा ने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी कर रही है, जिससे कर्मचारी वर्ग में भारी असंतोष और रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि बार-बार मांग उठाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा, जिसके चलते कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र ही कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो राज्य कमेटी के आह्वान पर 4 जुलाई को भिवानी स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के कैंप कार्यालय तथा 18 जुलाई को हिसार में मंत्री रणबीर गंगवा के कैंप कार्यालय का घेराव किया जाएगा।संतोष शर्मा ने कहा कि सरकार रेशनलाइजेशन के नाम पर विभागों में फील्ड स्टाफ के पदों में कटौती कर रही है जिससे कर्मचारियों पर कार्यभार बढ़ रहा है और विभागीय कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस नीति को लेकर कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है।प्रदर्शन में ब्रांच अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, ब्रांच सचिव सतबीर शर्मा, कैशियर वीरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान जोगिंदर सिंह, राज्य कमेटी सदस्य संदीप राठी, विकास श्योकंद, जिला प्रधान विजेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त हो जिला अभियान तहत संदिग्ध नशा तस्करों पर पुलिस की लगातार कार्रवाई

**कैथल,16 जून ( प्रवेश बहादुर ):** नशा व शराब तस्करो की धरपकड़ व अन्य अपराधीक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देसानुसार कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार की सुबह थाना कलायत एसएचओ पीएसआई अमन की अगुवाई में कलायत क्षेत्र में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घर व अन्य ठिकानो पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों व नशा तस्करों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशा तथा शराब का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा, इसके साथ साथ नशा ना करने बारे भी जागरूक किया गया।

## धान की सीधी बिजाई योजना के तहत किसानों को दी जा रही 4500/-रु प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि



**करनाल, 16 जून ( मीनाक्षी देवी ):** कृषि उपनिदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा लगातार गिरते भूजल स्तर को बचाने और किसानों की लागत कम करने के लिए धान की सीधी बिजाई डीएसआर योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत जल संरक्षण और कृषि लागत को कम करने के उद्देश्य से पारंपरिक तरीके से धान की रोपाई के बजाय सीधी बिजाई करने पर किसानों को राज्य सरकार द्वारा 4500/-रु प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि धान की सीधी बिजाई करने से धान की खेती करने पर पारंपरिक रोपाई की तुलना में लगभग 25 से 35 प्रतिशत तक कम पानी लगता है। नर्सरी तैयार करने, पौधों को उखाडने़ और रोपाई करने की कोई आवश्यकता नही होती, इसमें मजदूरों और समय दोनों की बचत होती है। इस विधि से खेतों में पानी भरकर न रखने (पडलिंग न करने) से मीथेन गैस का उत्सर्जन घटता है और भूमि की पानी ग्रहण करने की क्षमता बढ़ती है। पौधों को उखाडक़र दोबारा लगाने पर जो झटका या तनाव लगता है, सीधी बिजाई में ऐसी कोई समस्या नही होती, जिससे फसल का विकास अच्छा होता है। उन्होंने बताया कि धान की सीधी बिजाई करने के दौरान बुवाई से पहले खेत को लेजर लैंड लेवलर से समतल अवश्य करें। सीधी बिजाई में खरपतवार की समस्या अधिक होती है, बुवाई के तुरंत बाद या अगले 24 से 48 घंटो के भीतर ( खेत मे पर्याप्त नमी होने पर) कृषि विशेषज्ञों/कृषि विभाग की सलाह से खरपतवार नाशक दवा का स्प्रे अवश्य करें। सीधी बिजाई के लिए 25 मई से 15 जून के बीच का समय सबसे उपयुक्त माना जाता है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उठाने और वित्तीय अनुदान प्राप्त करने के लिए किसानों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। आवेदन के बाद कृषि विभाग की टीम द्वारा खेत का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। सत्यापन होने उपरांत अनुदान राशि (4500/-रु प्रति एकड़) सीधे किसान के बैंक खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से ट्रांसफर कर दी जायेगी।

**किसानों की सफलता की कहानी किसानों की जुबानी :** खण्ड नीलोखेड़ी के गांव सीकरी के किसान सतबीर पुत्र सुबे सिंह ने आज से लगभग 6 वर्ष पहले एक एकड़ में कृषि विभाग की सलाह व देखरेख में धान की सीधी बिजाई शुरू की थी। धान की सीधी बिजाई करने से किसान को काफी लाभ हुआ। जिस कारण सतबीर पिछले तीन-चार वर्षो से 9 एकड़ में पीबी-1509 व पीआर-126 किस्म (धान) की सीधी बिजाई कर रहे हैं और कृषि विभाग द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का आर्थिक लाभ ले रहा है। किसान सतबीर के अनुभव अनुसार धान की सीधी रोपाई करने के लिए मजदूरों की आवश्यकता नही पड़ती। पानी की 15-20 प्रतिशत बचत होती है। फसल में बीमारी व कीड़ों का प्रकोप कम होता है। समय की बचत होती है। पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलती है। धान की सीधी बिजाई में प्रति एकड़ 6-7 हजार रुपये की अतिरिक्त बचत होती है। किसान सतबीर आस-पास के किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत का काम कर रहे है व धान की सीधी बिजाई करने के लिए किसानों का उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ उनके साथ अपना अनुभव व ज्ञान भी सांझा करते हुए उनका मार्गदर्शन करते है। इन्ही की तरह किसान विशाल कुमार पुत्र रघुबीर सिंह गांव सीकरी खण्ड नीलोखेड़ी ने भी कृषि विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन व परामर्श से 4 वर्ष पूर्व धान की किस्म पीबी-1509 से 2 एकड़ में धान की सीधी बिजाई की शुरुआत की थी जो कि अब 6 एकड़ तक पहुंच चुकी है।

# सम्पादकीय

## दलबदल की राजनीति - विचारधारा पर भारी सत्ता की भूख

भारतीय राजनीति में क्षेत्रीय दलों का बिखरना और उनके नेताओं का पाला बदलना आज एक ऐसा कड़वा सच बन चुका है, जिसने लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को हिलाकर रख दिया है। महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी की टूट के बाद अब पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भीतर मची रार ने देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। हाल ही में टीएमसी के करीब 20 बागी सांसदों का दिल्ली में भाजपा के मंत्रियों से मिलना और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के पास जाना यह साफ दिखाता है कि परदे के पीछे की सियासी खिचड़ी पूरी तरह पक चुकी है। सवाल केवल टीएमसी का नहीं है, बल्कि यह समझने का है कि आखिर चुनाव बीतते ही क्षेत्रीय पार्टियों के नेताओं की अंतरात्मा अचानक कैसे जाग जाती है? जब तक पार्टी सत्ता में रहती है या उसकी ताकत बनी रहती है, तब तक नेतृत्व की सारी कमियां और तानाशाही इन नेताओं को क्यों नहीं दिखतीं? अगर हम इस पूरे प्रकरण का कानूनी सच देखें, तो संविधान की दसवीं अनुसूची यानी दल-बदल विरोधी कानून के तहत किसी भी सांसद की सदस्यता सीधे तौर पर रद्द हो सकती है। लेकिन इस कानून में एक बहुत बड़ा चोर रास्ता है। अगर किसी पार्टी के दो-तिहाई सांसद एक साथ टूटते हैं और किसी दूसरी पार्टी में अपना विलय कर लेते हैं, तो उनकी सदस्यता बच जाती है। टीएमसी के मामले में बागी सांसदों ने खुद को एक पंजीकृत दल नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया के साथ विलय करने का रास्ता निकाला है। तकनीकी रूप से कानूनन अपनी सीट बचाने की यह एक चतुर कोशिश है, लेकिन अंतिम फैसला लोकसभा स्पीकर के विवेक पर ही निर्भर करता है। फिर भी, यह पूरा खेल नैतिकता की कसौटी पर बेहद घटिया और आम जनता के साथ सीधा धोखा नजर आता है। इस पूरे परिदृश्य को समझने के लिए हमें सिक्के के दोनों पहलुओं को देखना होगा। एक तरफ विपक्ष का सीधा आरोप है कि भाजपा केंद्रीय जांच एजेंसियों के डर और सत्ता की मलाई का लालच देकर क्षेत्रीय पार्टियों को जानबूझकर निगल रही है। देश में विपक्ष विहीन राजनीति या एक देश, एक पार्टी जैसा माहौल बनाने की कोशिश हो रही है ताकि केंद्र के सामने कोई मजबूत क्षेत्रीय आवाज न उठ सके। वहीं दूसरी तरफ, बागी नेताओं का तर्क होता है कि इन क्षेत्रीय दलों में कोई आंतरिक लोकतंत्र नहीं बचा है। वहां केवल परिवारवाद या किसी एक शीर्ष नेता की तानाशाही चलती है। जैसे टीएमसी के भीतर अभिषेक बनर्जी के बढ़ते कद से कई पुराने नेता असहज थे। बागी नेता अक्सर यह भी दुहाई देते हैं कि अपने क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के साथ चलना उनकी मजबूरी है। लेकिन एक मतदाता के तौर पर यह पूरी तस्वीर गहरी चिंता पैदा करती है और मन में कई तीखे सवाल छोड़ जाती है। आखिर एक आम नागरिक धूप में खड़े होकर जिस उम्मीदवार को एक खास विचारधारा देखकर अपना कीमती वोट देता है, उसकी कीमत क्या सिर्फ एक सौदेबाजी तक सीमित है? अगर जीतने के बाद जन प्रतिनिधि अपने निजी स्वार्थ, केस-मुकदमों से बचने या मलाईदार पद के लिए पाला बदल लेता है, तो फिर इस लोकतंत्र में जनता की हैसियत ही क्या रह जाती है? क्या चुनाव सिर्फ इन नेताओं के लिए अपने दाम बढ़ाने का एक जरिया मात्र बनकर रह गए हैं? जब पूरा का पूरा गुट ही बिक जाता है, तो क्या यह सीधे तौर पर जनता के सामूहिक विवेक का उपहास नहीं है? राजनीति से शुचिता और नैतिकता जैसे शब्द अब पूरी तरह गायब हो चुके हैं और उनकी जगह केवल आंकड़ों की बाजीगरी ने ले ली है। ममता बनर्जी जैसी जमीनी नेता भी संगठन के मामले में कच्ची खिलाड़ी साबित हुईं क्योंकि उन्होंने अपनी पार्टी में ऐसे वैचारिक रूप से कमजोर लोगों को भर रखा था जो संकट आते ही विरोधी खेमे में जाकर बैठ गए। यदि सिर्फ कानून की बारीकियों का फायदा उठाकर जनता के फैसले को बार-बार पलटा जाता रहेगा, तो आने वाले समय में आम आदमी का इस पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया से भरोसा ही उठ जाएगा। नेताओं को दल बदलने की छूट देने वाले इस लूपहोल को बंद करना अब समय की सबसे बड़ी मांग है।

## उपाय भी ठीक से हो

एक सास ने बहू से कहा, बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी। अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई। सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया। सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, बहूरानी! अंधेरे को कैसे मिटाया जाता है? क्या अंधेरा ऐसे मिटता है? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

# अमेरिका ईरान शांति समझौता एवं बदलती वैश्विक राजनीति

**- कांतिलाल मांडोत**

कई महीनों से जारी तनाव और टकराव के बाद अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौते की खबर ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। लंबे समय से दोनों देशों के बीच परमाणु कार्यक्रम आर्थिक प्रतिबंध तेल व्यापार और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर गहरा विवाद बना हुआ था। इस संघर्ष का प्रभाव केवल अमेरिका और ईरान तक सीमित नहीं रहा बल्कि पूरे विश्व की राजनीति अर्थव्यवस्था और ऊर्जा बाजार पर भी पड़ा। अब यदि प्रस्तावित शांति समझौता सफल होता है तो यह न केवल दोनों देशों के संबंधों में नया अध्याय खोलेगा बल्कि वैश्विक स्थिरता और आर्थिक संतुलन को भी मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

अमेरिका और ईरान के बीच संबंध कई दशकों से तनावपूर्ण रहे हैं। विशेष रूप से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका लगातार चिंता व्यक्त करता रहा है। अमेरिका का आरोप रहा है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है जबकि ईरान हमेशा यह दावा करता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। इसी विवाद के कारण अमेरिका ने ईरान पर अनेक आर्थिक और व्यापारिक प्रतिबंध लगाए जिनका असर ईरान की अर्थव्यवस्था पर गंभीर रूप से पड़ा। तेल निर्यात में कमी विदेशी निवेश की कमी और वित्तीय संकट ने ईरान के विकास को प्रभावित किया। अब सामने आए शांति समझौते के मसौदे में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ईरान ने परमाणु हथियार न बनाने और न ही किसी अन्य तरीके से उन्हें प्राप्त करने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही ईरान अपने उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम के संवर्धन को कम करने के लिए भी सहमत हुआ है। यह अमेरिका की प्रमुख मांगों में से एक रही है। यदि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाते हैं तो यह मध्य पूर्व क्षेत्र में परमाणु हथियारों की दौड़ को रोकने में सहायक सिद्ध हो सकता है। इससे क्षेत्रीय सुरक्षा मजबूत होगी और संभावित सैन्य संघर्षों का खतरा भी कम होगा। इस प्रस्तावित समझौते का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ा हुआ है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है। विश्व के कुल तेल व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। पिछले कई महीनों से इस क्षेत्र में बढ़ते तनाव और सुरक्षा



संबंधी चिंताओं के कारण वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता बनी हुई थी। तेल की कीमतों में लगातार उतार चढ़ाव देखने को मिला जिससे अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान ने सभी व्यावसायिक जहाजों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर सहमति जताई है। इसके बदले अमेरिका ईरानी जहाजों और बंदरगाहों पर लगाए गए नौसैनिक प्रतिबंधों को समाप्त करेगा। यदि यह व्यवस्था लागू होती है तो वैश्विक ऊर्जा बाजार को बड़ी राहत मिल सकती है। समझौते में आर्थिक पहलू भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। रिपोर्टों के अनुसार ईरान को लगभग पच्चीस अरब डॉलर की जमी हुई राशि तक पहुंच मिलने की संभावना है। यह धनराशि लंबे समय से विभिन्न प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय नियंत्रणों के कारण अवरुद्ध रही है। इस राशि की उपलब्धता से ईरान की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिल सकती है। देश में निवेश बढ़ेगा औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकते हैं। साथ ही ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंधों में ढील मिलने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की आपूर्ति बढ़ेगी जिससे कीमतों को स्थिर रखने में सहायता मिल सकती है। हालांकि इस समझौते को लेकर सभी पक्ष समान रूप से उत्साहित नहीं हैं। ईरान के भीतर इसका विरोध भी तेजी से बढ़ रहा है। कट्टरपंथी संगठनों और कुछ रूढ़िवादी नेताओं का मानना है कि अमेरिका के साथ समझौता करना ईरान की मजबूरी और कमजोरी को दर्शाता है। उनका तर्क है कि लंबे संघर्ष के दौरान जो राजनीतिक और रणनीतिक लाभ ईरान ने प्राप्त किए हैं वे इस समझौते के बाद कमजोर पड़ सकते हैं। विरोधी समूहों ने सरकार और विदेश मंत्रालय के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी भी की है। विशेष रूप से विदेश मंत्री और प्रमुख वार्ताकार अब्बास अराघची आलोचना के केंद्र में हैं क्योंकि वे अमेरिका के साथ बातचीत का नेतृत्व कर रहे हैं।दूसरी ओर ईरान का शीर्ष नेतृत्व इस समझौते के पक्ष में दिखाई दे रहा है। देश के सर्वोच्च नेता राष्ट्रपति विदेश मंत्री संसद अध्यक्ष और सैन्य नेतृत्व लगातार यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि अमेरिका के साथ बातचीत राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर की जा रही है। उनका मानना है कि आर्थिक प्रतिबंधों से राहत और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सुधार देश के विकास के लिए आवश्यक है। इसलिए वे इस समझौते को एक व्यावहारिक और दूरदर्शी कदम के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। अमेरिका के लिए भी यह समझौता महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। लंबे समय से अमेरिकी प्रशासन ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नियंत्रित करने और मध्य पूर्व में स्थिरता स्थापित करने का प्रयास करता रहा है। यदि ईरान वास्तव में परमाणु गतिविधियों पर नियंत्रण स्वीकार करता है तो यह अमेरिकी कूटनीति की बड़ी सफलता मानी जाएगी। साथ ही इससे अमेरिका को क्षेत्र में अपने सैन्य और राजनीतिक संसाधनों पर पड़ने वाले दबाव को कम करने का अवसर भी मिलेगा। वैश्विक स्तर पर इस समझौते के प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं। ऊर्जा सुरक्षा में सुधार होगा अंतरराष्ट्रीय व्यापार को गति मिलेगी और निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा। अनेक देश जो मध्य पूर्व से तेल आयात करते हैं उन्हें स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसके अलावा क्षेत्रीय संघर्षों में कमी आने से शांति और विकास की संभावनाएं मजबूत होंगी। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन भी लंबे समय से ऐसे समाधान की आवश्यकता पर बल देते रहे हैं। फिर भी समझौते की सफलता पूरी तरह इसके क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। अभी तक हस्ताक्षर की अंतिम तिथि और प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि समझौते पर शीघ्र हस्ताक्षर हो सकते हैं जबकि विभिन्न देशों के नेताओं ने भी सकारात्मक संकेत दिए हैं। इसके बावजूद राजनीतिक विरोध तकनीकी जटिलताएं और आपसी अविश्वास जैसी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। इसलिए यह कहना जल्दबाजी होगी कि सभी बाधाएं पूरी तरह समाप्त हो गई हैं। अंततः अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौता केवल दो देशों के बीच का समझौता नहीं है बल्कि यह वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाली एक महत्वपूर्ण घटना है। यदि दोनों पक्ष अपने वादों का ईमानदारी से पालन करते हैं तो यह समझौता मध्य पूर्व में स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित हो सकता है।

# देश में सड़क हादसों में जा रही हर घंटे में बीस जिंदगी

**- मनोज कुमार अग्रवाल**

भारत में सड़क हादसों के कारण हर साल औसतन 1.80 लाख लोगों की मौत होती है। सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, एक साल में देशभर में 4.80 लाख से अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें हर घंटे औसतन 20 लोगों की जान चली जाती है।

भारत में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में 1,77,175 लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि देश में औसतन हर दिन लगभग 485 लोग और हर घंटे 20 से अधिक लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवाते हैं

भारत में पिछले कुछ वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों का ग्राफ लगातार बढ़ा है देशभर में 4,87,707 सड़क हादसे दर्ज किए गए। इन हादसों में 1,77,175 लोगों ने जान गंवाई, जो 2023 (1,72,890 मौतें) के मुकाबले 2.5त्न अधिक है। साल 2024 में इन दुर्घटनाओं के कारण 4,71,441 लोग घायल हुए हैं

विश्व में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों में विशेष रूप से गरीब और विकासशील देशों के लोगों की संख्या में अविश्वसनीय वृद्धि हुई है और इनमें से भी प्रत्येक 5 में से 1 मौत भारत में होती है। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में हर घंटे होने वाली लगभग 56 सड़क दुर्घटनाओं में 20 लोगों की जान जाती है। इसी कारण भारत को सड़क दुर्घटनाओं की राजधानी भी कहा जाने लगा है। स्थिति की गंभीरता पिछले मात्र दो तीन दिन की अखबारों में प्रकाशित हादसों की खबरों से अन्दाज़ा लगाया जा सकता है ंत्र5 जून को वैष्णो देवी से श्रद्धालुओं को लेकर आ रही एक पिक-अप गाड़ी और ट्रक की टक्कर में 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई ।6 जून को फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर गांव जंगाला मोड़ के निकट एक पिकअप गाड़ी तथा घोड़ा ट्राले में टक्कर के परिणामस्वरूप 10 लोगों की मौत तथा अनेक घायल हो गए। 7 जून को रोपड़ (पंजाब) जिले में भारतगढ़ के निकट एक



कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी जिससे 3 लोगों की मौत हो गई। 7 जून को ही शाहाबाद-पिपली जी.टी. रोड पर एक बेकाबू ट्राले ने एक मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया जिससे उस पर सवार मोहाली नगर निगम के 2 कर्मचारियों की मृत्यु हो गई।

8 जून को औरंगाबाद (बिहार) में 4 सड़क दुर्घटनाओं में 9 लोगों की जान चली गई तथा अनेक घायल हो गए। 8 जून को ही फगवाड़ा में एक मोटरसाइकिल, 2 कारों और एक ट्रक की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार और उसकी 7 वर्षीय बेटी की घटनास्थल पर ही मौत तथा उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। 9 जून को शंभू (राजपुरा, पंजाब) में एक ट्रक ड्राइवर ने 2 लोगों को रौंद डाला जिनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

9 जून को ही चहेड़ (फगवाड़ा, पंजाब) में एक्टिवा पर सवार 2 युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौत हो गई। 9 जून को ही लुधियाना (पंजाब) में एक कंटेनर के चालक ने तेज रफ्तार से उसे बैंक करने की कोशिश में एक मजदूर को रौंद दिया। 10 जून को देहरादून (उत्तराखंड) में झाड़पानी क्षेत्र में एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से उसमें सवार 4 लोगों की मौत हो गई। 10 जून को ही बेगोवाल (पंजाब) में सड़क दुर्घटना में एक कार बेकाबू हो कर पेड़ से टकरा गई जिससे एक दम्पति की मृत्यु हो गई। 10 जून को ही भीखी (पंजाब) में एक ट्राले की टक्कर ट से बाइक रेहड़े पर सवार 2 दोस्तों की जान चली गई।

11 जून को पुणे (महाराष्ट्र) में नवाले पुल से नीचे उतरते समय एक सीमेंट मिक्सर ट्रक बेकाबू होकर मोटरसाइकिल पर जा रहे एक डिलीवरी ब्वाय से टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। 11 जून को ही गाँडा (उत्तर प्रदेश) में 2 मोटरसाइकिलों की टक्कर में घायलों की मदद करने पहुंचे लोगों को तेज रफ्तार एस.यू. वी. ने रौंद दिया जिससे 4 लोगों की मौत व 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए ।11 जून को ही फिरोजपुर (पंजाब) में मोटरसाइकिल पर जा रहे 3 युवकों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। 11 जून को ही पोत्थरैड्डीपालम (आंध्र प्रदेश) में एक कार बेकाबू होकर एक मकान से जा टकराई जिससे कार में सवार 5 मैडिकल के छात्रों सहित 6 लोगों की जान चली गई ।11 जून को ही बुलढाणा (महाराष्ट्र) में ईंटों से लदे एक ट्रक तथा बस में आमने-सामने टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई।

11 जून को ही फरीदकोट (पंजाब) में एक कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति व उसकी 2 बेटियों की मौत हो गई। और अब 11 जून को ही चमोली में एक कार खाई में गिर जाने से उसमें सवार 4 लोगों की मौत हो गई।

हमारे देश में वाहनों की रफ्तार में वृद्धि के साथ दुर्घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। अतः यह प्रश्न उठना स्वाभाविक ही है कि यह सिलसिला आखिर कब थमेगा। इसका बड़ा कारण सड़कों में गड्ढे, हैड लाइटों का आधा काला नहीं होना, शहरी, ग्रामीण सड़कों या प्रादेशिक व राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए गति सीमा निर्धारित न होना, वाहन चालकों द्वारा शराब पीकर, मोबाइल पर बात करते हुए और बिना आराम किए लम्बे समय तक वाहन चलाना आदि प्रमुख हैं।इसके लिए प्रशासन भी जिम्मेदार है। लोगों को ड्राइविंग लाइसैंस जारी करने में भारी अनियमितताएं होती हैं।

# वीरता, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति के अमर प्रतीक महाराणा प्रताप

**कांतिलाल मांडोत**

- महाराणा प्रताप जयंती = संघर्ष, त्याग और स्वतंत्रता की अमर गाथा भारत के इतिहास में अनेक ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्होंने अपने साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम से आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया। ऐसे ही महान योद्धाओं में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। महाराणा प्रताप केवल मेवाड़ के शासक ही नहीं थे, बल्कि वे भारतीय स्वाभिमान, स्वतंत्रता और अदम्य साहस के जीवंत प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण मातृभूमि, संस्कृति और सम्मान की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। यही कारण है कि सदियों बाद भी उनका नाम करोड़ों भारतीयों के हृदय में श्रद्धा और गौरव के साथ लिया जाता है। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ दुर्ग में हुआ था। वे मेवाड़ के सिसोदिया राजवंश के महान शासक थे। उनके पिता महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता जयवंता बाई थीं। बचपन से ही प्रताप में वीरता, नेतृत्व क्षमता और स्वाभिमान के गुण दिखाई देने लगे थे। कहा जाता है कि उन्होंने अपनी माता से ही साहस, शौर्य और युद्धकला की प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी। आगे चलकर यही गुण उन्हें भारतीय इतिहास के सबसे महान योद्धाओं में शामिल करने वाले बने। महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर देशभर में विशेष उत्साह रहता है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार उनका जन्म 9 मई 1540 को हुआ था, इसलिए अनेक स्थानों पर इसी दिन जयंती समारोह आयोजित किए जाते हैं। वहीं मेवाड़ क्षेत्र में सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार उनकी जयंती हिन्दू पंचांग की ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया तिथि को मनाई जाती है। वर्ष 2026 में यह तिथि 17 जून को पड़ रही है। मेवाड़ के लोगों के लिए यह केवल एक जयंती नहीं बल्कि अपनी गौरवशाली विरासत और संस्कृति का उत्सव है।महाराणा प्रताप का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। जब वे मेवाड़ के शासक बने, उस समय मुगल सम्राट अकबर अपनी सत्ता का विस्तार कर रहा था। अधिकांश राजपूत राजाओं ने



अकबर की अधीनता स्वीकार कर ली थी, लेकिन महाराणा प्रताप ने अपने स्वाभिमान और स्वतंत्रता से कभी समझौता नहीं किया। अकबर ने कई बार दूत भेजकर उन्हें अपनी अधीनता स्वीकार करने का प्रस्ताव दिया, किंतु प्रताप ने हर बार उसे अस्वीकार कर दिया। उनका मानना था कि मातृभूमि की स्वतंत्रता किसी भी कीमत पर नहीं बेची जा सकती। महाराणा प्रताप और अकबर के बीच संघर्ष का सबसे प्रसिद्ध अध्याय हल्दीघाटी का युद्ध है। 18 जून 1576 को राजस्थान के गोगुंदा के समीप हल्दीघाटी में यह ऐतिहासिक युद्ध लड़ा गया। महाराणा प्रताप के पास सीमित संसाधन और अपेक्षाकृत छोटी सेना थी, जबकि मुगल सेना संख्या और साधनों में कहीं अधिक शक्तिशाली थी। इसके बावजूद प्रताप और उनके सैनिकों ने अद्भुत साहस का परिचय दिया। इस युद्ध में भील समुदाय ने भी महाराणा का पूरा साथ दिया। युद्ध कई घंटों तक चला और रणभूमि वीरता की असंख्य गाथाओं की साक्षी बनी। हल्दीघाटी के युद्ध का कोई निर्णायक परिणाम नहीं निकला, लेकिन इस युद्ध ने यह सिद्ध कर दिया कि स्वतंत्रता और स्वाभिमान के लिए लड़ी जाने वाली लड़ाई केवल संख्या या संसाधनों के आधार पर नहीं जीती जाती। महाराणा प्रताप घायल होने के बावजूद जीवित बचे और संघर्ष जारी रखा। उनका प्रिय घोड़ा चेतक भी इस युद्ध में अपनी अद्भुत स्वामीभक्ति के कारण अमर हो गया। चेतक ने गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी अपने स्वामी को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया और फिर वीरगति को प्राप्त हुआ। आज भी चेतक का नाम निष्ठा और समर्पण के प्रतीक के रूप में लिया जाता है। हल्दीघाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी। उन्होंने अरावली की पहाड़ियों, जंगलों और दुर्गम क्षेत्रों में रहकर संघर्ष जारी रखा। कई बार उन्हें और उनके परिवार को अत्यंत कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। भोजन के अभाव में घास की रोटियां तक खानी पड़ीं, लेकिन उन्होंने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि सच्चा नेतृत्व विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करता।

महाराणा प्रताप की सबसे बड़ी विशेषता उनका अटूट आत्मसम्मान था। उन्होंने जीवनभर स्वतंत्रता को सर्वोच्च महत्व दिया। वे जानते थे कि संघर्ष कठिन है, फिर भी उन्होंने अपने लोगों और अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए हर चुनौती स्वीकार की। यही कारण है कि उनका नाम भारतीय इतिहास में स्वतंत्रता के अग्रदूतों में लिया जाता है।

महाराणा प्रताप का राजतिलक उदयपुर के निकट गोगुंदा में हुआ था। यह स्थान आज भी राजतिलक स्थली के रूप में प्रसिद्ध है। इतिहास और संस्कृति से जुड़े लोगों के लिए यह स्थल अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर यहां विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। श्रद्धालु और इतिहास प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंचकर महान योद्धा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हल्दीघाटी के समीप स्थित यह क्षेत्र आज भी महाराणा प्रताप की गौरवगाथा को जीवंत बनाए हुए है। उदयपुर से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित राजतिलक स्थली पर हर वर्ष कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वीर रस की प्रस्तुतियां और ऐतिहासिक संगोष्ठियां आयोजित की जाती हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य नई पीढ़ी को महाराणा प्रताप के आदर्शों से परिचित कराना और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत बनाना है।

# मानसून से पहले एक्शन मोड में प्रशासन, नालों की सफाई में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ

**पानीपत, 16 जून ( हरप्रीत छतवाल ) :** उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि मानसून से पहले जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बारिश के दौरान आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी विभाग पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करें।

जिला सचिवालय सभागार में मंगलवार को आयोजित बैठक में उपायुक्त ने आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था और संवेदनशील क्षेत्रों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी बड़े व छोटे नालों की सफाई अभियान मोड में पूरी की जाए ताकि वर्षा जल की निकासी बिना किसी बाधा के हो सके।

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि मानसून के दौरान जिले के किसी भी हिस्से में जलभराव की स्थिति नहीं बननी चाहिए। नालों में गाद, कचरा और अवरोधों को तत्काल हटाया जाए तथा सफाई कार्य की नियमित निगरानी की जाए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केवल कार्यालयों तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में जाकर वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करें। जिन क्षेत्रों में पूर्व वर्षों में जलभराव की शिकायतें सामने आई हैं, वहां विशेष निगरानी रखते हुए पहले से आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि नालों की समयबद्ध सफाई और जल निकासी तंत्र को मजबूत बनाकर ही बरसात के दौरान लोगों को राहत दी जा सकती है। नगर निगम, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पंचायत विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा करें। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल समस्या आने पर समाधान करना नहीं, बल्कि संभावित समस्याओं को पहले ही रोकना है। इसी सोच के तहत मानसून से पूर्व व्यापक तैयारियां की जा रही हैं ताकि नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नालों, ड्रेनों, तालाबों और अन्य जल निकासी स्रोतों की स्थिति पर लगातार नजर रखें तथा जहां भी अवरोध या तकनीकी समस्या हो, उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करें।

बैठक में सीईओ डॉ किरण, नगराधीश टीनू पोसवाल, डीडीपीओ राजेश शर्मा, बीडीपीओ शक्ति सिंह, शीतल, पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मोबाइल चोरी मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा आरोपी काबू, चोरीशुदा मोबाइल बरामद

**पूंडरी, 16 जून ( जगदीश चन्द्र ) :** पूंडरी से मोबाइल चोरी के एक मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस द्वारा करते हुए एक आरोपी को काबू कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव अमूपुर जिला करनाल निवासी रमेश चंद की शिकायत अनुसार वह सब्जी बेचने का कार्य करता है। दिनांक 31 दिसंबर 2025 को वह गांव रसीना में सब्जी बेचने गया हुआ था। दोपहर करीब 1:40 बजे जब वह रोड समाज कुआं मोहल्ला रसीना में अपनी रेहड़ी से सब्जी बेच रहा था और सब्जी तोलने के लिए गाड़ी के पीछे गया, तभी दो अज्ञात युवक उसकी गाड़ी से मोबाइल फोन चोरी कर मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एचसी पवन कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव रसीना निवासी अजय को काबू कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा मोबाइल बरामद कर लिया गया। आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।




## भारत रत्न डॉ बी आर अम्बेडकर जी का अपमान सहन नहीं करेगी बसवा टीम : अमित बेलरखा



**कलायत, 16 जून ( सूबे सिंह मोर ) :** आज स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन इंडिया एवं डॉ बी आर अम्बेडकर युवा मंच बडसीकरी कलां द्वारा पिछले दिनों डॉ बी आर अम्बेडकर युवा मंच बडसीकरी कलां द्वारा संचालित भारत रत्न डॉ बी आर अम्बेडकर पुस्तकालय को हरियाणा सरकार द्वारा अटल पुस्तकालय का बोर्ड लगा दिया जिसके विरोध एवं डॉ बी आर अम्बेडकर पुस्तकालय पुन: बहाल करवाने बारे बहुजन स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन इंडिया एवं डॉ बी आर अम्बेडकर युवा मंच बडसीकरी कलां द्वारा उपमंडल अधिकारी कलायत के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया जिसकी अध्यक्षता प्रधान प्रवीन राठी डॉ बी आर अम्बेडकर युवा मंच बडसीकरी कलां व मुख्य वक्ता मुख्य प्रभारी अमित बेलरखा बहुजन स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन इंडिया पहुंचे युवा मंच के प्रधान प्रवीन राठी ने कहा कि माननीय मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी एवं पंचायत मंत्री माननीय कृष्ण कुमार पंवार द्वारा डॉ बी आर अम्बेडकर युवा मंच बड़सीकरी कलां द्वारा संचालित डॉ बी आर अम्बेडकर पुस्तकालय में अटल पुस्तकालय का बोर्ड लगा दिया गया है जों कि भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का अपमान है प्रधान ने बताया कि डॉ बी आर अम्बेडकर पुस्तकालय बडसीकरी कलां में 2012 से समाज के सहयोग से चल रहा है जों कि हरियाणा में सबसे सफल पुस्तकालय बन गया है लेकिन हरियाणा सरकार ने हरियाणा में 300 से ज्यादा पुस्तकालय का ऐसे ही नाम बदल कर अटल पुस्तकालय बना दिया जों कि शहीदों, महापुरुषों का अपमान है डॉ बी आर अम्बेडकर पुस्तकालय युवा मंच अपने खर्च पर चला रहा है बिल्डिंग कांग्रेस सरकार में बनी थी लेकिन बोर्ड अटल पुस्तकालय का लगा रहें हैं बहुजन समाज में बहुत रोष हो रहा है हम हरियाणा सरकार ने निवेदन करते हैं कि इन सब पुस्तकालय को पून बहाल किया जाए और अटल पुस्तकालय हटा दिया जाए बहुजन स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन इंडिया के हरियाणा प्रदेश के मुख्य प्रभारी अमित बेलरखा ने कहा कि बहुजन स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन टीम ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम किया और आगे भी कर रही है हरियाणा में शहीदों महापुरुषों और भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के नाम पर खाली पड़ी चोपालो में पुस्तकालय खोल कर शिक्षा की अलख जगाने का काम किया लेकिन हरियाणा सरकार ने लगभग पुराने पुस्तकालय के आगे अटल पुस्तकालय का बोर्ड लगा कर शहीदों महापुरुषों का अपमान किया जों कि बहुजन समाज सहन नहीं करेगा इसलिए हम हरियाणा से कहते हैं कि जिन पुस्तकालय के नाम अटल पुस्तकालय किया है उनको हटा कर शहीदों महापुरुषों के बोर्ड लगा दिए जाएं। छात्र नेता अजय कलायत व साहिल सुसैन ने कहा कि हरियाणा सरकार अगर बिल्डिंग बना कर अटल पुस्तकालय खोलेगी तों हम सब मिलकर इन पुस्तकालय में सहयोग करेंगे और हरियाणा सरकार का साथ देंगे और अगर हरियाणा सरकार ने महापुरुषों का सम्मान नहीं किया तों बहुजन स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन इंडिया हरियाणा के जिला एंड क्वार्टर पर महाआंदोलन करेगी हरियाणा में समाज के सहयोग से शहीद भगतसिंह, शहीद ऊधम सिंह, सर छोटूराम, एपीजे अब्दुल कलाम, भारत रत्न डॉ बी आर अम्बेडकर, संत शिरोमणि कबीरदास दास, संत शिरोमणि गुरू रविदास जी, गुरू नानक देव जी, शहीद चन्द्रशेखर आजाद, शहीद कैप्टन पूनम रानी के नाम से युवाओं ने पुस्तकालय चला रहें हैं और हरियाणा सरकार इन महापुरुषों का नाम बदल कर अटल पुस्तकालय बना रही है यह अपमान सहन नहीं होगा इस अवसर पर गुरमीत राठी, अभिषेक धानिया, मोनू धानिया, विकास धानिया, प्रीस राठी, साहिल सुसैन, मनीष कश्यप, मोनू धानिया, कैलास राठी, रामू कलायत आदि मौजूद थे।

## पुरषोत्तम माह में सिविल हॉस्पिटल में दूध व फ्रूट बांटा : भीम सिंह

**कैथल, 16 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति द्वारा आज दिन मंगलवार को 50 किलो फ्रूट व 15 किलो दूध 10 पैकेट ब्रेड वितरित किए गए जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भूपेश अग्रवाल ने दूध व ब्रेड की सेवा दी। भीम सिंह आई, टी, ओ ने फ्रूट की सेवा दी। भूपेश अग्रवाल ने कहा कि श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति के प्रधान मनोज सिंगला व उनकी टीम लगातार दूध वितरण कर रही है ये बहुत ही सराहनीय कार्य है। ऐसे ही भीम सिंह आई टी ओ ने कहा मै हर रोज श्री खाटू श्याम एवं सालासर सेवा समिति की टीम के साथ आता था उनकी सेवा भाव को देखते हुए मेरा भी मन हुआ कि में भी कुछ सेवा करूं जिसके लिए 50 किलो केले व आम बांटे, संस्था के महासचिव चिराग बंसल ने दोनों मेहमानों का यहां पहुंचने पर स्वागत किया ओर कहा कि आप लोग बधाई के पात्र है ये बहुत पुण्य का कार्य है। संस्था के प्रधान मनोज सिंगला ने कहा कि ये दूध की सेवा लगातार भूपेश अग्रवाल की ओर से भेजी जा रही है हम उनका तह दिल से धन्यवाद करते है। इस मौके पर चिराग बंसल, मनोज सिंगला, प्रकाश बंसल, भीम सेन वधवा, राजीव चौधरी, वीरभान केमिस्ट, विकास गर्ग एडवोकेट अंजू बंसल पंकज मित्तल आदि उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर है भारत देश : सुभाष सुधा



**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( करणदीप सिह ) :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई। इन योजनाओं का पारदर्शिता के साथ सीधा लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी केंद्र की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए नागरिकों को लाभ पहुंचा रहे हैं। प्रदेश के लोगों को अंत्योदय की नीति से आगे बढ़ाया जा रहा है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को लघु सचिवालय में केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा लगाई प्रदर्शनी में बोल रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने रिबन काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। आमजन को इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का प्रदर्शनी में पंहुचने पर एआईपीआरओ केदार शर्मा व एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने प्रदर्शनी से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सर्वप्रथम प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से सरकार की योजनाओं बारे जानकारी ली और विभाग द्वारा इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के कार्य की सराहना की। इसके उपरांत उन्होंने पंचायत भवन के सभागार में आयोजित जन कल्याण शिविर की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक-दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ को आमजन तक पहुंचाने में प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों की बडी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधी सरकार की जो भी योजनाएं है उनका लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले उसके लिए पुरी तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदर्शनी में 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के थीम पर आधारित सरकार की प्रमुख उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया है, ताकि आमजन को इन योजनाओं बारे विस्तृत जानकारी मिल सके और इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिल सकें। प्रदर्शनी में मुफ्त उपचार, दिव्य बने आस्था के धाम, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, रेल, रोड और एयर कनेक्टिविटी, मेरा स्टार्टअप, स्पोर्ट्स स्टार्स, सम्मान, सुरक्षा और सुविधा, कुपोषण हारा बचपन जीता, मेरे परिवार को मुफ्त राशन, हर घर नल का उपहार, किसान सम्मान निधि, मुफ्त बिजली, गारंटी फ्री लोन, डीबीटी से जीवन हुआ आसान, पर्यावरण संरक्षण, ग्रीन एनर्जी में भारत की ऊँची उड़ान, यूपीआई से लेन-देन हुआ आसान, देश की तेज रफ्तार आदि का विकासात्मक दृष्टिकोण दर्शाया गया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 साल में जनसेवा को समर्पित की गई विभिन्न योजनाओं व नीतियों में सम्मिलित जानकारी इस प्रदर्शनी में उल्लेखित की गई है। इस प्रदर्शनी से आमजन को सरकार की योजनाओं बारे जानकारी मिलेंगी।

एआईपीआरओ केदार शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा यह प्रदर्शनी पूरे प्रदेश में लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को केंद्र सरकार की विकासात्मक गतिविधियों से जागरूक किया जाएगा।

जन कल्याण शिविर द्वारा आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान आईडी, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना इत्यादि केंद्र की योजनाएं व प्रदेश सरकार की योजनाओं बारें लोगों को जानकारी मिलेगी। इस मौके पर लेखाकार पंकज, डीआई विजय कुमार, आईसीए विजय कुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## खेलों से होता है शारीरिक और मानसिक विकास : शेरी



**असंध, 16 जून ( दलसिह मान ) :** खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है? युवाओं को खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। उपरोक्त विचार हरियाणा किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर प्रताप शेरी ने स्पोर्ट्स क्लब फफड़ाना द्वारा गांव फफड़ाना में आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए कहे। शेरी ने रिबन काट कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। आयोजन कमेटी के सदस्यों ने शेर प्रताप शेरी का फुल मालाए व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच का संचालन सतपाल डीपी पेगा ने किया। दादा फल्गु तीर्थ पर भंडारे के आयोजन के बाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान निशुल्क दौड़ व रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विजेता बच्चों को कांग्रेस नेता शेर प्रताप शेरी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल खेलने से जहां आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है वही खेलों में मेडल जीतकर खिलाड़ी प्रदेश व देश का नाम रोशन करता है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच दिलावर सिंह, पूर्व जिला पार्षद सतीश बल्हारा, सरपंच प्रतिनिधि सुनील कुमार,पूर्व सरपंच बिजेंद्र शर्मा, सुमित दूहन, रविन्द्र, दिलबाग, गुरमीत दूहन, अमित, रामफल, मास्टर संजीव,निशु फफड़ाना, जस्सू राठी, सिराजुद्दीन दूपेड़ी, तेजी बस्सी सहित अन्य मौजूद रहे।

## हर सीवरेज व नाले की गहराई तक करें सफाई, नहीं होगी लापरवाही बर्दाश्त : सुमन बहमनी



**यमुनानगर, 16 जून ( दिनेश कुमार ) :** आगामी मानसून के दौरान शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए नगर निगम द्वारा नालों की सफाई युद्धस्तर पर की जा रही है। मेयर सुमन बहमनी और निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद खुद नालों की सफाई का जायजा लेकर नालों से अवरोधक दूर करवा रहे है। इसी कड़ी में मंगलवार को मेयर सुमन बहमनी ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता दिनेश गाबा, एसडीओ रोहित रस्तोगी, नगर निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल और अन्य अधिकारियों के साथ मॉडल टाउन के वेयर हाउस से लेकर जम्मू कॉलोनी डिचड्रेन तक नालों का निरीक्षण कर सफाई कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नालों में गंदगी मिली। जिसकी मौके पर सफाई कराई गई। मेयर सुमन बहमनी ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सभी सिवरेज को दुरुस्त करने, ब्लॉकेज खोलने और सभी मेनहोल बेहतर करने के निर्देश दिए। इसके अलावा निगम अधिकारियों और एजेंसी को सभी नालों की मानसून से पहले गहराई तक साफ करने के निर्देश दिए। मंगलवार सुबह मेयर सुमन बहमनी अधिकारियों के साथ सबसे पहले मॉडल टाउन में वेयर हाउस गोदाम के पास बड़े नाले पर पहुंची। उन्होंने नाले की सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मेयर सुमन बहमनी ने स्वयं नालों की गहराई तक सफाई की स्थिति जांची। इसके बाद उन्होंने संत निश्चल सिंह स्कूल के पिछले गेट के पास, सरोजनी कालोनी, शक्ति नगर, टैगोर गार्डन, लाजपत नगर, विजय कालोनी, महाराणा प्रताप चौक के पास, कैंप, जम्मू कॉलोनी सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और डिच ड्रेन का जायजा लिया। जहां-जहां सफाई कार्य अधूरा मिला, वहां मौके पर ही कर्मचारियों को लगाकर सफाई कराई गई। निरीक्षण के दौरान मेयर ने स्थानीय लोगों से भी बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनकर कई स्थानों पर पानी की निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। मेयर सुमन बहमनी ने नालों की सफाई कर रही एजेंसी के पदाधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक नाले की तली तक जमी गाद (सिल्ट) को पूरी तरह बाहर निकाला जाए और उसका तुरंत उठान सुनिश्चित किया जाए ताकि वह दोबारा नाले में न बहे। जहां भी धंसे हुए स्लैब या अतिक्रमण हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाए। मानसून से पहले शहर के शत-प्रतिशत छोटे-बड़े नालों की सफाई हर हाल में पूरी होनी चाहिए। इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानसून शुरू होने से पहले शहर के सभी बड़े और छोटे नालों की सफाई हर हाल में पूरी की जाए।

## बी. एल. ओ. डोर-टू-डोर कर रहे हैं सर्वे, नागरिक करें सहयोग : चावला



**शाहाबाद मारकंडा, 16 जून ( रूबी ) :** पूर्व नपा प्रधान बलदेवराज चावला के लाडवा रोड़ स्थित व्यापारिक स्थल पर जानकारी देते हुए बी.एल.ओ. सुरेंद्र कुमार ने बताया मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बी.एल.ओ. डोर-टू-डोर सर्वे कर रहे हैं। सुरेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान के तहत वह 15 जून से 14 जुलाई तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे व एन्यूमेशन फॉर्म भरेंगें। सुपरवाइजर पवन कुमार ने बताया कि बी. एल. ओ. प्रत्येक घर पर कम से कम तीन बार संपर्क करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि यदि किसी कारणवश परिवार के सदस्य घर पर उपलब्ध नहीं होते तो एन्यूमेशन फॉर्म घर के दरवाजे के नीचे डालेगें तथा एक नोटिस छोड़ेंगे जिसमें बी.एल.ओ. का नाम व मोबाइल नंबर अंकित होगा। पवन कुमार ने बताया कि मतदाताओं को फॉर्म भरकर संबंधित बी. एल. ओ. को देना आवश्यक होगा। जिन मतदाताओं के भरे हुए फार्म प्राप्त नहीं होंगे आयोग के निर्देशानुसार उनका नाम प्रारूप मतदाताओं की सूची में शामिल नहीं होगा। पूर्व न.पा. प्रधान बलदेवराज चावला ने कहा कि बीएलओ डोर-टू-डोर जाकर सर्वे कर रहे है। चावला ने कहा कि सभी नागरिकों को उनका सहयोग करना चाहिए। ताकि वह अपना कार्य आसानी से पूरा कर सके।

# विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर कर रही कार्य : सुभाष कलसाना



**शाहाबाद मारकंडा, 16 जून ( रूबी ) :** हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर कार्य कर रही हैं तथा आने वाले वर्षों में भारत विश्व के अग्रणी देशों में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा। चेयरमैन सुभाष कलसाना मंगलवार को रेस्ट हाउस में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकारी नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं पर जन कल्याण शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित शिविर का उद्घाटन किया। चेयरमैन सुभाष कलसाना ने प्रशासन के डीएफएससी, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, बागवनी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, वीटा, कृषि एवं कल्याण विभाग, बिजली विभाग, आयुष, जिला समाज कल्याण विभाग और क्रिड की योजनाओं की जानकारी ली। चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि वर्ष 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभाली थी, तब उन्होंने देशवासियों से आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव को मजबूत करने का संकल्प लिया था। पिछले 12 वर्षों में इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जिनका परिणाम आज पूरे देश के सामने है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में भारत विश्व की अर्थव्यवस्थाओं में 11वें स्थान पर था, जबकि आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है।

यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत आर्थिक नीतियों और देशवासियों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

पहले देश अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए बड़े पैमाने पर विदेशों पर निर्भर था, लेकिन आज मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारत रक्षा उपकरणों और सैन्य तकनीक के निर्माण में आत्मनिर्भर बन रहा है। देश में निर्मित रक्षा उपकरणों का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे भारत की वैश्विक पहचान और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# भारत विकास परिषद लाडवा द्वारा सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी का शुभारंभ

*ऐसी सेवाएँ समाज के जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं : सचिन गर्ग*

**लाडवा, 16 जून ( रामगोपाल ) :** भारत विकास परिषद लाडवा शाखा द्वारा जनसेवा के उद्देश्य से भारत विकास परिषद द्वारा संचालित क्लिनिकल लैबोरेटरी पर इंडस हॉस्पिटल डेरा बस्सी के सहयोग से सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत सप्ताह में विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी। इस कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथि सचिन गर्ग ने दीप प्रज्जवलित करके ओपीडी का उद्घाटन किया और इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सेवाएँ समाज के जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। परिषद अध्यक्ष राजीव आर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं परिषद के द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों के बारे में बताया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. अमृत गर्ग ने बताया कि



इस सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। जिससे उन्हें बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

इस ओपीडी में प्रत्येक मंगलवार को कैंसर रोग एवं ई एन टी रोग विशेषज्ञ, वीरवार को मनोरोग विशेषज्ञ, महीने के पहले व तीसरे शुक्रवार को न्यूरो रोग विशेषज्ञ एवं महीने के पहले व तीसरे शनिवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी इस अवसर पर भारत विकास परिषद लाडवा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाजहित में ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस कार्यक्रम को आरंभ करने में डीसीबी बैंक की भूमिका भी सराहनीय रही। कार्यक्रम में विशेष तौर पर राकेश गोयल, रोहित गर्ग, राकेश खुराना, सुनील गर्ग, रवि बेदी, रणबीर सिंह, जगबीर, अंकित सिंगला एवं परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्री-प्लेसमेंट रोजगार मेला आयोजित, 19 छात्राओं का हुआ चयन



**हिसार, 16 जून ( ब्यूरो ) :** राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को छात्राओं के लिए प्री-प्लेसमेंट रोजगार मेले का आयोजन किया गया। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आयोजित इस एक दिवसीय रोजगार मेले में हिसार राजेन्द्रा सीट कवर के निदेशक मनीष ठाकुर एवं उनकी टीम ने विभिन्न ट्रेडों की छात्राओं के साक्षात्कार लिए। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य रामकरण केसरिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के रोजगार मेले युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा विद्यार्थियों को उद्योगों से जुड़ने और अपने कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम संयोजक एवं वर्ग अनुदेशक रामकरण केसरिया ने बताया कि ड्रेस मेकिंग, फैशन डिजाइन, सिलाई टेक्नोलॉजी, फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी तथा कैड व्यवसाय से संबंधित छात्राओं के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को उद्योगों में कार्य करने का अवसर मिलता है और वे अपने कौशल को और अधिक विकसित कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरांत कुल 19 छात्राओं को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिससे छात्राओं में उत्साह का माहौल है।

संस्थान प्रबंधन ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रोजगार मेले में संस्थान की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक छोटूराम, प्लेसमेंट अनुदेशक सुभाष चंद, फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी अनुदेशिका नैना चायल सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# योग प्रशिक्षण प्रोटोकॉल के तहत अधिकारी, कर्मचारी तथा आमजन सहित कुल 121 प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास

**करनाल, 16 जून ( संदीप रोहिला ) :** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर सतपाल ने बताया कि योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा की थीम पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में 16 जून से 18 जून तक तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन योग शेड, फवारा पार्क, सेक्टर 12 में प्रात: 6 से प्रात साढ़े 7 तक किया जा रहा है। आज आयोजित योग प्रोटोकॉल में जिला के सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा आमजन सहित कुल 121 प्रतिभागियों ने योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि आज आयुष विभाग द्वारा जिला के सभी ब्लॉकों में कुल 42 जगह अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के प्रशिक्षण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके तहत कुल 2156 लोगों ने योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ नितिन रोहिला ने बताया कि आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला के वार्ड नंबर 11 से पार्षद संजीव मेहता, वार्ड नंबर 2 से पार्षद बेबी



पाल, तथा वार्ड नंबर 1 से पार्षद सुदेश रानी रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रतिदिन योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मेरा मिशन स्वस्थ भारत के निदेशक तथा संस्थापक दिनेश गुलाटी द्वारा प्रतिभागियों को योग जॉगिंग, सूर्य नमस्कार इत्यादि विशेष अभ्यास करवाए गए। दिनेश गुलाटी ने बताया कि संस्था द्वारा आमजन को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण सामाजिक सौहार्द के प्रति जागरूक करना, नियमित योग करने के लिए ऑनलाइन तथा ऑफलाइन प्रतिदिन योग कक्षा लगाना तथा स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग एवं योग युक्त - नशा मुक्त हरियाणा के संकल्प को सिद्ध करने के लिए जिला में 20 कक्षाओं के माध्यम से नियमित विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हरित योग अभियान के तहत आयुष विभाग करनाल के द्वारा आज जिला करनाल के सभी ब्लॉकों में कुल 228 पौधों का रोपण तथा वितरण किया गया तथा प्रतिभागियों को अधिक से अधिक पौधारोपण, देखभाल तथा उनका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। आयुष विभाग करनाल की जिला कार्यक्रम संयोजक पूजा ने बताया कि 16 जून से 18 जून तक तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन योग शेड, फवारा पार्क, सेक्टर 12 में प्रात: 6 बजे से प्रात: 7:30 बजे तक किया जा रहा है इस कार्यक्रम में जिला करनाल के माननीय सांसद, विधायक तथा जनप्रतिनिधि मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे हैं जिला करनाल के सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा आमजन योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं उन्होंने सभी करनाल वासियों से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

# विधायक ने किया तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

**असंध, 16 जून ( दलसिंह मान ) :** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और जनकल्याण



को समर्पित 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय सभागार, असंध में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने बतौर मुख्य अतिथि किया। यह जनकल्याण शिविर 18 जून तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में पहुंचने पर एसडीएम सुमित सिहाग ने विधायक योगेंद्र राणा का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् गायन के साथ हुआ। इस दौरान विधायक योगेंद्र राणा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव देशभर में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, वहीं करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन योजना का लाभ मिल रहा है। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से सहायता राशि उनके खातों में भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है और वैश्विक स्तर पर देश की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार भी केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों से आह्वान किया कि जनकल्याण शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए।

**योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं नागरिक :** एसडीएम सुमित सिहाग ने कहा कि शिविर का उद्देश्य आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं से जोड़ना तथा पात्र लाभार्थियों को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और उनका लाभ उठाएं।कार्यक्रम के दौरान एसडीएम सुमित सिहाग ने विधायक योगेंद्र राणा को शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरपर्सन सुनीता, तहसीलदार नवजीत कौर, बीडीपीओ उमेद सिंह, नगरपालिका सचिव प्रदीप कुमार, नायब तहसीलदार राधेश्याम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**इन विभागों ने लगाए स्टाल :** इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पशुपालन विभाग, श्रम विभाग, खंड विकास एवं पंचायत विभाग तथा नगरपालिका असंध सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।

# 12 वर्षों में प्रदेश के 1.80 युवाओं को योग्यता के आधार पर दी सरकारी नौकरी : सुभाष सुधा

**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( करणदीप सिह ) :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रदेश के 1 लाख 80 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी है। वर्ष 2014 से प्रदेश में बिना खर्ची बिना पर्ची के रोजगार दिए जाने की मुहिम शुरू की गई है, जिसको मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश की इस खूबी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अलग-अलग प्रदेशों में प्रशंसा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के मुखिया के पद पर शपथ लेने से पहले लगभग 25 हजार युवाओं को ज्वाइनिंग पत्र जारी किए थे, जबकि पहले की सरकारों में सरकारी नौकरियों के लिए बोलियां लगती थी। खर्ची और पर्ची की जरुरत होती थी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय रोजगार मेले में बोले रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, जयभगवान शर्मा

*पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने प्रदेश स्तरीय रोजगार मेला का किया उद्घाटन*



डीडी ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस रोजगार मेले में 19 देशों और 50 से ज्यादा स्वदेशी कंपनियों ने हिस्सा लिया। इंटरव्यू के बाद मौके पर ही युवाओं को ऑफर लेटर भी दिए गए। मेला में हिस्सा लेने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत भी की।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को मार्गदर्शन मिल रहा है। सरकार ने युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रमों और योजनाओं को शुरू किया हुआ है। युवाओं को अपना रोजगार शुरू करने के लिए ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं ने सरकार की नीतियों से स्वरोजगार खड़े करके दूसरों को नौकरियां दी हैं। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि पहले युवाओं को अलग-अलग रास्तों से विदेश जाना पड़ता था, अब सरकार ही युवाओं को विदेश में रोजगार दिलवा रही है। जहां पर युवाओं का खर्च भी नामात्र होता है और उन्हें विदेश में रहकर काम करने का मौका दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 सालों में सरकार ने देश व प्रदेश में कई बड़े प्रोजेक्टों के साथ तरक्की की तरफ से लेकर गए हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार पीएम सबसे ज्यादा समय तक पदभार संभालने का रिकॉर्ड भी कायम किया है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले को लेकर युवाओं में उत्साह बना हुआ है। आज युवाओं के सामने अपने कौशल को दिखाने का मौका है। इंटरव्यू के समय वो अपनी क्षमता को दिखाकर रोजगार को हासिल करें। उन्होंने कहा कि समय समय पर ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। अब आगे आने वाले समय में एक मासिक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। अंबाला मंडल रोजगार अधिकारी नरपिंद्र सांगवान ने मंच से अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर और भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने मंच का संचालन किया।

**19 देशों व 50 स्वदेशी कंपनियों ने लिया युवाओं का इंटरव्यू**

प्रदेश स्तरीय रोजगार मेला में 19 देशों और लगभग 50 स्वदेशी कंपनियों ने हिस्सा लेकर युवाओं का इंटरव्यू लिया। इनमें आस्ट्रेलिया, यूएई, जीसीसी, कतर, ओमान, जर्मनी, कनाडा, दुबई, सऊदी अरब, वेतनाम, फ्रांस, थाईलैंड, न्यूजीलैंड, हॉगकॉग, यूएसए सहित 19 देशों की कंपनियां शामिल रही। इसके अलावा गोदरेज, महिंद्रा, पॉली प्लास्टिक इंडस्ट्री, चंद्रपुर वर्कर्स, सरस्वती शुगर मिल, सनसैन पेपर मिल, बेरी उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, कागज करेशन, जीएस कास्टिंग, आरआई इलेक्ट्रॉनिक, कमल एनकॉन इंडस्ट्री, रजनी अगरोल, मार्डर्न इंडस्ट्री, पैरामाउंड इंडस्ट्री, ऑरिएंट इंजीनिरिंग वर्कर्स, जमना आटो इंडस्ट्री, एनएसटीयू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, भारतिक्षा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, भारत पे, पुखराज हेल्थ केयर, रामया हेल्थ केयर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, मनीपाल बीएफएसआई, आरबीएल बैंक, एनआईआईटी, वृंदा ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड, मोनू ठेकेदार, मां सरस्वती शिक्षा निकेतन, सिग्नेचर सर्विस सिंडिकेट, गोरी एंटरप्राइज, करनाल मोटर्स, गुपिल प्रिंट, 5आर मेनपावर सहित लगभग 50 कंपनियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी, आईटीआई प्रिंसिपल जगमोहन, यमुनानगर जिला रोजगार अधिकारी अरुण कुमार, एईओ एसबी त्यागी व अमित त्यागी, संतोष गर्ग सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन गर्ग ने करनाल रेंज के आईजी अशोक कुमार से की शिष्टाचार भेंट

**लाडवा, 16 जून ( रामगोपाल ) :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं अनेक शिक्षण संस्थानों के प्रधान पवन गर्ग ने करनाल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अशोक कुमार (आईपीएस) से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर पवन गर्ग ने आईजी अशोक कुमार को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा उन्हें उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक एवं पुलिस सेवाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। भेंट के दौरान दोनों के बीच क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, जनसुरक्षा, सामाजिक समरसता, युवाओं की सकारात्मक भागीदारी तथा समाजहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सौहार्दपूर्ण एवं सार्थक चर्चा हुई। पवन गर्ग ने कहा कि पुलिस प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने से आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत होता है तथा विकास एवं सुरक्षा का वातावरण सुदृढ़ होता है।



पवन गर्ग ने आईजी अशोक कुमार के व्यक्तित्व एवं कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि वे ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और ईमानदारी के बल पर भारतीय पुलिस सेवा के उच्च पद तक पहुंचे हैं। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को अशोक कुमार जैसे अधिकारियों से प्रेरणा लेकर शिक्षा, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा समाज में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर पवन गर्ग ने हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में विकास, सुशासन, पारदर्शिता तथा जनकल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भी भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सरकार की जनहितकारी नीतियों एवं योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है, जिससे प्रदेश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। अंत में पवन गर्ग ने आईजी अशोक कुमार को उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में करनाल रेंज में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा जनता को बेहतर सुरक्षा एवं सेवाएं प्राप्त होंगी।

# राष्ट्र प्रथम की भावना मजबूत करना अति आवश्यक : रेणु बाला गुप्ता

**करनाल, 16 जून ( संदीप रोहिला ) :** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने समालखा में पट्टी कल्याणा में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्ग के समापन समारोह में सक्रिय सहभागिता की। उन्होंने स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। पूरा कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति, संगठन शक्ति, अनुशासन एवं भारतीय संस्कारों के अद्भुत समन्वय का साक्षी बना। समारोह के दौरान मुख्यत: राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा एवं संगठन के मूल्यों को पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। स्वयंसेवकों का अनुशासन, समर्पण, राष्ट्र के प्रति निष्ठा और सेवा भाव उपस्थित जनों के लिए प्रेरणा का केंद्र रहा। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समाज में सेवा, संस्कार, संगठन और राष्ट्र प्रथम की भावना को मजबूत करने के लिए किया जा रहा कार्य अत्यंत सराहनीय है। संघ शिक्षा वर्ग जैसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के संस्कार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसे संस्कारित और

*कार्यक्रम में दिखा अनुशासन, संस्कार और संगठन शक्ति का आदर्श समन्वय*



समर्पित स्वयंसेवकों की आवश्यकता है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा और सद्भाव का संदेश पहुंचाएं। महापौर ने कहा कि स्वयंसेवकों का समर्पण और समाजहित में उनका निरंतर कार्य राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को सशक्त बनाने का कार्य करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संघ शिक्षा वर्ग से प्रशिक्षित स्वयंसेवक समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनकर देश की सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय चेतना को और अधिक मजबूत करेंगे।

**इनकी रही सहभागिता :** माधव सृष्टि परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पंजाब क्षेत्र से पहुंचे प्रचारक रामेश्वर दास, जिला संघ कार्यवाह अनूप कुमार, अनिल सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूरे कार्यक्रम का वातावरण अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा।

# जनकल्याण शिविरों में नागरिकों को एक ही स्थान पर मिल रही सरकारी सेवाएं : डॉ. कमल गुप्ता

**हिसार, 16 जून ( ब्यूरो ) :** केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ आम नागरिकों तक सरलता और सुलभता से पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को हिसार खंड विकास एवं पंचायत विभाग कार्यालय तथा बरवाला उपमंडल स्तर पर जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया गया। हिसार में आयोजित शिविर का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता तथा महापौर प्रवीण पोपली ने किया।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि जनकल्याण शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को




विभिन्न विभागों से संबंधित सेवाएं एवं सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाना है, ताकि उन्हें अपनी समस्याओं और कार्यों के लिए अलग-अलग सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार नागरिकों को पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। शिविर के दौरान सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष प्रदर्शनी लगाई गई, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इसके पश्चात केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। वहीं लोक कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने केंद्र सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल में देश के स्वाभिमान और राष्ट्रीय हित से जुड़े अनेक जटिल विषयों का सफलतापूर्वक समाधान किया है। उन्होंने कहा कि धारा 370 को समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों ने देश की एकता और अखंडता को और अधिक मजबूत किया है। इसके अलावा सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में भी दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए दुश्मन देशों को करारा जवाब दिया है।

इस अवसर पर एसडीएम ज्योति मित्तल, विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, बीडीपीओ कुलबीर नैन, चेयरमैन अजय गावड़, चेयरमैन पूनम विश्नोई, चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र मंडा, प्रवीण जैन, पार्षद संजय डालमिया, सुरेश गोयल धूपवाला, स्याहड़वा सरपंच राजेश, सरपंच तलवंडी बादशाहपुर चरण सिंह, बीडीओ सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमरनाथ भंडारे के लिए खाद्य सामग्री के ट्रकों को समाजसेवियों ने हरी झंड़ी देकर किया रवाना

**चिड़ाव, 16 जून ( प्रवीन कुमार ) :** अमरनाथ सेवा मंडल की ओर से हरवर्ष की भांति बालटाल में लगाए जाने वाले 31वां विशाल भंडारे के लिए खाद्य सामग्री लेकर पहुंचे काफिले का निसिंग शाखा सदस्यों की और से मंगलवार को स्वागत किया गया। उन्होंने काफिले के साथ पहुंचे बाबा के भक्तों को पुष्प मांलाओं डाल सम्मानित किया गया। इससे पूर्व शाखा सदस्यों की और से सेवामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय सिंगला का स्वागत किया। जिसमें निसिंग शाखा सदस्यों ने दो लाख रूपए का चैक दिया गया। काफिले को जलपान के बाद क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी राजकुमार गोयल, चमन लाल पोली, मोहन जिंदल, निसिंग शाखा प्रधान मनीष गर्ग सहित सभी सदस्यों ने ट्रकों को झंडी देकर रवाना किया। निसिंग शाखा प्रधान मनीष गर्ग ने बताया कि क्षेत्र वासियों के सहयोग से हरवर्ष




अमरनाथ में लगने वाले भंडारे में राशि सहित खाद सामग्री दी जाती है। सेवामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय सिंगला ने बताया कि देश व प्रदेश की जनता की बाबा बर्फानी में गहरी आस्था होने के कारण सैकड़ों भोले बाबा के भक्त हरवर्ष बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए यात्रा पर जाते है।

सरकार की और से इस बार भी सुरक्षा के मध्यनजर कड़े प्रबंध किए गए है। बाबा बर्फानी की सेवा में अमरनाथ सेवा मंडल 1996 से वहां पहुंच भंडारा लगाया जाता है। इस मौके पर दिनेश गोयल, सुनिल सिरसल, अंकित सहित अन्य लोगों ने अपना सहयोग दिया।

## पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवैल ऑपरेटर ऑर्गेनाइजेशन की जिला कार्यकारिणी गठित



**करनाल, 16 जून ( सोनी दुआ ) :** पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ऑर्गेनाइजेशन (संबंधित भारतीय मजदूर संघ) का जिला करनाल का अधिवेशन मानव सेवा संघ में हुआ। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कादियान ने की और मंच संचालन प्रदेश महामंत्री हुकुम सैनी ने किया। भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति के बारे में बताया गया। नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त जिला प्रधान ओंकार सिंह ने कहा कि पूरे जिले में संगठन को मजबूत किया जाएगा। लंबित मांगों को भारतीय मजदूर संघ के मार्गदर्शन में लागू करवाया जाएगा। नई जिला कार्यकारिणी में ओंकार सिंह को प्रधान बनाया गया है। इसके अलावा अश्विनी शर्मा, संदीप शर्मा व बलविंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, पवन कुमार को जिला मंत्री, राजेश कुमार व रोहनलाल को सह मंत्री की जिम्मेवारी मिली है। कोषाध्यक्ष के रूप में संदीप शर्मा कार्य करेंगे। मीडिया प्रभारी सोमबीर यादव को बनाया गया है। कार्यकारिणी में सदस्यों के रूप में जयबीर, घनश्याम और सुनील कुमार को शामिल किया गया है।

## आरोही मॉडल विद्यालय सोंगरी में पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**राजौंद, 16 जून ( नरेश कुमार ) :** आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोंगरी में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पोस्टर एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न वर्गों के 27 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कला एवं सृजनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आकर्षक पोस्टर और सुंदर पेंटिंग्स प्रस्तुत कीं। प्रतिभागियों ने अपने चित्रों के माध्यम से सामाजिक एवं पर्यावरणीय विषयों पर प्रभावशाली संदेश देने का प्रयास किया। विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता, रंगों के संयोजन तथा प्रस्तुति कौशल की सभी ने सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्या डॉ सुनीता आहूजा ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा उनमें आत्मविश्वास, सृजनात्मक सोच और सामाजिक जागरूकता का विकास करती हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## उपायुक्त ने 18 अमृत सरोवर के निर्माण व पुनरुद्धार की दी प्रशासनिक स्वीकृति

**हिसार, 16 जून ( ब्यूरो ) :** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत जिले के विभिन्न खंडों में अमृत सरोवरों के निर्माण एवं पुनरुद्धार का कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में उपायुक्त महेंद्र पाल द्वारा 18 अमृत सरोवरों के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों के शुरू होने से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं मनरेगा के तहत पंजीकृत मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। अमृत सरोवरों के निर्माण एवं पुनरुद्धार से भूजल स्तर सुधारने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण पर्यावरण को सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि स्वीकृत कार्यों में आदमपुर, बरवाला, हिसार-प्रथम तथा हिसार-द्वितीय खंड के विभिन्न गांवों में स्थित तालाबों का निर्माण और पुनरुद्धार शामिल है। इन कार्यों के पूरा होने से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित होगा तथा आमजन को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन ग्रामीण विकास और जल संरक्षण की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं तथा अमृत सरोवर योजना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए ऐसे कार्य भविष्य में भी जारी रखे जाएंगे।

## थाना छप्पर पुलिस टीम ने नवविवाहिता से दुष्कर्म के आरोपी सौतेले पिता को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर, 16 जून ( दिनेश कुमार ) :** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना छप्पर पुलिस टीम ने 24 वर्षीय नवविवाहिता से दुष्कर्म के आरोपी सौतेले पिता को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। थाना छप्पर प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी मां ने दूसरी शादी की हुई है। सात वर्ष की आयु से ही वह मां के साथ रही।



जब 18 वर्ष की हुई तो सौतेला पिता गलत नजर रखने लगा। वह गलत हरकत करता था। यदि विरोध करती तो वह डरा धमकाकर चुप करा देता। अब अप्रैल माह में शादी हो गई। ससुराल में जाकर रहने लगी। लगभग एक माह पहले मायके में आई हुई थी। उसने बताया कि सौतेले पिता ने कमरे में आकर पाकर गलत नीयत पकड़ लिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी और गलत काम किया। जिसके बाद वापस ससुराल में आई। अब भी फोन पर सौतेला पिता धमकी दे रहा है। परेशान होकर इस बारे में पति को बताया। इस मामले में केस दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक रुचि के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# सरकारी स्कूलों में किचन गार्डन पर प्रशासन का रहेगा जोर : उपायुक्त

**पानीपत, 16 जून ( हरप्रीत छतवाल ) :** जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने मंगलवार को सीएमजीजीए अदिति वश्नेय तथा शिक्षा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में स्कूलों के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा शिक्षा की गुणवत्ता को और मजबूत करने पर विशेष चर्चा की गई।

उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित, स्वच्छ और आधुनिक सुविधाओं से युक्त शिक्षण वातावरण उपलब्ध हो। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन स्कूलों में बैठने की व्यवस्था, शौचालयों की कार्यक्षमता, डिजिटल संसाधनों के बेहतर उपयोग, मिड डे मील की गुणवत्ता तथा आधारभूत सुविधाओं को और मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिन समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाएगा, जबकि बड़े बुनियादी ढांचे और स्टाफ से संबंधित मामलों को राज्य सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। हमारा उद्देश्य केवल कमियों को दूर करना नहीं, बल्कि सरकारी स्कूलों को ऐसा मॉडल बनाना है जहां विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, बेहतर सुविधाएं और उज्ज्वल भविष्य के लिए अनुकूल वातावरण मिल सके। इसके साथ-साथ अमृत सरोवरों के संरक्षण, स्वच्छता और जनभागीदारी को भी प्राथमिकता दी जाएगी ताकि विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों लक्ष्यों को समान रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता है, वहां प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक विद्यार्थी को बेहतर शिक्षण वातावरण उपलब्ध करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने स्कूलों में बैठने की व्यवस्था, कक्षाओं की उपलब्धता, स्वच्छ पेयजल, शौचालयों की स्थिति तथा डिजिटल शिक्षा संसाधनों के प्रभावी उपयोग को लेकर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी अतिरिक्त डेस्क, कक्षाओं अथवा अन्य सुविधाओं की आवश्यकता है, उसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत की जाए ताकि आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जा सके।



डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने मिड डे मील योजना की नियमित निगरानी करने के निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय सुविधाओं की स्थिति की भी विस्तृत जानकारी मांगी तथा आवश्यक सुधार कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में विकसित अमृत सरोवरों के संरक्षण और रखरखाव पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को कहा कि अमृत सरोवर न केवल जल संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। समीक्षा में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर संभव है, उन्हें शीघ्र पूरा किया जाएगा, जबकि बड़े बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन से जुड़े मामलों को राज्य स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। इस मौके पर उपायुक्त ने जिले में आयुष्मान भारत योजना की प्रगति भी जानी व वे वंदना योजना के तहत ब्लाक स्तर पर शिविर आयोजित करने की निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और तय समय सीमा में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए के जिले में 10 स्कूल ऐसे आईडेंटिफाई करें जहां किचन गार्डन को डेवलप किया जा सके ताकि बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली सब्जी उपलब्ध हो सके। उन्होंने बच्चों के हीमोग्लोबिन की जाँच करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक कदम तेजी से उठाए जाएंगे। जिला प्रशासन शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर सीईओ डॉ किरण, डीडीपीओ राजेश शर्मा, सीएमओ विजय मलिक, बी डीपीओ शक्ति सिंह, शीतल,सीएम जीजीए आदिति, डॉक्टर मनीष, डीआईएम सोहन, एलडीएम जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में जिला जेल सोनीपत में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन, 90 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

### *रक्तदान महादान है, रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम : कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा*

**सोनीपत, 16 जून ( ब्यूरो ) :** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिला जेल सोनीपत में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सिविल सर्जन, सोनीपत के सहयोग से किया गया, जिसमें जेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों, उनके परिवारजनों तथा अन्य सामाजिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 90 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उनके साथ सोनीपत के मेयर राजीव जैन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम मे मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के द्वारा जेल परिसर पहुंचने पर जेल के जवानों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। दोनों अतिथियों ने जिला जेल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।



रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र व बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है, रक्तदान महादान है। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बनता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर समाज के प्रति अपना दायित्व निभाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के शिविरों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने रक्तदाताओं के इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह योगदान मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजेन्द्र सिंह, डॉ. भानू व अन्य जेल प्रशासन, पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा के अंदर पंचमहाभूतों का समावेश हो : देशराज शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( करणदीप सिंह ) :** श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे आचार्य विकास वर्ग में प्रोफेसर ब्रह्माजीत सिंह (निदेशक एन आई टी कुरुक्षेत्र) कार्यक्रम अध्यक्ष, शंकर लाल धूपड़ अध्यक्ष शिक्षा बोर्ड भिवानी, मुख्य अतिथि, देशराज शर्मा (महामंत्री, अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान) मुख्य वक्ता रहे। विजय अड्डा संगठन मंत्री उत्तर क्षेत्र डॉक्टर ऋषि राज वशिष्ठ अध्यक्ष हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा विद्यालय के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंगला ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। शंकर लाल धूपड़ ने कहा विद्यार्थी आचार्य के आचरण से सीखता है आचार्य का मुख्य लक्ष्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है बच्चों को उपवास के बारे में बताएं मोबाइल का उपवास करवाए पाश्चात्य संस्कृति से बच्चों को दूर रखें, विद्या भारती समाज को भारतीय संस्कृति



से परिचित करवा रही है नई शिक्षा नीति का प्रयोग कर रही है उन्होंने कहा यदि आपकी योजना एक वर्ष की है तो फसल लगाएं यदि आपकी योजना 10 वर्ष की है तो पेड़ लगाए और यदि आपकी योजना 100 वर्ष की है तो मानव का निर्माण करें। देशराज शर्मा ने कहा विद्या भारती का परिवार 2 करोड़ लोगों से ज्यादा का है 40 लाख पूर्व छात्र विद्या भारती से जुड़े हैं उन्होंने कहा शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे छात्रा का हर क्षेत्र में निर्माण हो, आचार्य का दायित्व है कि चाहे राजनीतिक क्षेत्र हो, विज्ञान का क्षेत्र हो, पर्यावरण का क्षेत्र हो या कोई भी क्षेत्र हो उन सभी में अपना दायित्व अच्छे से निर्वहन करें। शिक्षा मानव जीवन पर्यंत सीखता रहता है हम ए आई विकसित करने वाले बने। शिक्षा में अध्यात्म को जोडे, शिक्षा में समानता होना जरूरी है शिक्षा में पंचमहाभूतों का समावेश होना चाहिए। हमें सदा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। शिक्षक मोटीवेटर होना चाहिए। शिक्षा देना समाज का दायित्व है तत्पश्चात एनआईटी के निर्देशक ब्रह्मजीत ने कहा शिक्षक समाज का श्रेष्ठ अंग माना जाता है शिक्षक अपने आचरण से छात्र को शिक्षा सीखता है शिक्षक अगर विनम्र है तो छात्र विनम्र होगा। वह ऐसे विद्यार्थियों का निर्माण करेगा जो अपनी जड़ों से जुड़े रहे। शिक्षक का दायित्व विद्यार्थियों को श्रेष्ठ नागरिक बनाना, संस्कार, नवाचार विषयों का निर्माण करना, देशभक्त नागरिकों का निर्माण करना है चेतराम शर्मा (उपाध्यक्ष हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा) ने बताया कि 15 दिन से चल रहे आचार्य विकास वर्ग का उद्देश्य ऐसे आचार्य का निर्माण करना है जो बच्चों का सर्वांगीण विकास कर सके उन्होंने कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है अगर हमारा आचार्य स्वस्थ है तो वह बच्चों का भी अच्छे से विकास कर सकता है ऋषि राज वसिष्ठ अध्यक्ष हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा ने आए हुए सभी अधिकारी गण ,अभिभावको, प्रबंध समिति, आचार्य गन का आभार व्यक्त किया उन्होंने शिक्षार्थी आचार्य से भी आवाहन किया कि हमने जो सीखा है उसका विद्यालय में जाकर प्रारंभ करना है उन्होंने बताया विद्या भारती के द्वारा हरियाणा में ढाई सौ संस्कार केंद्र खोले गए हैं जहां पर छात्रों को मुफ्त शिक्षा, मुक्त किताबें दी जाती है इस अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र वालिया कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी सदस्य जंगबहादुर सिंगला व प्रबंध समिति केअन्य सदस्य, पूर्व छात्र,विभिन्न विद्यालयों की प्रबंध समिति, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य व अभिभावक व आचार्य उपस्थित रहे।

## किसान यात्रा एवं पशुधन संवर्धन सम्मेलन का आयोजन 17 जून को

**हिसार, 16 जून ( ब्यूरो ) :** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा किसानों एवं पशुपालकों के लिए किसान यात्रा एवं पशुधन संवर्धन सम्मेलन का आयोजन बुधवार, 17 जून को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। यह सम्मेलन चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्देश्य किसानों एवं पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन तथा पशुधन संवर्धन से संबंधित नवीनतम तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं नलवा विधायक रणधीर पनिहार तथा हिसार के महापौर प्रवीण पोपली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। लुवास के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन के दौरान पशुपालन क्षेत्र में नवाचार, वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग तथा किसानों की आय बढ़ाने में पशुधन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के किसानों, पशुपालकों, प्रगतिशील कृषकों तथा संबंधित हितधारकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है, ताकि वे पशुपालन एवं कृषि क्षेत्र से जुड़ी नवीनतम जानकारियों का लाभ उठा सकें।

# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



**हिसार, 16 जून ( ब्यूरो ) :** जिला स्तरीय सडक् सुरक्षा समिति की बैठक उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सडक् सुरक्षा की पिछली बैठक में शामिल तथा नए एजेंडा को लेकर अभी तक हुई प्रगति व कार्यवाही की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि सडक् दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला सडक् सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत संबंधित विभागों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। बैठक में कई मार्ग पर सडक़ों की जर्जर स्थिति, सीवरेज, चेतावनी संकेतों की कमी तथा यातायात अव्यवस्था जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि सभी खामियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए।

बैठक में उपायुक्त महेंद्र पाल को अवगत करवाया गया कि यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इस साल फरवरी से मई माह तक नियम उल्लंघन पर पुलिस विभाग द्वारा 43 हजार 40 चालान किए जा चुके है। मई माह में आरटीए द्वारा एक करोड़ 46 हजार 800 रुपये के 342 चालान किए गए हैं। उपायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध कट के मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी अवैध कट को शीघ्र बंद करवाया जाए। उन्होंने पिछले दिनो आंधी व बारिश के कारण सडक् की ओर झुकी हुई पेड़ों की टहनियों एवं झाडि़यों की कटाई-छटाई करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने चिन्हित किए गए अग्रोहा मोड़, स्याहड़वा, मिर्जापुर, ओडीएम कॉलेज, विक्की गारमेंट आदि के पास वाले ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, एएसपी मयंक मुद्गिल, एसीयूटी विवेक यादव, नगराधीश रोहित कुमार, जिला परिषद सीईओ सुभाष चंद्र सहित एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईटीआई प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ाई

**हिसार, 16 जून ( ब्यूरो ) :** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा द्वारा संचालित राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 तक बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून 2026 निर्धारित की गई थी। यह जानकारी देते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सचदेवा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अब 30 जून 2026 की रात्रि 12 बजे तक विभाग के ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित समय के बाद पोर्टल स्वत: बंद हो जाएगा और किसी भी प्रकार का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईटीआई में 8वीं, 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रोजगारपरक एवं तकनीकी ट्रेडों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। प्रधानाचार्य ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा महिला प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रवेश प्राप्त करने वाली छात्राओं को ट्यूशन फीस में छूट के साथ-साथ 1000 रुपये की टूल किट सहायता तथा 2500 रुपये की प्रोत्साहन राशि का लाभ भी दिया जा रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। प्रधानाचार्य सुनील कुमार सचदेवा ने अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें तथा समय रहते अपना आवेदन पूर्ण कर लें। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी, मार्गदर्शन अथवा तकनीकी सहायता के लिए अतिरिक्त विभाग द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 0172-2996321 एवं 0172-2997265 पर भी कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## सरकार की योजनाओं का अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक मिल रहा लाभ : प्रवीण लाठर

**करनाल, 16 जून ( प्रवीन ) :** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में प्रदर्शनी लगाई गई जिसका विधिवत शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने अपने करकमलों द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, ऐतिहासिक निर्णयों एवं राष्ट्रहित में किए गए कार्यों को प्रदर्शनी के माध्यम से कार्यकर्ताओं के साथ देखा तथा उनके सकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और जनसेवा के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने बताया कि केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आर्थिक और सामाजिक विकास करना है। इन योजनाओं का लक्ष्य नागरिकों को वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य सुरक्षा, आवास, शिक्षा और आजीविका के साधन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों के कार्यकाल के दौरान देश के स्वास्थ्य ढांचे में एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक बदलाव आया है।



सरकार द्वारा शुरू की गई जन-कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँच रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और व्यापक बनाने के संकल्प के साथ पिछले बारह वर्षों में एक ऐसी मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित की गई है, जिसने इलाज के खर्च के कारण परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

# 25 जून को अमेरिकी ट्रेड डील के खिलाफ चंडीगढ़ में देशभर के संगठनों की बैठक होगी : विक्रम कसाना एडवोकेट

**पुंडरी, 16 जून ( जगदीश चन्द्र ) :** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की महत्वपूर्ण बैठक ढाड बस स्टैंड स्थित कार्यालय में युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि आगामी 25 जून को किसान भवन, सेक्टर 35 चंडीगढ़ में पूरे देश के किसान, मजदूर व नौजवान संगठनों की बैठक बुलाई गई है। देश के सभी संगठनों से निवेदन है, कि सभी इस बैठक में जरूर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज देश का किसान,मजदूर,छोटा व्यापारी और। आम नागरिक एक बड़े खतरे के सामने खड़ा है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील केवल व्यापार का समझौता नहीं है,बल्कि यह देश की खेती, खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भरता पर सीधा हमला है। यदि यह ट्रेड डील लागू होती है तो अमेरिका और अन्य देशों के बड़े-बड़े कृषि उत्पाद भारतीय बाजार में आएंगे। सरकारें इसे विकास और व्यापार बढ़ाने का नाम देंगी, लेकिन इसका सबसे बड़ा नुकसान भारत के किसानों को होगा। हमारे किसान पहले ही बढ़ती



लागत, कम कीमत और कर्ज के बोझ से जूझ रहे हैं। ऐसे में विदेशी कंपनियों और कृषि उत्पादों को खुली छूट देना किसानों को बर्बादी की ओर धकेलने जैसा है। किसान केवल अपनी फसल नहीं बचा रहा, बल्कि देश की खाद्य संप्रभुता और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। यदि खेती और बाजार पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों का कब्जा हो गया तो किसान अपनी जमीन पर मजदूर बनकर रह जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान संगठनों, मजदूर संगठनों, व्यापारिक संगठनों और आम जनता को इस मुद्दे पर एकजुट होना होगा। यह लड़ाई किसी एक संगठन की नहीं, बल्कि पूरे देश के भविष्य की लड़ाई है। देश के गांव-गांव, जिला-जिला और राज्य-राज्य में ट्रेड डील के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाया जाए तथा सरकार पर दबाव बनाया जाए कि किसी भी हालत में किसान विरोधी ट्रेड डील स्वीकार न की जाए। हमारी मांग स्पष्ट है - भारत-अमेरिका ट्रेड डील को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए और देश के किसानों, मजदूरों तथा छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा की जाए। इस बैठक मे कई किसान उपस्थित थे।

## योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण में कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम व ध्यान का कराया अभ्यास

**कुरुक्षेत्र, 16 जून ( सुदेश कुमार ) :** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में महानिदेशक आयुष हरियाणा, जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग, कुरुक्षेत्र एवं जिला योग समन्वयक डॉ. जगीर के मार्गदर्शन में द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इसी क्रम में प्रशिक्षण सेक्टर-8 योग केंद्र में भी आयोजित किया गया। पतंजलि योग समिति तथा ब्रह्माकुमारी योग समिति के साधकों एवं प्रशिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, पवनमुक्तासन तथा शवासन का अभ्यास करवाया गया। इसके अतिरिक्त कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान का भी अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास के महत्व से अवगत कराते हुए स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# जिला रोजगार कार्यालय एवं आईटीआई सोनीपत द्वारा आयोजित रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में 45 युवाओं को मिला रोजगार

*केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 8 जून से 20 जून तक चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत हुआ रोजगार मेले का आयोजन **

**सोनीपत, 16 जून ( ब्यूरो ) :** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 8 जून से 20 जून 2026 तक चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, सोनीपत एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में आईटीआई सोनीपत के सेमिनार हॉल में रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से 45 युवाओं का विभिन्न





संस्थानों में चयन कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए गए।
मेले में फिलपकार्ट, पुखराज हेल्थकेयर, रामाया हेल्थकेयर, एलआईसी तथा पीएनबी कुंडली सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इसके अतिरिक्त आईपावर बैटरीज प्राइवेट लिमिटेड, विजकास्ट सिनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, अकेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा स्वराज इंजन लिमिटेड द्वारा विभिन्न ट्रेडों के लिए अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए गए। मेले में युवाओं के साक्षात्कार एवं काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए गए।
जिला रोजगार अधिकारी मनोज कुमार ने युवाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्नयोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना तथा रोजगार विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सेवाओं, रोजगार पोर्टल, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं अप्रेंटिसशिप अवसरों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने युवाओं से रोजगार विभाग के माध्यम से उपलब्ध अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सोनीपत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कौशल विकास युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में निभाता है महत्वपूर्ण भूमिका : सोहम शैलेंद्र

*आईएएस सोहम शैलेंद्र ने किया बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का दौरा*





**करनाल, 16 जून ( संदीप रोहिला ) :** बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, करनाल में आज आईएएस सोहम शैलेंद्र ने संस्थान का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान की ओल्ड बिल्डिंग, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भवन एवं न्यू बिल्डिंग का भ्रमण कर वहां उपलब्ध प्रशिक्षण सुविधाओं का अवलोकन किया। संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने सोहन शैलेंद्र का स्वागत करते हुए उन्हें संस्थान का दौरा करवाया तथा आईटीआई में संचालित विभिन्न योजनाओं, ट्रेडों एवं विद्यार्थियों को प्रदान किए जा रहे तकनीकी प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यशालाओं का भी दौरा किया, जहां विद्यार्थी आधुनिक मशीनों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए दिखाई दिए। प्रधानाचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि संस्थान में विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों एवं उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। साथ ही विद्यार्थियों की प्लेसमेंट पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 90 विद्यार्थियों का चयन मारुति सुजुकी में हो चुका है तथा संस्थान का प्लेसमेंट प्रतिशत लगभग 95 प्रतिशत है। सोहम शैलेंद्र (आईएएस) ने संस्थान में उपलब्ध आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं, उद्योग आधारित प्रशिक्षण पद्धति तथा विद्यार्थियों को दी जा रही नवीनतम तकनीकी जानकारी की सराहना की। उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था को रोजगारोन्मुखी बताते हुए कहा कि इस प्रकार का कौशल विकास युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्थान के भ्रमण उपरांत सोहम शैलेंद्र (आईएएस) ने आईटीआई करनाल द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा विद्यार्थियों को दी जा रही आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा की सराहना की।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तरक्की के आयाम छू रहा भारत : विधायक सतपाल जांबा

**कैथल, 16 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** पूंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की के नए आयाम छू रहा है। सरकार द्वारा सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास नीति पर चलकर हर वर्ग के पात्र व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बिना खर्ची-बिना पर्ची के नौकरी प्रदान कर रही है। साथ ही हर वर्ग के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है।
विधायक सतपाल जांबा मंगलवार को गांव आहूं की दाबड़ा पट्टी चौपाल में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रवास कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। गांव आहूं में पहुंचने पर मुख्यातिथि विधायक सतपाल जांबा का ग्रामीणों व ग्राम पंचायत द्वारा फूल मालाएं पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद विधायक ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि आज के एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम में पहुंचने का उद्देश्य केवल लोगों से मिलना नहीं है बल्कि सरकार की जनहित की योजनाओं की जानकारी व पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देना है।
उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले में अब तक 6 लाख 63 हजार 168 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। आज लोगों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध करवाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों का पक्का घर बनाने का सपना पूरा हुआ है।
प्रधानमंत्री जन धन योजना को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा है, आज करोड़ों लोगों को सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से सीधा लाभ पहुंचाया जा रहा है, बिचोलियों और भ्रष्टाचारों की भूमिका समाप्त कर दी गई है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। किसानों के खातों में आर्थिक सहायता पहुंचाई जा रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों की सुरक्षा कवच बनकर सामने आई है। म्हारा गांव-जगमग गांव के माध्यम से गांवों को 24 घंटे बिजली पहुंचाई जा रही है। किसानों को सही से बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किसानों की 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर खरीदी जा रही है। गांव डीग में 600 युवाओं को नौकरियां प्रदान की गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष बेमिसाल और ऐतिहासिक नेतृत्व में देश वैभवशाली, गौरवशाली, आत्मनिर्भर और विकसित बनने की दिशा में अग्रसर : महापौर रेनू बाला गुप्ता

*18 जून तक लगेंगे जन कल्याण शिविर, आमजन पंचायत भवन पहुंचकर आयोजित शिविर में उठाएं योजनाओं का लाभ*







**करनाल, 16 जून ( संदीप रोहिला ) :** केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज पंचायत भवन के सभागार में जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महापौर रेनूबाला गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया।
इस अवसर पर महापौर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया और केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया। आज आयोजित शिविर में लगभग 50 लोगों ने पहुंचकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के बेमिसाल और ऐतिहासिक नेतृत्व में देश वैभवशाली, गौरवशाली, आत्मनिर्भर और विकसित बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी नॉन-स्टॉप कार्य करते हुए विकास योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्गों के तीर्थ दर्शन के सपने को साकार किया जा रहा है।

**केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जताया आभार :** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का भी आभार जताते हुए कहा कि उनके द्वारा बनाई गई पारदर्शी नीतियों के कारण ही आज प्रदेश स्वच्छता, सुशासन और चहुंमुखी विकास में देश भर में आगे बढ़ रहा है। महापौर ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में सडक़ों का जो जाल बिछा है, उसने न केवल शहरों और गांवों की कनेक्टिविटी को सुधारा है, बल्कि हमारी आर्थिक व्यवस्था और व्यापार को भी नई मजबूती दी है।
रेलवे के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व सुधारों और वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों के संचालन से यात्रियों का सफर अब बेहद सुगम और कम समय में पूरा होने लगा है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से बेटियों को संबल मिला है। आज लखपति दीदी योजना और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। रेहड़ी-फड़ी वालों को भी स्वरोजगार के लिए लोन देकर मजबूत बनाया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राजनीति में महिलाओं को उचित संरक्षण देने के लिए लाया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम विपक्ष की नकारात्मक भूमिका के बावजूद आने वाले समय में पूरी तरह फलीभूत होगा। इस अवसर पर एसडीएम देवेंद्र शर्मा, डीआईपीआरओ सत्यवान महिवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। जन कल्याण शिविर में जिला परिषद, नगर निगम, क्रिड, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, समाज कल्याण विभाग, रेडक्रॉस, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, बागवानी विभाग, रोजगार विभाग, जिला औद्योगिक केंद्र एमएसएमई, पीएनबी, बिजली निगम आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जा रहे हैं। आमजन 18 जून तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक पंचायत भवन के सभागार में आयोजित होने वाले इस शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका सीधा लाभ उठाएं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण में नई और त्रुटि रहित मतदाता सूची की जाएगी तैयार : शंभू राठी

**शाहाबाद मारकंडा, 16 जून ( रूबी ) :** एसडीएम शंभू राठी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 1 जुलाई 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर नई और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार की जानी है। उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा 14 जुलाई 2026 तक किए जाने वाले घर-घर सत्यापन कार्य की निरंतर निगरानी करें, ताकि कोई भी योग्य नागरिक लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनने से वंचित न रहे। एसडीएम शंभू राठी ने मंगलवार को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत बूथ नंबर 188 गांव अधोनी व 185 बीबीपुर सहिदान का निरीक्षण किया। इस दौरान नागरिकों से बातचीत की और बीएलओ से उनके कार्य के बारे में बातचीत की। इस दौरान एसडीएम शंभू राठी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को पूरी पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम शंभू राठी ने कहा कि फॉर्म भरने की प्रक्रिया को



अत्यंत व्यवस्थित रखा जाए और प्रतिदिन वितरित होने वाले फॉर्म्स की शाम के समय नियमित ट्रैकिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित डेटा को डैशबोर्ड पर निरंतर अपडेट किया जाए और कंट्रोल रूम के माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच की जाए। उन्होंने फैमिली मैपिंग और तकनीकी पहलुओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही और यदि किसी कर्मचारी को तकनीकी प्रशिक्षण की आवश्यकता है, तो उसे दोबारा प्रशिक्षित किया जाए ताकि आपसी तालमेल से कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे। एसडीएम शंभू राठी ने सभी नोडल अधिकारियों का निर्देश दिए कि वे फील्ड में जाकर बीएलओ के कार्यों की लगातार चेकिंग करें और जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा लें। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि जब बीएलओ उनके घर सत्यापन के लिए पहुंचें तो उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराकर प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सटीक और पारदर्शी मतदाता सूची ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है और इसे तैयार करना हम सभी का साझा उत्तरदायित्व है।

# कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर किया विरोध प्रदर्शन, नोटिफिकेशन की जलाई प्रतियां

*हरियाणा एग्रो डिस्काम किसी भी प्रकार से किसानों के हित में नहीं है : राजेंद्र राणा*

**करनाल, 16 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर सिटी यूनिट करनाल की सभी सब यूनिटों में काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। हरियाणा एग्रो डिस्काम की नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाई गई। इन प्रदर्शनों में सब अर्बन सब यूनिट में मोहन कुमार, मॉडल टाउन में पप्पू शर्मा, मेरठ रोड सब यूनिट में सुरेंद्र कंबोज नेवल सब यूनिट में रोहित शर्मा, टीएल ग्रिड सब यूनिट में शुभम सैनी, रामनगर सब यूनिट में छत्रपाल राणा, सिटी सब यूनिट में सुभाष चंद्र सब यूनिट प्रधान की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन किया गया। राज्य महासचिव



राजेंद्र राणा, राज्य सचिव सतीश मान व सर्कल सचिव विशाल बनवाला ने संयुक्त रूप से कहा कि हरियाणा एग्रो डिस्काम किसी भी प्रकार से किसानों के हित में नहीं है। 1998 में जब बिजली बोर्ड को तोड़कर बिजली सुधारीकरण के नाम पर चार निगम बनाए गए थे, उस समय विभाग में 498 करोड रुपए का घाटा था। जो कि अब बढकर 29000 करोड रुपए हो गया है। ऐसी परिस्थितियों में अगर हरियाणा एग्रो डिस्काम बनाया जाता है तो प्रशासनिक व्यवस्थाएं करने में विभाग के करोड़ों रुपए खर्च होंगे। इसके कारण विभाग और ज्यादा घाटे की तरफ जाएगा। हरियाणा एग्रो डिस्काम को 5427 करोड रुपए की देनदारी के साथ शुरू किया जा रहा है। हरियाणा में 2010 से ही किसानों के कृषि फीडर अलग-अलग है। जो कि बेहतर कार्य कर रहे हैं। इसलिए नया डिस्कोम बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के गुड़गांव और नूंह सर्कल में इलेवन पावर कंपनी को वितरण का समानांतर लाइसेंस देने से उपभोक्ताओं व कर्मचारियों के हित प्रभावित होंगे। बिजली क्षेत्र का निजीकरण बढ़ेगा। इस कारण बिजली आम आदमी की बहुत से बाहर हो जाएगी। इस अवसर पर राकेश संधू, अजीत सैनी, रमेश शर्मा, रविंद्र मान, जोगिंदर सिंह, रोबिन, सुरेश, सुरेंद्र, जोगिंदर राणा, रवि, नरेंद्र शर्मा, अजय सिहाग, परवीन तिवारी, प्रदीप, सुमित धनखड़, मुकेश, कैलाश, विक्रांत शर्मा, युवराज, गुरमीत सिंह, रामतेज, अमित, रतन सैनी, महावीर सैनी, पप्पू शर्मा, छत्रपाल राणा, सतीश कुमार, सुरजीत पाल, जितेंद्र सैनी, प्रीति, शिवांगी, एकता, आरती, किरण बाला, सोनू व ऋतु आदि मौजूद थे।

# सोमवती अमावस्या पर नागक्षेत्र सरोवर बना आस्था का केंद्र

## श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



सफीदों, 16 जून (एस. के. मित्तल) : नगर के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व से जुड़े नागक्षेत्र सरोवर पर सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण संसद, श्री नागक्षेत्र सुधार समिति, श्री कृष्ण कृपा परिवार, वरिष्ठ नागरिक मित्र मंडल तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में यहां भव्य धार्मिक आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुबह से ही नागक्षेत्र सरोवर पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले पवित्र सरोवर में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई और अपने पितरों का तर्पण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने पंडित संजीव गौतम के सानिध्य में विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच 5 कुंडीय हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। हवन के बाद भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्तिरस में डूबते नजर आए। इसके साथ ही श्रद्धालुओं ने नागक्षेत्र तीर्थ की परिक्रमा कर अपनी श्रद्धा प्रकट की। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण संसद के अध्यक्ष संजीव गौतम ने सोमवती अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह अत्यंत दुर्लभ और विशेष संयोग है, जो लगभग 30 वर्षों के बाद बना है। उन्होंने कहा कि जब पुरुषोत्तम मास और ज्येष्ठ मास का संगम सोमवती अमावस्या के साथ होता है, तो इसका धार्मिक महत्व कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि यह दिन भगवान शिव को अत्यंत प्रिय माना जाता है और इस दिन किए गए जप, तप, दान और स्नान का फल अनंत गुना प्राप्त होता है। विशेष रूप से पितरों के निमित्त जल अर्पित करने और उनका स्मरण करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक शांति और आशीर्वाद प्राप्त होता है। संजीव गौतम ने नागक्षेत्र सरोवर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि यह स्थल वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां पर आयोजित इस प्रकार के धार्मिक आयोजन न केवल आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और आध्यात्मिक जागरूकता को भी बढ़ावा देते हैं। श्रद्धालुओं ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम उन्हें अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि नागक्षेत्र सरोवर पर हर वर्ष इस तरह के आयोजन होने चाहिए, जिससे नई पीढ़ी भी अपनी धार्मिक विरासत को समझ सके। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

# भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने प्रदर्शनी का किया शुभारंभ




पानीपत, 16 जून (हरप्रीत छतवाल) : भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने मंगलवार को जिला सचिवालय के भूतल पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उनके साथ एसडीएम मनदीप कुमार, डीआईपीआरओ सुनील कुमार इत्यादि की उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 साल में सफलतापूर्वक देश का गौरव बढ़ा है और जो इस देश के अन्दर अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। विकास के कार्यों से लेकर देश के मान-सम्मान के कार्य हो, चाहे पूरे विश्व में भारत का डंका बजाने की बात हो प्रत्येक समाज का प्रत्येक वर्ग आज गौरवान्वित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि पूरे देश की योजनाओं को हरियाणा के अन्दर अमलीजामा पहनाने का कार्य किया जा रहा है और बहुत अच्छे एवं सुव्यवस्थित तरीके से अंत्योदय की भावना से काम करते हुए आमजन तक योजनाएं पहुंचाने का ये कार्य किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए जो भी समस्याएं आएंगी धीरे-धीरे उनका समाधान किया जाएगा और उनका निरंतर समाधान हो रहा है। 2014 से पहले और आज के भारत में जमीन आसमान का फर्क है। 2014 से पहले और आज के हरियाणा में जमीन आसमान का फर्क है। आज सप्ताह में दो बार पानीपत के अन्दर ही समाधान शिविर लगते हैं। हमारे जनप्रतिनिधि लगातार नियमित रूप से जनता की समस्याओं का हल करने के लिए लगे हैं। जिला प्रशासन भी समस्याओं का समाधान करने में लगा हुआ है। एसडीएम मनदीप सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जो ये प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने का विवरण दिया गया है। फ्लैक्स के माध्यम से प्रदर्शनी आमजन के लिए लगाई गई है। आमजन इन स्कीमों का फायदा उठाए।

# पत्रकारों की रक्षा-सुरक्षा हितों की मांग को लेकर वॉयस ऑफ मीडिया ने उठाई विभिन्न मांगे

## ए.डी.सी को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र




करनाल, 16 जून (संदीप रोहिला) : पत्रकारों के हितों, सुरक्षा एवं अधिकारों को लेकर वॉयस ऑफ मीडिया द्वारा हरियाणा सरकार के नाम एक मांग पत्र सौंपा गया। यह मांग पत्र करनाल डीसी की अनुपस्थिति में एडीसी डॉ. राहुल रईया को मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम सौंपा गया। प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा बंसीलाल पांचाल व महासचिव हरियाणा रणधीर राणा के नेतृत्व में सौंपे गए इस मांग पत्र में पत्रकारों के हितों से जुड़ी विभिन्न मांगें प्रमुखता से उठाई गईं। संगठन ने मांग की कि पत्रकारों एवं मुख्य संपादकों के मान्यता प्राप्त पहचान पत्र जल्द जारी किए जाएं, जो वर्ष 2024 से लंबित हैं। साथ ही पुराने नियमों के तहत समाचार पत्रों को मान्यता प्रदान करने की भी मांग की गई। मांग पत्र में पत्रकारों को पूरे भारत में टोल टैक्स मुक्त सुविधा, रेल यात्रा में पूर्व की भांति रियायत, जरूरतमंद पत्रकारों के लिए आवास सुविधा, तथा पत्रकारों के परिवारों को शिक्षा एवं प्रशिक्षण में सहायता देने की मांग उठाई गई। इसके अतिरिक्त पत्रकारों को 10 लाख रुपये तक चिकित्सा सुविधा, 1 करोड़ रुपये का जीवन बीमा, तथा पत्रकार की मृत्यु उपरांत उसकी पत्नी को पेंशन लाभ देने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। संगठन ने यह भी मांग की कि प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया से जुड़े पत्रकारों को समान मान्यता एवं सुविधाएं दी जाएं तथा पत्रकारों के लिए सरकारी स्तर पर नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार जूड, जिला अध्यक्ष नाहर सिंह कटारिया, मनोहर लाल, कल्पना कश्यप, मुकेश राणा, सिमरन, दिनेश कुमार सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे। पत्रकार प्रतिनिधियों ने कहा कि पत्रकार समाज की समस्याओं को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं सुविधाओं को सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री हरियाणा से मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की।

# रक्तदान शिविर में 66 यूनिट रक्त एकत्रित

## हमारा परिवार संस्था एक गैर राजनीतिक संस्था, राष्ट्र और समाज के लिए करती है कार्य



जींद, 16 जून (ब्यूरो) : विश्व रक्तदाता दिवस पर हमारा परिवार की जींद मातृशक्ति दैवी शक्ति सेंट्रल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जींद शहर में मातृशक्ति द्वारा आयोजित होने पहला शिविर था, जिसमे मातृशक्ति के नेतृत्व में 66 यूनिट रक्त को संग्रहित किया गया। हमारा परिवार संस्था एक गैर राजनीतिक संस्था है जो केवल राष्ट्र और समाज के लिए कार्य करती हैं। आज के शिविर में हमारे नगर पालिका की अध्यक्षा डॉ अनुराधा सैनी और अंजू सिहाग डायरेक्टर आधारशिला स्कूल की मुखिया उपस्थित रही जो कि खुद मातृशक्ति की मिसाल है। उन्होंने वहां उपस्थित सम्पूर्ण मातृशक्ति को प्रेरित किया और उनका उत्साह वर्धन किया। जींद नगर मातृशक्ति समन्वय प्रमुख आराधना गौतम और जींद सेंट्रल मातृशक्ति इकाई प्रमुख देवांशी के नेतृत्व में यह शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें मातृशक्ति संघ प्रमुख अंतिमा भारद्वाज, ललिता, राजरानी सैनी, सुनीता रानोलिया, संतोष शर्मा, सीमा, पूजा सैनी, अंजना उपस्थित रही।

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पंजीकरण शिविर आज



कुरुक्षेत्र, 16 जून (करणदीप सिंह) : सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से नवीन जिन्दल फाउंडेशन और एलिम्को के सहयोग से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरणों के पंजीकरण एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 17 जून 2026 (बुधवार) को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिन्दल हाउस, मोहन नगर, कुरुक्षेत्र में लगाया जाएगा। जिन्दल हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में उपरोक्त जानकारी देते हुए संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह (पूर्व आईएएस) ने बताया कि इस शिविर में दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक अपनी जरूरत के अनुसार सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण करवा सकेंगे। विशेषज्ञों की टीम लाभार्थियों का मूल्यांकन करेगी और पात्र लोगों का चयन किया जाएगा। इसके बाद उन्हें सभी प्रकार के आवश्यक सहायक उपकरण एक कार्यक्रम में दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के दौरान व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र (हियरिंग एड), कृत्रिम अंग, बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, बुजुर्गों के लिए कमर पर बांधने वाली बैल्ट और छड़ी सहित अन्य सहायक उपकरणों की आवश्यकता का आकलन किया जाएगा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल हमेशा समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए कार्य करते रहे हैं। उनकी सोच है कि दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक सम्मान और सुविधा के साथ अपना जीवन जी सकें। इसी उद्देश्य से नवीन जिन्दल फाउंडेशन लगातार जनसेवा और समाज कल्याण के कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में इस शिविर की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इस अवसर से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन अपने साथ आधार कार्ड, फैमिली आईडी और दिव्यांग प्रमाण पत्र लेकर आएं। इस अवसर पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन से आवेश कुमार ने कहा कि सभी पात्र दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक निर्धारित दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर अपना पंजीकरण करवाएं। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की प्रेरणा से नवीन जिन्दल फाउंडेशन और एलिम्को मिलकर जरूरतमंद लोगों तक आवश्यक सहायक उपकरण पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं, जिससे उनका जीवन अधिक सुगम और आत्मनिर्भर बन सके। इस अवसर पर थानेसर हल्का प्रभारी बलविंद्र सिंह, नवीन जिन्दल फाउंडेशन के मेडिकल अधिकारी राजेंद्र राजपूत, डॉ. राज कुमार और लोक कष्ट निवारण समिति के सदस्य विनोद गर्ग उपस्थित रहे।

# श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 24 जून को रवाना होगा भंडारा दल, भजन संध्या में गूंजे भोलेनाथ के जयकारे



शाहाबाद मारकंडा, 16 जून (रूबी) : बाबा मारकण्डेश्वर बर्फानी सेवा मंडल द्वारा श्री अमरनाथ धाम श्रद्धालुओं के लिए 20वां विशाल भंडारा रवानगी कार्यक्रम को लेकर एक शाम भोले बाबा के नाम भजन संध्या का आयोजन बाबा मारकण्डेश्वर मंदिर प्रांगण में किया गया। सेवा मंडल के प्रधान शंकर वर्मा ने बताया कि प्रातः 7 बजे जल अभिषेक एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वर्मा ने बताया कि इस वर्ष श्री अमरनाथ यात्रा के लिए भंडारा सेवा दल 24 जून को शाहाबाद से रवाना होगा। यात्रा की तैयारियों को लेकर ऋषि मारकंडा मंदिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न कलाकारों एवं भजन गायकों ने भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। भजन संध्या के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु बम-बम भोले तथा हर-हर महादेव के जयघोष से झूम उठे। शंकर वर्मा ने बताया कि शाहाबाद के सेवक और सेवादार पिछले लगभग 19 वर्षो से अमरनाथ यात्रा में सेवा कार्यों से जुड़े हुए हैं। विशेष रूप से शेषनाग झील के निकट भंडारा लगाया जाता है, जहां यात्रा मार्ग से गुजरने वाले हजारों शिवभक्तों को भोजन, चाय, जलपान तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने कहा कि बाबा बर्फानी की कृपा से प्रत्येक वर्ष सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होते हैं। श्रद्धालुओं ने बाबा अमरनाथ के चरणों में सुख, शांति और विश्व कल्याण की प्रार्थना की। आयोजकों ने नगरवासियों से 24 जून को भंडारा दल के प्रस्थान अवसर पर उपस्थित होकर यात्रा की सफलता एवं शिवभक्तों की मंगलमय यात्रा के लिए आशीर्वाद देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अतिथियों व सहयोग करने वालों को सेवा मंडल के सदस्यों द्वारा स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया।

# पानी की बर्बादी बर्दाश्त नहीं, नियम तोड़ने वालों के कटेंगे कनेक्शन : आरजू चौधरी



बरवाला, 16 जून (प्रवीन कुमार) : जिला पंचकूला की ग्राम पंचायत मीरपुर में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सरपंच सतबीर चौधरी एवं जिला सलाहकार आरजू चौधरी ने की। इस दौरान ओ एंड एम पॉलिसी-2026 की विस्तृत जानकारी देते हुए जल संरक्षण और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर जोर दिया गया।आरजू चौधरी ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा जिलेभर में जल संरक्षण को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पानी की बर्बादी करने वाले उपभोक्ताओं, अवैध जल कनेक्शन धारकों तथा खुले नालों के माध्यम से पानी व्यर्थ बहाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने बताया कि विभागीय टीम द्वारा खंड रायपुर रानी के गांव मीरपुर में घर-घर जाकर निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए जहां पेयजल का उपयोग घरेलू जरूरतों के बजाय अन्य कार्यों के लिए किया जा रहा था। ऐसे उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है कि भविष्य में पानी की बर्बादी जारी रहने पर उनके जल कनेक्शन काट दिए जाएंगे।बैठक के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। विभागीय अधिकारियों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम में पानी का उपयोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए करें तथा नलों पर टोंटी लगाकर उन्हें उपयोग के बाद बंद रखें। अनावश्यक रूप से नल खुला छोड़ने से न केवल पानी की बर्बादी होती है बल्कि अन्य उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।इस अवसर पर विभाग के फिटर फूलचंद, महेंद्र सिंह, पंप चालक संदीप कुमार, खंड समन्वयक नरेंद्र मोदगिल, पूनम देवी सहित अन्य फील्ड कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने ग्रामीणों से जल संरक्षण अभियान में सहयोग करने और पानी की प्रत्येक बूंद को बचाने का आह्वान किया।

# टीम ने पांच भगोड़े आरोपियों को किया गिरफ्तार




यमुनानगर, 16 जून (दिनेश कुमार) : पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा भगोड़े आरोपियों और बेल जंपर्स की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के दिशा-निर्देशों पर कार्य करते हुए थाना सेक्टर-17 हुड्डा की टीम ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने न्यायालय द्वारा भगोड़े घोषित किए गए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत आगे की कार्रवाई के लिए अदालत में पेश कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना प्रबंधक प्रमोद कुमार ने एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने भगोड़े आरोपी आनंद कॉलोनी पुराना हमीदा निवासी दविंदर कौर पत्नी नरेंद्र सिंह, हितेश डाबरा पुत्र श्यामसुंदर डाबरा, फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी मोना पत्नी नरेश शर्मा, गांव गधोली निवासी रेखा पत्नी मनदीप राम व अंबेडकर विहार ससौली माजरी निवासी ममता पत्नी अशोक कुमार को गुप्त सूचना के आधार पर सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। पांचो आरोपी 138 ह्.ढ्ढ. एक्ट (चेक बाउंस) मामले में संलिप्त थे और न्यायालय में पेश न होने के कारण उन्हें माननीय अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे, लेकिन टीम की सतर्कता और प्रयासों के चलते उन्हें दबोच लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने टीम के इस कार्य की सराहना की है और कहा है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा, जिससे कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके।

# सेवा, श्रद्धा और समर्पण की भावना सर्वोपरि : रेणु बाला गुप्ता



करनाल, 16 जून (संदीप रोहिला) : महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मंगलवार को डीएवी पीजी कॉलेज के समक्ष श्री अमरनाथ सेवा मंडल द्वारा आयोजित विशाल भंडारे का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रद्धा, सेवा और जनकल्याण की भावना से ओत-प्रोत वातावरण देखने को मिला। बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने भंडारा सेवा में भागीदारी निभाई। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा एवं सेवा कार्यों से जुड़े ऐसे आयोजन समाज में मानवता, भाईचारे और परस्पर सहयोग की सर्वोपरि भावना मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि भंडारा सेवा हमारी भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा का प्रतीक है, जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को प्रेम, सम्मान और प्रसाद स्वरूप भोजन उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे आयोजन समाज को एकता, सद्भाव और सेवा के संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने श्री अमरनाथ सेवा मंडल के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनका योगदान अनुकरणीय है। बाबा अमरनाथ के प्रति श्रद्धा और जनसेवा के प्रति समर्पण का यह भाव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने भी मंडल की सेवा गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाजहित में किए जाने वाले ऐसे कार्य सामाजिक समरसता को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में करनाल विधायक जगमोहन आनंद की धर्मपत्नी रेखा आनंद, पूर्व पार्षद विजय सिंगला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, श्रद्धालु एवं परिवारजन उपस्थित रहे। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने उपस्थित श्रद्धालुओं से आत्मीय भेंट एवं संवाद करते हुए सभी को बाबा अमरनाथ की पावन यात्रा की शुभकामनाएं दीं। अंत में श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और जय बाबा अमरनाथ के पावन जयघोष के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# फेरी वाले से पैसे छीनने के मामले में नाबालिक सहित दो गिरफ्तार



यमुनानगर, 16 जून (दिनेश कुमार) : पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए थाना रादौर पुलिस की टीम ने फेरी वाले व्यक्ति से पैसे छीनने के मामले में एक नाबालिक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों से छीने हुए पैसे व वारदात में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया गया। बालिग आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना छप्पर निवासी अनुज कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह अपने साइकिल पर फेरी का काम करता है। जब वह गांव अमरोहा में पहुंचा तो दो बाइक सवार व्यक्ति आये और उससे जबरदस्ती उसकी जेब से 2 हज़ार रूपये छीन कर भाग गए। इस शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए एसआई मनीष कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्यवाही करते हुए नाबालिक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। बालिग आरोपी की पहचान अंकित कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी खरकाली के रूप में हुई। आरोपियों से छीने हुए पैसे व वारदात में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया गया। बालिक आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# हरियाणा खेत मजदूर यूनियन चलाएगी जन जागरण अभियान : जिले सिंह पाल



करनाल, 16 जून (सोनी दुआ) : हरियाणा खेत मजदूर यूनियन 23 जून को मांगों को लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेगी। यूनियन के महासचिव जिले सिंह पाल ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि भारतीय खेत मजदूर यूनियन के फैसलों को पूरे देश में लागू करते हुए हरियाणा खेत मजदूर यूनियन 15 जून से 22 जून तक हरियाणा भर में जन जागरण अभियान चलाएगी। इसके बाद 23 जून को धरना प्रदर्शन करते हुए डीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम मांग पत्र सौंपे जाएंगे। जिले सिंह पाल ने कहा कि मनरेगा एक्ट को वापस लागू किया जाए और वी बी (जी ग्राम जी), को रद्द किया जाए। मनरेगा में मजदूरों को 200 दिन काम किया जाए तथा 700 रुपए रोजाना की मजदूरी तय हो। ग्रामीण व शहरी मजदूरों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट दिया जाए। मकान बनाने के लिए पांच लाख रुपए की ग्रांट दो किस्तों में पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के बंद होने शैक्षणिक संस्थानों में भेदभाव और आरक्षण की सुरक्षा पर भी एक प्रस्ताव पारित किया जाए। बढ़ती महंगाई पर रोक लगाई जाए। तेल के दाम बढ़ने से ट्रांसपोर्ट महंगा होने से सभी चीजों के दाम बढ़ गए हैं। घरेलू गैस के बढ़ाए गए दाम वापस लिए जाएं। यूनियन इन मांगों और जनहित की मांगों को लेकर हरियाणा में जनता के बीच जाएगी और आंदोलन को तेज किया जाएगा।

# सुपरफूड हैं कद्दू के बीज, छिपा है सेहत का खजाना



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में वजन बढ़ना और बालों का झड़ना आम समस्याएं बन चुकी हैं, जिनसे निपटने के लिए लोग अक्सर महंगे सप्लीमेंट्स या जटिल इलाज पर हजारों रुपये खर्च करते हैं। लेकिन कई बार हमारी रसोई में ही ऐसे अनमोल रत्न छिपे होते हैं जिनकी हमें खबर तक नहीं होती। ऐसा ही एक सुपरफूड है कद्दू के बीज। अक्सर लोग कद्दू की सब्जी देखते ही नाक-भौं सिकोड़ लेते हैं, पर इसके छोटे-छोटे बीज पोषण का पावरहाउस हैं। आयुर्वेद से लेकर आधुनिक विज्ञान तक, सभी इनके अविश्वसनीय फायदों को मानते हैं।

इन बीजों में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट, जिंक, मैग्नीशियम और आयरन जैसे आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाने का काम करते हैं। अगर आप वजन घटाने की जद्दोजहद में हैं, तो कद्दू के बीज आपके लिए बेहतरीन साथी साबित हो सकते हैं। इनमें मौजूद उच्च प्रोटीन और फाइबर आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराते हैं। इससे बार-बार लगने वाली भूख और अनावश्यक स्नैकिंग की आदत पर लगाम लगती है, जिससे ओवरईटिंग से बचा जा सकता है। साथ ही, इनमें मौजूद हेल्दी फैट शरीर को आवश्यक ऊर्जा प्रदान करते हैं और मेटाबॉलिज्म को भी दुरुस्त रखते हैं, जो वजन प्रबंधन के लिए बेहद जरूरी है। विशेषज्ञों का मानना है कि रोजाना सुबह 1 से 2 चम्मच कद्दू के बीजों का सेवन वजन कंट्रोल में रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

बालों के झड़ने और पतले होने की समस्या से परेशान लोगों के लिए भी कद्दू के बीज एक वरदान हैं। इनमें पाया जाने वाला जिंक और विशेष फाइटोन्यूट्रिएंट्स बालों की जड़ों को गहराई से पोषण देते हैं और उन्हें मजबूती प्रदान करते हैं। ये स्कैल्प को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं, जिससे बालों का झड़ना कम होता है और उनकी गुणवत्ता में सुधार आता है। कई अध्ययनों में यह भी संकेत मिला है कि कद्दू के बीज नए बालों के विकास को बढ़ावा दे सकते हैं और यहां तक कि गंजेपन की प्रक्रिया को धीमा करने में भी सहायक हो सकते हैं, जिससे आपके बाल घने और चमकदार बनते हैं। इनके अलावा, कद्दू के बीज सिर्फ वजन और बालों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि ये आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) को बढ़ाने, हृदय को स्वस्थ रखने और बेहतर नींद लाने में भी सहायक होते हैं। इनमें ट्रिप्टोफैन नामक अमीनो एसिड होता है जो शरीर में मेलाटोनिन के उत्पादन में मदद करता है, जिससे आरामदायक और गहरी नींद आती है। साथ ही, ये बीज शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में भी कारगर माने जाते हैं, जिससे आंतरिक सफाई होती है और आप अधिक ऊर्जावान महसूस करते हैं। इन्हें अपनी डाइट में शामिल करना भी बेहद आसान है। आप इन्हें हल्का सा भूनकर सीधे स्नैक के तौर पर खा सकते हैं। इसके अलावा, इन्हें अपने सुबह के दलिया, दही, स्मूदी या सलाद में मिलाकर भी सेवन किया जा सकता है। बस इस बात का ध्यान रखें कि इन्हें ज्यादा नमक या तेल में तलने से बचें ताकि इनके प्राकृतिक पोषक तत्व बने रहें और आप इनका पूरा लाभ उठा सकें। तो अगली बार जब आप कद्दू देखें, तो उसके बीजों को फेंकने की बजाय उन्हें संभाल कर रखें। ये छोटे से बीज आपकी सेहत के लिए एक बड़ा निवेश साबित हो सकते हैं, जो आपको कई बीमारियों से बचाकर एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में मदद करेंगे।

**बारिश में सर्दी-जुकाम से राहत के लिए सौंठ का इस्तेमाल करें**

बारिश का दौर शुरू हो चुका ह!. इसी के साथ सर्दी-जुकाम, बुखार और ठंड लगने जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है! खासकर बच्चे और बुजुर्ग इस मौसम में जल्दी प्रभावित होते हैं। बारिश में भीगने के बाद यदि शरीर में सर्दी या बुखार के लक्षण दिखें तो बिना घबराए देसी नुस्खे अपनाकर राहत पाई जा सकती है। इनमें सबसे प्रभावी उपाय है सौंठ (सूखा अदरक) का इस्तेमाल।सौंठ में एंटी-वायरल, एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो मानसूनी संक्रमणों से लड़ने में सहायक होते हैंफ यह शरीर को गर्मी प्रदान करता है। सौंठ में मौजूद जिंजरोल और शोगोल जैसे तत्व बुखार को कम करने और प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बढ़ाने में कारगर हैं। इसके सेवन से न केवल सर्दी-जुकाम में राहत मिलती है, बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है।सौंठ के सेवन का सबसे आसान और असरदार तरीका है सौंठ की चाय। इसके लिए एक कप पानी लें। उसमें आधा चम्मच सौंठ पाउडर डालें। इसके बाद एक चम्मच शहद और कुछ नींबू की बूंदें डालें। इस मिश्रण को 5 मिनट तक उबालें और गुनगुना पीएं। इसे दिन में दो बार पीने से सर्दी-जुकाम और गले की खराश में तेजी से राहत मिलती है। सर्दी के लक्षण दिखते ही सौंठ और गुड़ को मिलाकर सेवन करना भी काफी फायदेमंद होता है। यह शरीर को गर्म रखता है और खांसी-जुकाम के शुरुआती लक्षणों को रोकने में मदद करता है.वहीं एक अन्य कारगर उपाय है हल्दी, सौंठ, काली मिर्च और तुलसी को पानी में उबालकर काढ़ा बनाना।

# मन को शांत रखने से हाई बीपी आदि से बच जाएंगे

आजकल सभी काम और अन्य चिन्ताओं से तनाव में रहते हैं। इससे मन में एक प्रकार का बोझ बना रहता है। चिंता, डिप्रेशन, हाई ब्लड प्रेशर, और नींद न आने जैसी समस्याएं बेचैन मन के ही कारण हैं। ऐसे में मन को शांत रखना न सिर्फ जरूरी है, बल्कि इसे एक आदत बनाना जरुरी है। आम तौर पर हमारा दिमाग बेकार की बातों में उलझ जाता है, जिससे न तो हम अपने जरूरी कामों



पर फोकस कर पाते हैं और न ही शांति महसूस कर पाते हैं। ऐसी स्थिति में तनाव बढ़ने लगता है, और छोटी-छोटी बातों पर झगड़ने लगते हैं।

अगर आप भी ऐसी परेशानी महसूस कर रहे हैं, तो थोड़ा रुकिए. यह समय है अपने दिमाग की डीप क्लीनिंग का, जिससे आप खुद को शांत और प्रोडक्टिव महसूस कर सकें। ऐसा करने से आप अपने काम पर ध्यान दे पाते हैं।

डायरी लिखने की आदत डालें। रात को सोने से पहले 15 मिनट डायरी लिखें। यह आपके विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने का बेहतरीन तरीका है। इससे न केवल आपका तनाव कम होगा, बल्कि आप दिनभर बेहतर महसूस करेंगे और अपने काम पर अधिक ध्यान दे पाएंगे। संगीत न केवल आपके मूड को ठीक करता है, बल्कि मेमोरी, ध्यान केंद्रित करने और लर्निंग स्किल्स को भी बेहतर बनाता है। जब आप परेशान हों, तो अपना पसंदीदा संगीत सुनें। यह आपकी एंग्जायटी को कम करने और मन को शांत करने में मदद करेगा। अच्छी नींद लें- रात की 7 घंटे की गहरी नींद आपकी मानसिक और भावनात्मक स्थिति को बेहतर बनाएगी। नींद की कमी से तनाव और निर्णय लेने में कठिनाई हो सकती है। थकान और एंग्जायटी से बचने के लिए पर्याप्त नींद को अपनी प्राथमिकता बनाएं। अगर काम पर दिमाग नहीं लग रहा, तो थोड़ा ब्रेक लेकर खुली हवा में टहलें। पार्क में कुछ देर वॉक करना आपके दिमाग को साफ करने और फिर से काम पर फोकस करने में मदद करेगा। यह तरीका आपको खुद को रीसेट करने का मौका देता है। अगर ऑफिस पहुंचते ही थकान महसूस हो, तो अपने वर्क डेस्क को नया लुक दें। कुछ नई और ताजगी भरी चीजें डेस्क पर रखें। यह छोटी-सी कोशिश आपकी प्रोडक्टिविटी को बढ़ाने और काम पर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकती है।

## एसी के अधिक इस्तेमाल से हड्डियों को होता है नुकसान

गर्मियों में सभी लंबे समय तक एसी का इस्तेमाल करते हैं। इससे जब ठंडी हवा मिलती है, तो नींद भी अच्छी लगती है पर ध्यान रहे एसी में ज्यादा सोने से हड्डियां कमजोर हो सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार एसी सीधे तौर पर हड्डियों को नुकसान नहीं पहुंचाता। लेकिन लंबे समय तक अत्यधिक ठंडे वातावरण में



रहने से शरीर में कुछ बदलाव जरूर हो सकते हैं। ठंड में मांसपेशियों और जोड़ों में जकड़न की समस्या बढ़ जाती है, खासकर उन लोगों में जिन्हें पहले से गठिया या हड्डियों की कमजोरी की समस्या हो।एसी के ज्यादा इस्तेमाल से होने वाले विपरीत प्रभाव =

विटामिन डी की कमी= एसी में ज्यादा समय बिताने वाले लोग अक्सर धूप से दूर रहते हैं, जिससे शरीर में विटामिन डी की कमी हो सकती है जबकि यह विटामिन हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी होता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता पर असर= लंबे समय तक ठंडे वातावरण में रहने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है, जिससे हड्डियों सहित अन्य अंग भी प्रभावित हो सकते हैं।

सूखापन और जकड़न= एसी हवा को शुष्क बना देता है, जिससे स्किन और जोड़ों में सूखापन व अकड़न हो सकती है। यह समस्या बुजुर्गों और बच्चों में ज्यादा देखने को मिलती है।

इस प्राकर करें एसी का इस्तेमाल एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखें।

ठंडी हवा को सीधे शरीर पर न पड़ने दें।

कमरे में थोड़ी नमी बनाए रखें।

दिन में थोड़ी देर धूप में जरूर बैठें ताकि शरीर को विटामिन डी मिल सके।

बच्चों और बुजुर्गों के जोड़ों की नियमित रूप से तेल से मालिश करें।

एसी में सोना हड्डियों को सीधे नुकसान नहीं पहुंचाता, लेकिन इसके अत्यधिक और गलत इस्तेमाल से शरीर में कुछ समस्याएं जरूर हो सकती हैं। सावधानी और समझदारी से एसी का इस्तेमाल करें ताकि गर्मी से राहत भी मिले और सेहत भी बनी रहे।

# बढ़ रही है भूलने की बीमारी, इन उपायों पर अमल करें

आज कल जीवन की व्यस्तता और भागदौड़ के कारण भूलने की बीमारी बढ़ती जा रही है। कई लोग इससे परेशान हैं। लगातार बने रहने वाले तनाव से ज्यादातर लोगों का दिमाग कमजोर होने लगता है। इस कारण हर बात दिमाग से निकलने लगती है, जिस वजह से हमे दूसरों की नाराजगी का शिकार भी बनना बढ़ता है। अगर आप भी कोई चीज रखकर भूल जाते है तो अपनी सेहत पर ध्यान देना शुरू कर दें। ऐसे फलों और सब्जियों का सेवन करें, जिनसे स्मरण शक्ति तेज हो। आप घरेलू तरीके अपनाकर भी अपने दिमाग को तेज रख सकते है। आइए हम आपको कुछ घरेलू चीजों के उपाय बताएंगे, जिससे स्मरण शक्ति दिनों-दिन तेज होती रहेगी।



रोज रात को 10-15 बादाम पानी में भिगोकर ऱख दें। सुबह इनके छिलके उतारकर इनका बारीक पेस्ट बना लें। फिर इसमें शहद डालकर उबाल लें। फिर इसे ठंडा करके पिएं। इसका सेवन करने के 2 घंटे बाद कुछ भी ना खाएं। आंवले का इस्तेमाल सदियों के किया जा रहा है। इससे कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर होती है। सुबह खाली पेट आंवले का मुरब्बा खाएं। इससे स्मरण शक्ति बढ़ती है। बात-बात पर फूलने की परेशानी भी दूर हो जाती है। गाय के घी से रात को सोने से सिर की मालिश करें। इससे स्मरण शक्ति तेज होगी। अगर आप अखरोट खाते है तो बहुत ही अच्छा है क्योंकि इनमें दिमाग को तेज रखने वाले गुण मौजूद होते है। 10 ग्राम किशमिश के साथ 20 ग्राम अखरोट खाएं। गाजर और गुलकंद खाने से दिमाग तेज रहता है। दिन में रोज 2-3 बार इन दोनों चीजों का सेवन करें। इससे दिमाग बिल्कुल स्वस्थ रहता है। रात को सोने से पहले उड़द की दाल को भिगोकर ऱख दें। सुबह इस दाल का पेस्ट बनाकर इसमें मिश्री मिला लें। फिर दूध के साथ इसका सेवन करें। इससे बी दिमाग तेज रहेगा। सौंफ के दाने पीसकर पाउडर बना लें। फिर इस पाउडर को सुबद शाम दूध के साथ लें। इससे बाकी समस्याएं तो दूर होती है दिमाग भी तेज रहता है। शहद के साथ 10 ग्राम दालचीनी मिलाकर चाट लें। इससे भी दिमाग तेज रहेगा। भूलने की बीमारी दूर हो जाएगी। शुगरफ्री मिठाई से कम रहता है डायबिटीज का खतरा -मिठाईयां और मीठे व्यंजन सभी को पसंद होते हैं पर इसके अधिक सेवन से उन्हें डायबिटीज जैसी बीमारी होने का खतरा भी बना रहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे में लोगों को शुगर-फ्री मिठाई का सेवन करना चाहिये।

बेसन लड्डू= बेसन, घी और ढेर सारी चीनी से बना बेसन का लड्डू काफी लोगों को पसंद होता है, हालांकि आजकल इसका शुगर-फ्री विकल्प भी उपलब्ध है, जिसमें चीनी बिल्कुल नहीं होती और खाने में यह अच्छा होता है।

खजूर रोल= कैलोरी को लेकर सचेत रहने वाले लोगों के लिए खजूर अच्छा विकल्प है1 आप बादाम के टुकड़ों के साथ खजूर रोल खा सकते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए भी बढ़िया है।

अंजीर बर्फी= अंजीर को दुनियाभर में काफी हेल्दीर माना जाता है। यह पाचन में सुधार कर मधुमेह को नियंत्रित करता है। इस फल को अंजीर की बर्फी के रूप में भी खाया जा सकता है, जिसमें रिफाइंड शुगर बिल्कुल नहीं होता है। यह मिठाई काजू, बादाम, पिस्ता, अंजीर, घी और श्हद से बनाई जाती है, जो बच्चों और बड़ों दोनों के लिए स्वास्थ्यवर्धक है।

फिनी= फिनी एक पारंपरिक राजस्थानी मिठाई है. यह मुख्य रूप से राजस्थान के बीकानेर में मिलती है. इसे आटे, चीनी और शुद्ध घी से बनता है, लेकिन आजकल शहद से तैयार शुगर-फ्री फिनी भी मिलने लगी है, जिसका आप लुत्फ ले सकते हैं।लौकी का हलवा= आप इसका सेवन भी कर सकते हैं. इसे सिर्फ एक छोटा चम्मच घी, लौकी, कम वसा वाले दूध, इलायची पाउडर और स्टेविया डालकर बनाया जाता है। खजूर नारियल रोल= यह रोल खजूर, बादाम और एक कप ग्रेट किए हुए नारियल से बनाया जाता है, जिसमें दो ग्राम फाइबर होता है।

खजूर व सेब खीर= यह शुगर फ्री खीर बनाने के लिए आपको बस एक मैश किया हुआ सेब, खजूर और एक छोटा चम्मच अखरोट की जरूरत है।

# मानसिक शांति के लिए योग एवं मेडिटेशन का सहारा लें

भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और नकारात्मक विचारों की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इस वजह से व्यक्ति सकारात्मक सोचने की क्षमता तक खोने लगता है। ऐसे में मानसिक शांति बनाए रखने के लिए मेडिटेशन और योग का सहारा लिया जा सकता है। इस बारे में विशेषज्ञों का मानना है कि नियमित मेडिटेशन और योग की कुछ विशेष मुद्राएं मन को स्थिर करने और नकारात्मक विचारों को कम करने में सहायक हो सकती हैं। योग विशेषज्ञों के अनुसार, ध्यान करते समय हाथों की मुद्राओं का विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि हाथों की उंगलियों और अंगूठे की अलग-अलग स्थितियां शरीर और मन पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं। ऐसी ही एक मुद्रा है कश्यप मुद्रा, जिसे मानसिक अशांति, भय और नकारात्मक विचारों को कम करने में उपयोगी बताया जाता है।

योग विशेषज्ञ के अनुसार, जब भी मन में लगातार बुरे विचार आने लगें या बेचैनी महसूस हो, तब कश्यप मुद्रा बनाकर कुछ मिनट तक गहरी और लंबी सांसें लेने से मन को शांति मिल सकती है। यह अभ्यास मानसिक तनाव को कम करने और ध्यान को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करने में मदद करता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस मुद्रा का अभ्यास दिन में तीन से चार बार किया जा सकता है। खासकर तब, जब मन अत्यधिक परेशान हो, घबराहट महसूस हो रही हो या नकारात्मक विचार लगातार आ रहे हों। नियमित अभ्यास से मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायता मिल सकती है।

कश्यप मुद्रा बनाने के लिए सबसे पहले हाथ की छोटी उंगली और अनामिका को मोड़ लें तथा उनके ऊपर अंगूठा रखें। इसके बाद मध्यमा और तर्जनी को भी मोड़कर अंगूठे के ऊपर टिकाएं। दोनों हाथों से यही मुद्रा बनाकर आराम से बैठ जाएं। हाथों को घुटनों या जांघों पर रखें और आंखें बंद करके तीन से चार मिनट तक गहरी एवं लंबी सांसें लें। योग और ध्यान के जानकारों का मानना है कि इस प्रकार का अभ्यास मन को शांत करने और तनाव कम करने में मददगार हो सकता है। हालांकि, यदि किसी व्यक्ति को लंबे समय से गंभीर चिंता, अवसाद या मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य समस्याएं हैं, तो केवल योग मुद्राओं पर निर्भर रहने के बजाय मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से परामर्श लेना भी जरूरी है।



**योग सिर्फ शरीर को ही नहीं, बल्कि मन को भी रखता है स्वस्थ**

योगाचार्यों के अनुसार, हर मन:स्थिति के लिए एक योगासन उपलब्ध है जो मन को शांत करने और भावनाओं को संतुलित करने में मदद करता है। छोटी-छोटी बात पर गुस्सा आ जाना, पूरे दिन चिड़चिड़ापन बने रहना, बिना वजह तनाव महसूस होना या मानसिक थकान की समस्या हो, योग में हर समस्या का समाधान बताया गया है।

आम लोगों को स्वस्थ्य रखने के लिए आयुष मंत्रालय अपील कर रहा है कि वे योग को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल करें। मंत्रालय का कहना है थोड़ा रुकिए, गहरी सांस लीजिए और खुद से जुड़िए। सही आसन चुनकर आप अपने मूड को बेहतर बना सकते हैं। आयुष मंत्रालय के अनुसार, योग सिर्फ शरीर को ही नहीं, बल्कि मन को भी स्वस्थ रखता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 पर देशभर में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। योग एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करते हैं या चिड़चिड़े रहते हैं तो रोज सिर्फ 10-15 मिनट इन आसनों का अभ्यास करें। गहरी सांस लेने के साथ योग करने से तनाव कम होता है, मूड अच्छा रहता है और दिनभर की नकारात्मकता दूर होती है। वीरभद्रासन शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की ताकत बढ़ाता है। गुस्से और तनाव की स्थिति में यह आसन आत्मविश्वास बढ़ाता है और नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देता है। इसी तरह बालासन बहुत ही शांतिदायक मुद्रा होती है। जब मन अशांत हो या चिड़चिड़ापन ज्यादा हो तो यह आसन तनाव मुक्त करने में मदद करता है। इससे मस्तिष्क को आराम मिलता है और पूरा शरीर रिलैक्स हो जाता है।

अर्ध चक्रासन कमर और रीढ़ की हड्डी को मजबूत करने के साथ ही यह आसन मन को स्थिर करने में सहायक है। इससे मानसिक थकान दूर होती है। पदमासन, कमल आसन ध्यान और एकाग्रता के लिए सबसे उत्तम मुद्रा है। नियमित अभ्यास से मन की चंचलता कम होती है, गुस्सा नियंत्रण में रहता है और शांति का अनुभव होता है।

**टीबी मरीजों के लिए दवाओं के साथ सही खानपान बेहद जरुरी= विशेषज्ञ**-क्षय रोग (टीबी) के मरीजों को पौष्टिक भोजन मरीज के शरीर को न केवल जरूरी ऊर्जा और ताकत प्रदान करता है, बल्कि रोग से लड़ने की क्षमता को भी बढ़ाता है और जल्दी स्वस्थ होने में मदद करता है। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के अनुसार, टीबी के इलाज के दौरान मरीज का शरीर काफी कमजोर हो जाता है, क्योंकि बीमारी शरीर के पोषक तत्वों को छीन लेती है और उसकी प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देती है। ऐसे में पौष्टिक आहार शरीर को ताकत देता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और नए संक्रमणों से बचाव में सहायक होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि दवाओं के साथ सही खानपान अपनाने से रिकवरी तेज होती है और इलाज का असर भी बेहतर आता है, जिससे बीमारी से पूरी तरह उबरने की संभावना बढ़ जाती है। पौष्टिक आहार टीबी मरीज को न सिर्फ शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है, जो लंबी बीमारी से जूझ रहे व्यक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मरीजों की थाली में कुछ विशेष खाद्य पदार्थों को जरूर शामिल करना चाहिए, जो उनके स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो सकते हैं। सबसे पहले, अनाज और मिलेट्स जैसे मक्का, चावल, ज्वार, बाजरा और गेहूं ऊर्जा का मुख्य स्रोत होते हैं। ये शरीर को लंबे समय तक ऊर्जा प्रदान करते हैं, जो कमजोरी से लड़ने के लिए आवश्यक है। दूसरे, दालें और प्रोटीन जैसे मटर, बीन्स, मसूर, चना, राजमा और अन्य दालें प्रोटीन से भरपूर होती हैं। ये मांसपेशियों को मजबूत बनाती हैं।

# अग्रवाल सभा सुनाम ने एकम दिवस पर अग्रसेन चौंक पर समारोह में नगर पार्षदों को सम्मानित किया

सुनाम 16 जून (मोहन शर्मा) अग्रवाल सभा रजि., सुनाम ने हर देसी महीने के पहले दिन मनाया जाने वाला एकम दिवस, महाराजा अग्रसेन चौक पर बड़ी धूमधाम से मनाया। इस दिन, ग्रीन सिटी के जाने-माने बिजनेसमैन, इंडस्ट्रियलिस्ट, इंजीनियर राजेश गर्ग और राकेश गर्ग ने पूजा और भोग प्रसाद लगाया इस मौके पर, हाल ही में हुए नगर परिषद चुनावों में जीते अग्रवाल समाज के नगर पार्षदों, श्री मनप्रीत बांसल, श्री सनी काशल, श्रीमती मोनिका गोयल और श्रीमती मीना आलमपुरिया को अग्रवाल सभा ने सम्मानित किया। इस मौके पर, अग्रवाल सभा के जिला



अध्यक्ष अग्र रतन शाम लाल सिंगला और सुनाम सभा के अध्यक्ष विक्रम गर्ग विक्की ने जीते हुए नगर पार्षदों को बधाई दी और कहा कि वे शहर और अपने वार्डों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार काम करते रहेंगे। वक्ताओं ने इंजी. राजेश गर्ग और राकेश गर्ग और उनके पूरे परिवार का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने महाराजा अग्रसेन जी के चरणों में पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष विक्रम गर्ग विक्की, अग्र रतन सैम लाल सिंगला, मनप्रीत बंसल, रवि कमल गोयल, राम लाल रामा आलमपुरिया, कृष्ण संदोहा, सनी कंसल एमसी, श्रीमती मोनिका गोयल एमसी, श्रीमती मीना आलमपुरिया एमसी, शिव जिंदल, प्रभात जिंदल, शंकर बंसल, मास्टर राजीव बिंदल, यशपाल सिंगला, यशपाल मंगला, हकूमत राय जिंदल, राजन होडला, बगीरथ राय गिरा, पवन जिंदल, केवल कृष्ण मैनेजर, इंजी. राजेश गर्ग आदि उपस्थित थे।

# एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत चल रहे मतदाता सूची के सत्यापन कार्य को बीएलओ पूरी ईमानदारी- एडीसी

**सोनीपत, 16 जून ( ब्यूरो ):** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रही मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 प्रक्रिया के अंतर्गत 32-गोहाना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा की अध्यक्षता में राजकीय कन्या महाविद्यालय, गोहाना में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची के घर-घर सत्यापन कार्य से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वे पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निष्ठा के साथ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता का सत्यापन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन का कार्य 14 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। इसके साथ ही मतदान केंद्रों के युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थित करने का कार्य भी इसी अवधि में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार सभी कार्यों को गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ संपन्न करना सुनिश्चित किया जाए।

एडीसी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत नए पात्र मतदाताओं का पंजीकरण, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नामों का सत्यापन तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बताया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके उपरांत 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। वहीं नोटिस जारी करने, सुनवाई एवं सत्यापन सहित सूचना चरण की प्रक्रिया 21 जुलाई से 18 सितंबर 2026 तक संचालित होगी। अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी बीएलओ अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं। यदि किसी बीएलओ द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जाती है या निर्धारित दिशा-निर्देशों की अनदेखी की जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने का आह्वान किया, ताकि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाया जा सके। इस दौरान निर्वाचन कानूनगो पवन कुमार मौजूद रहे।

# शिक्षा मंत्री के समक्ष उठे शिक्षकों के लंबित मुद्दे

## डीएसटीए प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में ट्रांसफर, टीईटी और सेवा-सुरक्षा मामलों पर मिला सकारात्मक आश्वासन



**रायपुररानी, 16 जून ( देवेन्द्र सिंह ):** डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य चेयरमैन धर्मेंद्र ढांडा के नेतृत्व में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा से चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सिविल सचिवालय में मुलाकात कर शिक्षकों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान संगठन ने अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण, शिक्षा का अधिकार नियम-2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने, स्थानांतरण प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने तथा वर्ष 2024 में नियुक्त शिक्षकों की संशोधित सूची से बाहर हुए अध्यापकों की सेवा-सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग रखी। जानकारी देते हुए संगठन के राज्य ऑडिटर सुनील गोयल ने बताया कि शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से सुना और कई मामलों में सकारात्मक रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप स्थानांतरण नीति तैयार कर ली गई है तथा कैबिनेट की मंजूरी मिलते ही स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। वहीं शिक्षा मंत्री ने अतिथि अध्यापकों के मामले पर भी सकारात्मक निर्णय का भरोसा दिलाया। साथ ही वर्ष 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के टीईटी संबंधी मुद्दे, 2024 में नियुक्त अध्यापकों की संशोधित सूची और अन्य लंबित मांगों पर संगठन के प्रतिनिधियों के साथ शीघ्र विस्तृत बैठक करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर राजेश शर्मा, रविंद्र कुंडू सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।

# मिसल सतलुज द्वारा पटियाला में निशुल्क मेडिकल कैंप 18 जून को-मनजीत चहल



पटियाला, 16 जून (निस)जन कल्याण और सामाजिक सेवा को आगे बढ़ाते हुए मिसल सतलुज संगठन द्वारा 18 जून को गुरुद्वारा श्री गुरु हरकृष्ण साहिब, आनंद नगर बी, पटियाला में एक विशेष नि:शुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मिसल सतलुज संगठन के पटियाला देहाती विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार सरदार मनजीत सिंह चहल ने बताया कि इस मेडिकल कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लोगों की विभिन्न बीमारियों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मरीजों को आवश्यकता अनुसार नि:शुल्क दवाइयां भी प्रदान की जाएंगी, ताकि आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

सरदार चहल ने आनंद नगर बी तथा आसपास के क्षेत्रों के निवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस नि:शुल्क मेडिकल कैंप में पहुंचें, अपनी स्वास्थ्य जांच करवाएं और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य लोगों की सेवा करना तथा उनके जीवन को बेहतर बनाने में अपना योगदान देना है।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष प्रचार अभियान के तहत लगाया गया रोजगार मेला

***राजकीय आईटीआई निसिंग में रोजगार मेले का आयोजन, 368 युवा हुए शॉर्टलिस्ट***

**करनाल, 16 जून ( सुमन लता ):** मण्डल रोजगार अधिकारी कुसुम भारद्वाज ने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर मंडल रोजगार कार्यालय द्वारा आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान निसिंग के



प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में क्षेत्र के युवाओं ने भारी उत्साह दिखाया। मंडल रोजगार अधिकारी कुसुम भारद्वाज ने बताया कि रोजगार मेले में पांच नियोक्ताओं की सहभागिता में 405 प्रार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जिनमें 368 योग्य प्रार्थियों को रोजगार हेतु शॉर्टलिस्ट किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को रोजगार विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। उन्होंने युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा, स्वरोजगार कार्यक्रम, कौशल विकास एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी, ताकि युवा आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई निसिंग के प्रधानाचार्य जसविंदर सिंह संधु, नियोजन अधिकारी जितेंद्र सिंह, सहायक रोजगार अधिकारी सृष्टि, आंकड़ा सहायक कपिल देव, लिपिक साहिल सहित संस्थान व रोजगार कार्यालय का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

**पंचायत भवन में जन कल्याण शिविर का भी हुआ आयोजन :** मंडल रोजगार अधिकारी ने बताया कि आज पंचायत भवन में आयोजित जन कल्याण शिविर में 15 युवाओं को रोजगार विभाग की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया तथा उनके प्रावधानों के बारे में बारीकी से समझाया गया। अधिकारियों ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरकार की इन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं।

# संक्षिप्त समाचार

## चाकू की नोक पर मोबाइल लूटने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

लुधियाना 16 जून (निस) महानगर में बेखौफ घूम रहे झपटमारों और लुटेरों के हौसले किस कदर बुलंद हैं कि यहां एक शातिर लुटेरे ने दिन-दहाड़े एक राहगीर के पेट पर चाकू जैसी नुकीली चीज रखकर उसका कीमती मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गए। लेकिन इस बार लुटेरे की किस्मत ने उसका साथ नहीं दिया। पीड़ित के शोर मचाने पर इकट्ठा हुए लोगों की मुस्तैदी और पुलिस की मुस्तैदी के चलते आरोपी को दबोच लिया गया। थाना डिवीजन नंबर-2 की पुलिस ने न केवल आरोपी को दबोचा है, बल्कि वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और लूटा हुआ मोबाइल भी बरामद कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी सतनाम है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के पास दर्ज करवाए बयानों में इंतीयाज ने बताया कि 13 जून को वह अपने घर से किसी काम के लिए निकला था। जैसे ही वह जे.एम.डी. मॉल के पास पहुंचा, तो रेलवे स्टेशन की तरफ से एक नौजवान आया, जिसने पहचान छुपाने के लिए अपना मुंह कपड़े से बांध रखा था। पीड़ित कुछ समझ पाता, इससे पहले ही उस शातिर लुटेरे ने आते ही उसके पेट पर चाकू जैसी कोई तेजधार हथियार लगाकर उससे जान से मारने की धमकी देकर जेब से सैमसंग एम-50-1 मोबाइल फोन जबरन छीन लिया और भागने लगा।

अचानक हुई इस वारदात के बाद उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर इकट्ठा हो गए।

## आधी रात युवकों पर हमला-बेसबॉल और डंडों से लैस युवकों ने मचाया तांडव

फरीदकोट 16 जून (निस) फरीदकोट के फिरोजपुर रोड क्षेत्र में आधी रात को हुए हमले के दौरान कुछ व्यक्तियों की ओर से मारपीट करने, वाहनों की तोड़फोड़ करने व कीमती समान लूटने का मामला सामने आया है। थाना सिटी-2 फरीदकोट पुलिस ने इस सम्बंधी नामजद व अज्ञात मुलजिमों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अनमोल सिंह पुत्र जगगा सिंह वासी गुरु रामदास कालोनी, फिरोजपुर रोड ने बताया कि वह फिरोजपुर रोड पर, पंजाब वीलज, नाम की दुकान चलाता है जबकि उसके समक्ष उसका दोस्त राकेश कुमार गुरु नानक डेयरी का काम करता है। शिकायतकर्ता के अनुसार 13 जून को राकेश कुमार ने डेयरी के अंदर रंग रोगन करने के लिए समान बाहर निकालने की बात की थी। इस सम्बंधी 14 जून की रात करीब 12.15 बजे वह वहां मौजूद थे। इस दौरान डा. कश्मीर सिंह एमरजैंसी में किसी मरीज को दवाई देने के लिए अपनी साथ लगती दुकान पर थार गाड़ी के द्वारा पहुंचे व दवाई देकर वापस जाने लगे। इस समय फार्चूनर, सयाज व इनोवा क्रिस्टा समेत तीन गाड़िया मौके पर आ पहुंचीं। आरोप है कि इनमें सवार व्यक्तियों व उनके साथ आए 10 से 12 अज्ञात नौजवानों ने आते ही अनमोल सिंह, राकेश कुमार व डा. कशमीर सिंह को घेर लिया व बेसबालों व दस्तों के साथ हमला कर दिया।

## दर्दनाक सड़क हादसे में अग्निवीर जवान की मौत

मानसा 16 जून (निस) पंजाब के मानसा जिले से बेहद दुखद खबर सामने आई है। यहां सोमवार को एक सड़क हादसे में भारतीय सेना के अग्निवीर जवान बलवीर सिंह की मौत हो गई। बलवीर सिंह मानसा के गांव मंडेरना के निवासी थे और उनकी तैनाती फरीदकोट में थी। उनकी असमय मौत से पूरे गांव और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, बलवीर सिंह करीब 5 साल पहले भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वह अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद सिर्फ दो दिन पहले ही छुट्टी लेकर घर आए थे। सोमवार को किसी काम से बाहर जाते समय उनका सड़क हादसा हो गया, जिसमें उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में मातम का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग शोक व्यक्त करने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं।

# फाजिल्का के लिए गौरव का क्षण:सेना के उत्कृष्ट सम्मान से डा. एडिसन सम्मानित



फाजिल्का, 16 जून (बख्शीश सिंह/जसप्रीत सिंह)= फाजिल्का जिले के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि जिला अस्पताल फाजिल्का के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. एडिसन एरिक को भारतीय सेना के प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है। क्षेत्र के इतिहास में यह एक ऐतिहासिक क्षण है जब किसी असैन्य डॉक्टर को सेना के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान असाधारण और बेहतरीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया है।भारतीय सेना के सप्त शक्ति कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंद्र सिंह द्वारा एक भव्य समारोह के दौरान डॉ. एडिसन एरिक को इस विशिष्ट सम्मान से विभूषित किया गया। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों और जवानों की उपस्थिति में लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंद्र सिंह ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। जो उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को प्रमाणित करती है। यह सम्मान डॉ. एडिसन एरिक द्वारा सेना के महत्वपूर्ण अभियान %ऑपरेशन सिंदूर% के दौरान संकट की घड़ी में दिखाए गए साहस, अद्वितीय समर्पण और उत्कृष्ट चिकित्सा प्रबंधन के लिए दिया गया है। पंजाब और विशेष रूप से फाजिल्का जिले के किसी डॉक्टर द्वारा सेना के इस स्तर के सर्वोच्च प्रशस्ति पत्र को प्राप्त करना पूरे राज्य के चिकित्सा जगत और स्थानीय निवासियों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस गौरवमयी उपलब्धि पर जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और फाजिल्का के नागरिकों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह सम्मान जिले के अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को भी पूरी निष्ठा और मानवता के साथ काम करने की प्रेरणा देगा।डॉ. एडिसन ऐरिक को स्वास्थ्य विभाग में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और कर्तव्यनिष्ठा के लिए पहले भी कई बार सम्मानित किया जा चुका है। उनकी बेहतर कार्यप्रणाली और समर्पण को देखते हुए उन्हें एसएसपी फाजिल्का की ओर से नवंबर 2025 में प्रतिष्ठित डीजीपी डिस्क सम्मान से भी नवाजा जा चुका है।

# बीएलओ एसआईआर के कार्य की गंभीरता को समझें और निर्धारित समय अवधि में पूरा करें : एडीसी

**करनाल, 16 जून ( रविन्द्र मलिक ):** एडीसी डॉ. राहुल रईया ने कहा कि एसआईआर अभियान के तहत मतदाता सूची का शुद्धिकरण तथा पात्र नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोडने् का कार्य किया जा रहा है। इसलिए सभी बीएलओ इस कार्य की गंभीरता को समझें और निर्धारित समय अवधि में इसे पूरा करें। कहीं पर भी ढिलाई न बरतें। अगर कहीं पर भी लापरवाही नजर आई, तो संबंधित बीएलओ के खिलाफ निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एडीसी डॉ. राहुल रईया मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में एसआईआर से जुड़े अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। इससे पूर्व हरियाणा के सीईओ ए. श्रीनिवास व भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार ने वीसी के माध्यम से एसआईआर के कार्य की समीक्षा की। बीएलओ इस कार्य में तेजी लाएं और शत-प्रतिशत घरों में जाकर फार्म वितरित करना सुनिश्चित करें और पोर्टल पर अपलोड भी करें। उन्होंने डीईओ, ईआरओ व एईआरओ को निर्देश दिए कि वे बीएलओ के कार्य पर कड़ी नजर रखें और जिन बीएलओ का कार्य ढीला है, उन्हें कार्य को तेज गति से पूरा करने के लिए प्रेरित करें। अगर कहीं कोई बीएलओ ढिलाई बरतता है, तो उनके खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत कार्रवाई की जाए। वीसी में एडीसी ने बताया कि जिला में एसआईआर को लेकर जिन कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाना था, यह कार्य शत-प्रतिशत संपन्न हो चुका है और अब बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फार्म वितरण का कार्य किया जा रहा है और दो दिन के निर्धारित 15 प्रतिशत के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने ईआरओ व एईआरओ को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ समय-समय पर समीक्षा करें और प्रत्येक दिन का लक्ष्य निर्धारित करके कार्य करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में एसडीएम देवेंद्र शर्मा, चुनाव तहसीलदार सुदेश राणा व चुनाव कानूनगो मौजूद रहे।

# ठेके से लूटी गई शराब सहित 3 आरोपी काबू, चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद

भवानीगढ़ 16 जून (निस) गांव बींबड़ी स्थित मालवा एंड कंपनी के शराब ठेके पर गत 5-6 जून की मध्य रात हुई लूट के मामले में भवानीगढ़ पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गई शराब तथा एक चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किया है। पुलिस जांच के अनुसार उस रात एक एक्स.यू.वी. कार में सवार 4 अज्ञात व्यक्ति शराब ठेके के अंदर दाखिल हुए थे। आरोपी ठेके से 10 पेटियां संतरा मार्का शराब, 10 पेटियां बीयर, 22 पेटियां अंग्रेजी शराब तथा 2 मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गए थे। थाना भवानीगढ़ के एस.एच.ओ. इंस्पैक्टर रमनदीप सिंह ने बताया कि तफ्तीश के दौरान मामले में मिट्ठू सिंह निवासी साधोहेड़ी (पटियाला), मनोज कुमार उर्फ काकू निवासी पटियाला तथा कुलवंत कुमार उर्फ बंटी निवासी नाभा को नामजद किया गया था। इसके बाद पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर दिलप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी उर्फ कालू निवासी झज्जर (हरियाणा) हाल निवासी नौहरां तथा हरगोपाल उर्फ काका निवासी शेरपुर कलां (लुधियाना) की भूमिका भी सामने आई जिन्हें मामले में नामजद कर लिया गया।

# निफ्टम रोड के सामने 02 एकड़ में बनी अवैध कालोनी को डीटीपी के द्वारा किया गया ध्वस्त



**सोनीपत, 16 जून ( ब्यूरो ):** उपायुक्त नेहा सिंह के निर्देशानुसार जिला में अवैध कालोनियों के निर्माण को शुरूआती दौर में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन के द्वारा सख्त अभियान चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में मंगलवार को गांव कुण्डली की राजस्व सम्पदा में निफ्टम रोड़ के सामने 2 एकड़ में बनी अवैध कालोनी में डी.पी.सी. व निर्माणाधीन मकान बनाकर अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी, जिसको ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त मैक्स हाईट, ग्रुप हाउिसंग कालोनी, सैक्टर-62, सोनीपत में सटिल्ट पार्किंग में बने अवैध ए.जी.एम./जी.बी.एम. हॉल व ग्रीन एरिया में बने टिन सैड को भी सील किया गया। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई सोनीपत की ईन्फोर्समैंट टीम द्वारा ड्यूटि मजिस्ट्रेट वरिष्ठ प्रबंधक एचएसआईआईडीसी रोबिन भाटला व पुलिस बल की मौजूदगी में की गई।उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही शहरी क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वो भू:माफियाओं के बहकावे में आकर अवैध कालोनियों में प्लॉट/दुकाने न खरीदे।उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही तोडफोड की कार्यवाही में भविष्य में ओर अधिक सख्ती बरती जायेगी, ताकि अवैध कालोनी काटने व उसमें निर्माण करने वालों के मंसूबे पूरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि सभी अवैध कालोनियों में जन साधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाए जा चुके हैं। उन्होंने आमजन को सचेत करते हुए कहा कि भू:माफियाओं के बहकावे में आकर मेहनत की कमाई को बरर्बाद न होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। उन्होंने बताया कि अवैध कालोनी/निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए जिला नगर योजनाकार कार्यालय सोनीपत, प्रथम तल, एच.एस.वी.पी कॉम्पलैक्स, सैक्टर-15, सोनीपत में सम्पर्क करें।

# केबिनेट मंत्री अरोड़ा ने शहर की दोनों धार्मिक संस्थाओं को मसला सुलझाने की अपील की




सुनाम 16 जुन (मोहन शर्मा) स्थानक गुगा मैड़ी रोड पर स्थित अमर रैसटोरैंट में शहीद ऊधम सिंह कमबोज यादगारी कमेटी मेन द्वारा 23 नगर कौंसिल चुनाव में जीते पार्षदो को सम्मानित करने के लिए एक प्रोग्राम आयोजित किया गया इस मौके पर आम आदमी पार्टी के पंजाब अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने विशेष तौर पर शिरकत की और सभी पार्षदों को कमेटी द्वारा सम्मानि किया गया इस मौके पर कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने शहीद ऊधम सिंह कमबोज यादगारी कमेटी मेन के अध्यक्ष मंदीप सिंह जोशन और सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि सभी शहर निवासियों की मांग पर जो कमबोज भाईचारे और सीतासर धाम मंदिर कमेटी मे सरोवर को लेकर विवाद चलद्य रहा है और उस पर स्टेट्स कयु लगी हुई है उसे खत्म करने के लिए मै दोनों कमेटीयो से निवेदन करता हूं कि इस मसले का जल्द से जल्द निपटारा किया जाये उन्होंने कहा कि इस मसले को सुलझाने के लिए चाहें मुझे सभी के पैर छुने पड़े मै अपने शहर के लिए सभी भाईचारे को साथ लेकर इस मसले को सुलझाने का प्रयास करुंगा मै आप सभी शहर निवासियों को विस्वास दिलाता हूं कि मै सीतासर सरोवर की जगह के लिए 60 करोड़ रुपए की ग्रांट मंजूर कर रखीं हैं मै इस जगह को ऐसा बना दुगा कि दुसरे शहरों से लोग इस जगह को देखने के लिए आया करेंगे शहीद ऊधम सिंह जी के जन्म स्थल के साथ वाली जमीन भी वो अपने यार दोस्तों और खुद पैसे देकर शहीद उधम सिंह जी की की जन्मस्थली को और बड़ा कर यह इसे भी नये सिरे से बनवाया जायेगा ताकि हमारे शहर के जमपल शहीदे आज़म सरदार ऊधम सिंह जी के जनम स्थल को देखने के लिए भी लोग दुर दुर से आकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सके ।

# भव्य ढंग से मनाएं 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस,सभी आवश्यक प्रबंध करें पूरे : एडीसी

## योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक जन भागीदारी करें सुनिश्चित

**करनाल, 16 जून ( सुमन लता ):** ए.डी.सी डॉ. राहुल रईया ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई, पीने के पानी, सुलभ शौचालय तथा स्कूली बच्चों व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के आने-जाने के लिए बस सुविधा सुनिश्चित की जाए तथा सुरक्षा व ट्रैफिक की समुचित व्यवस्था करें। एडीसी डॉ राहुल रईया मंगलवार को जिला लघु सचिवालय के सभागार में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर प्रबंधों की समीक्षा कर रहे थे। इससे पूर्व आयुष विभाग की एसीएस सुमिता मिश्रा व आयुक्त संजीव वर्मा ने वीसी के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ योग दिवस को लेकर तैयारियों की समीक्षा की और समारोह को भव्य ढंग से मनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसीएस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एक




सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखें बल्कि इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए शैक्षणिक संस्थाओं, सामाजिक, धार्मिक व रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन से संपर्क किया जाए और उन्हें इस दिवस को मनाने के लिए प्रेरित करें और किसी न किसी स्थान पर योग अवश्य करें। वीसी के बाद एडीसी ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग की ओर से जारी आदेशों की पालना की जाए और निर्धारित संख्याबल इस कार्यक्रम में हर संभव आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया पर भी इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और निजी तौर पर भी जैसे ग्राम पंचायतों, नगर निगम, नगर पालिकाओं, स्वयं सहायता समूह व महिला बाल विकास विभाग से जुड़ी महिलाओं को भी जागरूक करें। बैठक में एसडीएम देवेंद्र शर्मा, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल, डीडीपीओ कंचनलता, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा, जिला खेल अधिकारी सत्यवीर सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# 4 अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा



**करनाल, 16 जून ( रविन्द्र मलिक ):** जिला नगर योजनाकार की टीम ने पुलिस बल की के सहयोग से घरौंडा में 4 अवैध कॉलोनियों के विरूद् तोडफ़ोड़ की कार्रवाही की गई। यह कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस की मौजूदगी में की गई। जिला नगर योजनाकार गुंजन ने बताया कि पहली अवैध कॉलोनी कैमला रोड पर गढ़ी मुल्तान के रकबे में स्थित थी, जिसका क्षेत्रफल लगभग 13 एकड़ था। यहां 4 डीपीसी, एक प्लॉट की चारदीवारी तथा कॉलोनी की चारदीवारी और कच्ची सडक़ों को ध्वस्त किया गया। दूसरी अवैध कॉलोनी डिंगर माजरा रोड पर लगभग 10.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही थी, जहां बनाई गई सभीकच्ची सडक़ों को ध्वस्त किया गया। तीसरी अवैध कॉलोनी भी डिंगर माजरा रोड पर लगभग 11 एकड़ क्षेत्र में स्थित थी। इस कॉलोनी में भी सभी कच्ची सडक़ों को ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार चौथी अवैध कॉलोनी डिंगर माजरा रोड पर लगभग 6.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही थी, जहां विभाग ने सभी कच्ची सडक़ों को नष्ट कर दिया। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माणों के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले उसकी लाइसेंस संबंधी जानकारी की जांच अवश्य करें और केवल वैध एवं लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में ही निवेश करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# तख्त श्री पटना साहिब में संग्रहालय निर्माण कार्य शुरू, प्रकाश पर्व से पहले होगा पूरा

यमुनानगर / पटना, 16 जून ( जगजीत सिंह ) =सिख इतिहास और विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए तख्त श्री हरमिंदर जी पटना साहिब में अत्याधुनिक संग्रहालय (म्यूज़ियम) के निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई है। यह संग्रहालय दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के जन्म से लेकर उनके जीवन और नांदेड़ साहिब तक की ऐतिहासिक यात्रा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित करेगा।इस महत्वाकांक्षी परियोजना का नेतृत्व राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी कर रहे हैं। उनके प्रयासों से आज परियोजना के लिए नियुक्त आर्किटेक्ट ने स्थल का दौरा कर आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार की। लक्ष्य है कि यह संग्रहालय आगामी प्रकाश पर्व से पहले तैयार कर श्रद्धालुओं को समर्पित कर दिया जाए।मंगलवार को तख्त श्री पटना साहिब परिसर में संग्रहालय स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान तख्त श्री पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत



सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, मीडिया प्रभारी सुदीप सिंह, सुमित सिंह कलसी, सुपरिटेंडेंट दलजीत सिंह, मैनेजर हरजीत सिंह तथा पपिंदर सिंह मौजूद रहे। आर्किटेक्ट जनदीप ने संग्रहालय की डिजाइन और निर्माण योजना की विस्तृत जानकारी दी।संग्रहालय स्थल का शुभारंभ पटियाला कार सेवा के प्रमुख बाबा अमरीक सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह संग्रहालय सिख इतिहास, गुरु साहिबान की शिक्षाओं और पंथ की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संग्रहालय का निर्माण निर्धारित समय के भीतर पूरा कर लिया जाएगा और प्रकाश पर्व के अवसर पर देश-विदेश से आने वाली संगतों को एक नई ऐतिहासिक धरोहर देखने को मिलेगी। यह संग्रहालय तख्त श्री पटना साहिब आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा तथा उन्हें गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन और सिख इतिहास से जुड़ी अमूल्य जानकारियां उपलब्ध कराएगा।

# नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा नानकपुरा व चुनियां फार्म में निशुल्क मेडिकल शिविर आयोजित

**पिहोवा, 16 जून ( विवेक ):** समाजसेवा और जनकल्याण के उद्देश्य से नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से गांव नानकपुरा एवं चुनियां फार्म में निशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों



को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, आवश्यक जांच तथा निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। फाउंडेशन की मेडिकल वैन के माध्यम से आयोजित शिविर में डॉ. पूर्ण मल के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए गांव नानकपुरा में 15 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उनमें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। जबकि 6 लोगों के लैब टेस्ट करवाए गए। इसी प्रकार चुनियां फार्म में 24 लोगों को दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं और 3 लोगों के लैब टेस्ट किए गए। शिविर के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी प्रदान की गई और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने की सलाह दी गई। दोनों स्थानों पर आयोजित शिविरों में कुल मिलाकर लगभग 50 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। सांसद कार्यालय के प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि 17 जून को सांसद कार्यालय, जिंदल हाउस, मोहन नगर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में पात्र दिव्यांग व्यक्तियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए उनका रजिस्ट्रेशन किया जाएगा तथा साइज इत्यादि लिए जाएंगे। जिससे कि वे अपने दैनिक जीवन को अधिक सुगमता से संचालित कर सकें। उन्होंने ग्रामीणों को नवीन जिंदल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। पात्र विद्यार्थी योजना का लाभ लेकर अपनी उच्च शिक्षा के सपनों को साकार कर सकते हैं।ग्रामीणों ने नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

# ओसीटी गाइडेड एंजियोप्लास्टी से हार्ट अटैक मरीज को मिली नई जिंदगी, विर्क हॉस्पिटल में सफल उपचार

## मरीजों को समय पर जांच और उपचार मिलने से गंभीर हृदय रोगों से होने वाले जोखिम को किया जा सकता है काफी हद तक कम : डॉ. सूरज सिंह

**करनाल, 16 जून ( संदीप रोहिला ):** विर्क हॉस्पिटल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सूरज सिंह एवं उनकी टीम ने अत्याधुनिक ओसीटी (ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी) गाइडेड कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कर एक 52 वर्षीय हार्ट अटैक मरीज का सफल उपचार किया। मरीज को सीने में दर्द और हार्ट अटैक के लक्षणों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच के दौरान डॉ. सूरज सिंह की देखरेख में कोरोनरी एंजियोग्राफी की गई, जिसमें मरीज की लेफ्ट मेन कोरोनरी आर्टरी (एलएमसीए) में गंभीर ब्लॉकेज तथा ट्रिपल वेसल डिजीज (टीवीडी) पाई गई।




चिकित्सकों द्वारा मरीज को बाईपास सर्जरी की सलाह दी गई, लेकिन मरीज ने सर्जरी कराने से इनकार करते हुए स्टेंटिंग का विकल्प चुना। इसके बाद डॉ. सूरज सिंह ने अत्याधुनिक ओसीटी गाइडेड एंजियोप्लास्टी तकनीक का उपयोग करते हुए लेफ्ट मेन कोरोनरी आर्टरी (एलएमसीए) से एलएडी तक की अवरुद्ध धमनी को सफलतापूर्वक खोलकर स्टेंट प्रत्यारोपित किया। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार देखा गया। डॉ. सूरज सिंह ने बताया कि ओसीटी तकनीक हृदय की धमनियों की उच्च गुणवत्ता वाली इमेजिंग प्रदान करती है, जिससे कैल्शियम जमा होने, फाइब्रस टिश्यू, रक्त के थक्कों और प्लाक की सटीक पहचान की जा सकती है। इस तकनीक की मदद से स्टेंट का सही आकार चुनने, उचित स्थान पर लगाने और उसके बेहतर विस्तार को सुनिश्चित करने में सहायता मिलती है, जिससे उपचार के परिणाम और अधिक प्रभावी होते हैं। उन्होंने कहा कि अब करनाल और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को ओसीटी गाइडेड एंजियोप्लास्टी जैसी उन्नत हृदय उपचार सुविधाओं के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। विर्क हॉस्पिटल में यह अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध होने से क्षेत्र के हृदय रोगियों को बेहतर और आधुनिक उपचार स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा। इस अवसर पर विर्क हॉस्पिटल कार्डियोलॉजी विभाग के निदेशक एवं सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सूरज सिंह ने कहा कि मरीजों को समय पर जांच और उपचार मिलने से गंभीर हृदय रोगों से होने वाले जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# मानसून से पहले प्रशासन अलर्ट, बाढ़ से निपटने की तैयारियों की नरवाना एस डी एम ने की गहन समीक्षा

## जन-धन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, सभी विभागों को समय रहते तैयारियां पूरी करने के निर्देश

**नरवाना, 16 जून ( नरेन्द्र कुमार ):** आगामी मानसून सत्र को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। संभावित बाढ़ और जलभराव जैसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय में एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ बचाव और राहत कार्यों को लेकर विभागवार तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।एसडीएम जगदीश चंद्र ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मानसून शुरू होने से पहले सभी आवश्यक प्रबंध हर हाल में पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आमजन की सुरक्षा और जन-धन के नुकसान को रोकना है, जिसके लिए सभी विभागों का बेहतर समन्वय बेहद जरूरी है।बैठक में सिंचाई विभाग को नालों, ड्रेनों और जल निकासी मार्गों की तत्काल सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति पैदा न हो। साथ ही बाढ़ संभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों की




पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने को कहा गया।बिजली विभाग को ट्रांसफार्मरों, बिजली लाइनों और खंभों की समय पर जांच करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष टीमें तैयार रखने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने कहा कि बारिश के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।जनस्वास्थ्य विभाग को पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने, जल स्रोतों की नियमित जांच, क्लोरीनेशन और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। वहीं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने तथा गांवों में साफ-सफाई अभियान को और मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। एसडीएम ने एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों की मरम्मत, जलभराव वाले स्थानों की पहचान और आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य मार्गों पर पानी जमा होने से यातायात बाधित होता है इसलिए इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए।बैठक के दौरान एसडीएम जगदीश चंद्र ने सभी विभागों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करने और नियमित क्षेत्रीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की सूचना तुरंत प्रशासन तक पहुंचाई जाए ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने अधिकारियों से मानसून शुरू होने से पहले सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने का आह्वान किया।बैठक में नायब तहसीलदार रणबीर सिंह, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता सौरभ गर्ग, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता जोगिंद्र कौशिक, एसडीओ दीपक नैन, जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ कुलदीप कोहाड़, बीडीपीओ तरुण सुथार, नगर परिषद सचिव संदीप कुमार, लोक निर्माण विभाग के जेई रामनिवास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रायपुररानी में योगाभ्यास सत्र, स्वास्थ्य जागरूकता को मिला बढ़ावा

**रायपुररानी, 16 जून ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में योग फॉर



हेल्दी एजिंग विषय पर एक जागरूकता एवं योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। योग सत्र का आयोजन प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव गोयल के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें योग सहायक बलबीर सैनी ने प्रतिभागियों को सरल योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में लगभग 25 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नियमित योग के महत्व को समझा। इस अवसर पर आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिल्पा चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है और मानसिक तनाव में कमी आती है। उन्होंने कहा कि बढ़ती आयु में भी योग स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन बनाए रखने का एक सरल एवं प्रभावी माध्यम है। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने तथा दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने योग को नियमित रूप से अपनाने का दृढ़ संकल्प लिया।

# गांव वालों ने दबोचे 2 नशा सप्लायर

मोहाली 16 जून (निस) पंजाब का युवा वर्ग नशे की दलदल में फंसता ही जा रहा है। इसी बीच मोहाली में नशे की होम डिलीवरी का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार मोहाली के गांव झंझेड़ी में लोगों ने 2 युवकों को दबोच लिया जोकि नशे की सप्लाई देने आए थे। बताया जा रहा है कि, युवकों को फोन पर नशे का ऑर्डर मिला था। जानकारी के मुताबिक, जैसे ही गांव वालों को इसकी सूचना मिली तो तो उन्होंने दोनों युवकों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि पकड़े गए दोनों युवक मुक्तसर के रहने वाले हैं। इसी गांव में रहने वाले एक व्यक्ति अमित खान ने बताया कि, दोनों युवक पिछले 2 सालों से नशे की सप्लाई कर रहे थे। जब उन्हें इसकी सूचना मिली तो उन्होंने इन्हें पकड़ने की योजना बना ली थी।

CHARDIKLA TIME TV
24X7 INFOTAINMENT CHANNEL
SCAN TO DOWNLOAD OUR APP
SCAN TO WATCH LIVE
Available FREE! at following Platforms
TATA PLAY CH. NO. 1945
DD Free Dish CH. NO. 340
VIDEOCON d2h Digital DTH Service CH. NO. 779
airtel digital TV CH. NO. 557
dishtv CH. NO. 1152
in digital CH. NO. 581
Jio TV
Available Worldwide on
in USA sling TELEVISION
dish CH. NO. 748-008
amazon fireTV
YouTube
TikTok
Roku TV
eBaba Ent
SMART STB
TANGO TV
FREE TV
MOBI FREE TV
EKOM FLIX
CHARDIKLA MEDIA NETWORK
Also available on Social Media @
/Chardikla Time TV
/CK Time TV North America
/Chardikla Time TV Live
ceo@cktimetv.com
www.timetv.news
www.cktimetv.com